य एषु सुप्तेषु जागर्ति

वर्ष : 19 | अंक : 294 | पृष्ठ 12 | ₹5.00

patrika.com /rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika

दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# राजस्थान पत्रिका

नई दिल्ली, शनिवार, 18 मई, 2024 | वैशाख शुक्ल पक्ष दशमी-एकादशी, संवत् 2081



रोनाल्डो सर्वाधिक कमाई करने वाले एथलीट, 12 महीने में कमाए ₹2167 करोड़
@स्पोर्ट्स&गेमिंग



मानवाधिकारों पर भारत को ज्ञान देने से पहले खुद अपनी सुध ले अमरीका
@इंडिया&वर्ल्ड



1971 की जांबाजी देखनी हो तो जैसलमेर से 10 किमी दूर वॉर म्यूजियम आएं
@राजस्थान

**जन-गण-मन यात्रा**

## गुलाब कोठारी आज से महाराष्ट्र के प्रवास पर



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी जन-गण-मन यात्रा के तहत 18 व 19 मई को महाराष्ट्र के प्रवास पर रहेंगे। उत्तरप्रदेश के बाद सबसे अधिक लोकसभा सीटों वाले प्रदेश महाराष्ट्र में शेष सीटों पर बीस मई को पांचवे व अंतिम चरण का मतदान होगा। कोठारी शनिवार को मुम्बई पहुंच लोकसभा चुनावों में जनमानस टटोलने के साथ महाराष्ट्र के जनप्रतिनिधियों व राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से भी संवाद करेंगे।

कोठारी ने लोकसभा चुनावों में दक्षिण भारत के तेलंगाना व केरल से जन-गण-मन यात्रा की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश का प्रवास कर इन राज्यों के चुनावी माहौल, मुद्दों व जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्रियों, राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से संवाद भी किया।

**मुश्किलें बढ़ीं :** केजरीवाल और हवाला ऑपरेटर का चैट मिलने का दावा

# पहली बार सीएम के साथ राष्ट्रीय दल को ईडी ने बनाया घोटाले का आरोपी

**आम चुनाव** के छठे चरण में दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के लिए 25 मई को होने वाले मतदान से ठीक नौ दिन पहले शुक्रवार को आम आदमी पार्टी की मुश्किलें बढ़ गईं। एक तरफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीएम अरविंद केजरीवाल और आप को पहली बार आरोपी बनाया तो दूसरी तरफ आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में आरोपी के पक्ष में पार्टी के खुलकर आने से अंदरूनी कलह सामने आ गई। उधर, सुप्रीम कोर्ट में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के अंतिम समय में ईडी ने बड़ा सबूत मिलने का दावा करते हुए कहा कि केजरीवाल और हवाला ऑपरेटर के बीच का चैट मिल गया है। सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई पूरी हो गई।

## ईडी ने दायर किया सातवां पूरक आरोपपत्र

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समाप्त हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शुक्रवार को दायर अपने आठवें पूरक आरोप पत्र में 21 मार्च को गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को पहली बार आरोपी बनाया। देश में पहली बार ही ईडी ने आरोप पत्र में किसी राजनीतिक दल को आरोपी बनाया है। केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सप्ताह ही चुनाव प्रचार के लिए 21 दिन की जमानत पर रिहा किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने पहले कहा था कि केजरीवाल आबकारी नीति बनाने में सीधे तौर पर शामिल थे, जिसे साउथ ग्रुप नामक कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए तैयार किया गया था।

**सबूत छिपाकर क्यों रखा: सिंघवी :** जब ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल के खिलाफ सबूत होने का दावा किया तो उनके वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह कोर्ट के लिए है या मीडिया के लिए।



**अमृतसर.** भगवान श्री वाल्मीकि तीर्थ स्थल पर शुक्रवार को पूजा-अर्चना करते अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान।

**पत्रिका एक्सप्लेन**

### क्या पार्टी पर चल सकता है मुकदमा

■ ईडी ने इस मामले में पीएमएलए की धारा 70 के तहत कार्रवाई की है जो कंपनियों के अपराध से संबंधित है। जांच एजेंसी ने कहा कि धारा 70 उसे पीएमएलए के तहत एक राजनीतिक दल पर मामला दर्ज करने का अधिकार देती है। शेष@पेज04

**मारपीट मामला | पुलिस ने घटना का सीन रिक्रिएट किया**

## भाजपा के षड्यंत्र का मोहरा बनीं मालीवाल : आप

**नई दिल्ली@पत्रिका.** स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में आप की कलह खुलकर सामने आ गई। मालीवाल की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार पर लगाए गए आरोपों को झूठा करार देते हुए आप ने कहा कि भाजपा ने मालीवाल को साजिश का मोहरा बनाया है। मालीवाल ने इस पर कहा कि एक गुंडे को बचाने के लिए पूरी पार्टी ने मेरे चरित्र पर सवाल उठाए। शेष@पेज04



सीएम हाउस से निकलती मालीवाल।

### यह गुंडा अब पार्टी को धमका रहा

**मालीवाल** ने कहा कि पार्टी में कल के नेताओं ने 20 साल पुरानी कार्यकर्ता को भाजपा का एजेंट बता दिया। दो दिन पहले पार्टी ने सच कबूल लिया था और आज यू-टर्न ले लिया। उन्होंने बिभव पर कहा- ये गुंडा पार्टी को धमका रहा है कि मैं अरेस्ट हुआ तो सारे राज खोलूंगा।

**जनादेश 2024 :** मोदी ने आरक्षण पर विपक्ष को घेरा

# 'कांग्रेस-सपा सत्ता में आईं तो राम मंदिर पर चलवा देंगी बुलडोजर'





**बाराबंकी.** चुनावी सभा में त्रिशूल लेकर अभिवादन करते मोदी।

**बाराबंकी (उत्तर प्रदेश).** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर कांग्रेस आई तो राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदल देगी। कांग्रेस व सपा राम मंदिर पर बुलडोजर चलवा देंगी। प्रधानमंत्री ने विपक्ष को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें योगी से ट्यूशन लेना चाहिए कि कहां बुलडोजर चलाना है और कहां नहीं।

बाराबंकी में चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि आपके एक वोट की ताकत ने 500 साल के इंतजार को खत्म कर भव्य राम मंदिर में श्रीरामलला को विराजमान कराया। शेष@पेज04

### समाजवादी शहजादे का दिल टूटा...

मोदी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता ने कह दिया कि रायबरेली के लोग प्रधानमंत्री चुनेंगे। यह सुनते ही समाजवादी शहजादे का दिल टूट गया, बस आंसू नहीं निकले, पर दिल के सारे अरमां बह गए।

## मेरा सब कुछ आपका, बेटा सौंप रही हूं: सोनिया



रायबरेली में सोनिया गांधी की भावुक अपील

लोगों को संबोधित करतीं सोनिया गांधी। साथ में राहुल।

**रायबरेली.** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली की जनता से भावुक अपील की और कहा कि वह उन्हें अपना बेटा सौंप रही हैं। राहुल आपको निराश नहीं करेंगे। एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सोनिया ने कहा कि मैंने राहुल और प्रियंका को वही शिक्षा दी है जो इंदिरा जी ने और रायबरेली की जनता ने मुझे दी। सबका आदर करो। कमजोर की रक्षा करो। अन्याय के खिलाफ जनता के अधिकार के लिए जिससे भी लड़ना पड़े, लड़ जाओ। डरना मत क्योंकि संघर्ष की तुम्हारे जड़ें बहुत मजबूत हैं। शेष@पेज04

### हाथ बांधे खड़े रहे राहुल

सोनिया मंच पर तब पहुंचीं जब राहुल का भाषण चल रहा था। राहुल के भाषण के बाद सोनिया गांधी जब डायस पर पहुंचीं तो उनके बगल में राहुल गांधी किसी छात्र की तरह हाथ बांध कर खड़े रहे। राहुल के बगल में ही प्रियंका खड़ी रहीं।

## न्यूज विंडो

### ■ नेपाल में भारतीय मसालों पर बैन

**काठमांडू@ पत्रिका.** नेपाल ने दो भारतीय ब्रांड्स के चार मसालों की गुणवत्ता पर सवाल उठने के बाद उन पर अस्थायी बैन लगा दिया है। खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग की महानिदेशक ने बताया कि इन मसालों का आयात रोकने के लिए एजेंसियों को पत्र भेजा गया है।

## झरोखा





**सुप्रीम कोर्ट :** निजी स्वतंत्रता पर दो अहम फैसले

## 'नागरिक आजादी के लिए प्रत्येक दिन अहम, जल्दी फैसला जरूरी'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी नागरिक की आजादी के संबंध में एक-एक दिन अहम है। ऐसे में अदालतों को जमानत याचिकाओं पर जल्द फैसले करने चाहिए। कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाले में आरोपी अमनदीप सिंह ढल्ल की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। याचिका में कहा गया कि दिल्ली हाईकोर्ट कई महीनों से ढल्ल की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहा है, लेकिन अब तक फैसला नहीं किया गया। जस्टिस बी.आर. गवाई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने हाईकोर्ट को जमानत याचिका पर जल्द फैसला करने के निर्देश दिए।

याचिका में कहा कि याचिकाकर्ता की नियमित जमानत पर हाईकोर्ट 40 मौकों पर सुनवाई कर चुका है। अब मामले को 8 जुलाई तक स्थगित कर दिया है। पीठ ने कहा कि 40 सुनवाई के बाद भी आप जमानत पर फैसला नहीं कर पा रहे हैं। जो मामले नागरिकों की आजादी से जुड़े हैं, उनमें एक-एक दिन मायने रखता है। इससे याचिकाकर्ता की आजादी का हनन हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट से कहा कि जमानत याचिका पर गर्मियों की छुट्टियों से पहले फैसला करे। हाईकोर्ट में 3 जून से गर्मियों की छुट्टियां शुरू हो जाएंगी।

### बोलने से रोकने के आदेश पर लगी रोक

**सुप्रीम कोर्ट** ने विवेकानंद हत्याकांड के मामले में आंध्र प्रदेश सरकार और सीएम जगन रेड्डी के खिलाफ टिप्पणी पर जिला अदालत की रोक के आदेश पर रोक लगा दी। हत्याकांड को लेकर जिला अदालत ने आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वाई.एस. शर्मिला व अन्य को बोलने से रोकने का आदेश दिया था। शर्मिला ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। पीठ ने कहा कि शर्मिला को सुने बिना आदेश पारित कर दिया, जिससे उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगा। ऐसे मामलों के परिणाम गंभीर होंगे।

**हादसा :** एयरपोर्ट से उड़ते ही बजा फायर अलार्म, विमान में सवार थे 175 यात्री

## विमान में लगी आग, इमरजेंसी लैंडिंग कराई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** नई दिल्ली से बेंगलूरु जा रहे एयर इंडिया के विमान में उड़ान के दौरान आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। विमान को दोबारा सुरक्षित दिल्ली एयरपोर्ट पर उतार लिया गया। बताया जाता है कि विमान में बिजली आपूर्ति करने वाली यूनिट के तारों आग लगी थी। विमान के उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही फायर अलार्म बजने लगा। पायलटों ने एटीसी से संपर्क कर इमरजेंसी लैंडिंग की इजाजत मांगी। इस दौरान एयरपोर्ट पर इमरजेंसी घोषित कर दी गई। विमान में 175 यात्री सवार थे।

### रनवे पर टकराया विमान

**मुंबई.** पुणे एयरपोर्ट के रनवे पर एयर इंडिया का विमान टग ट्रैक्टर से टकरा गया। दिल्ली जा रहे विमान के सभी 180 यात्री सुरक्षित हैं। इसके बाद उड़ान रद्द कर किराया लौटा दिया। अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन वाले यात्रियों को अन्य वाहनों से दिल्ली भेजा गया।

## मौसम कूल : चेन्नई में झमाझम बारिश ने दी गर्मी से राहत



**चेन्नई** के कई इलाकों में शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी। न्यू आवड़ी रोड पर बारिश के बीच गुजरते वाहन चालक। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी बारिश का दौर जारी रहेगा।

**चारधाम यात्रा :** श्रद्धालुओं की मेडिकल जांच पर जोर

## वीआइपी दर्शन पर 31 तक रोक, 19 मई तक रजिस्ट्रेशन भी नहीं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**देहरादून.** चारधाम यात्रा के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए वीआइपी दर्शनों पर 31 मई तक रोक लगा दी गई है। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन पर रोक भी 19 मई तक बढ़ा दी गई। चारधाम यात्रा के लिए अब तक 27,92,679 श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। धामों में क्षमता से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचने से परेशानियां हो रही हैं। श्रद्धालुओं से अपील की जा रही है कि जिस तारीख का रजिस्ट्रेशन है, उसी दिन यात्रा पर निकलें। वे पहले आते हैं तो वापस भेज दिया जाएगा।

बिना स्वास्थ्य जांच तीर्थयात्रा का मामला सामने आने के बाद उत्तराखंड सरकार ने तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य की जांच कराकर यात्रा पर आने की अपील की है। स्वास्थ्य जांच न कराने के कारण तीर्थस्थलों पर लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। तीर्थयात्री स्क्रीनिंग के दौरान मेडिकल हिस्ट्री छिपा रहे हैं। इससे यात्रा के दौरान उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। हरिद्वार से चारधाम तक 21 स्थानों पर यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि सांस और दिल की समस्या वाले यात्रा नहीं करें। शेष@पेज04

### मंदिर परिसर के करीब रील की इजाजत नहीं

**इस** बार चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं को मोबाइल फोन मंदिर में ले जाने की अनुमति नहीं है। मंदिर परिसर से 200 मीटर के घेरे में कोई श्रद्धालु, ब्लॉगर या यूट्यूबर रील नहीं बना सकेगा। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। रील बनाकर भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है।



'शरीर ही ब्रह्माण्ड' में आज सोम ही जीवनी शक्ति
पढ़ें@पत्रिकायन

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**दिल्ली**

### भाऊ का एक गुर्गा ढेर, दूसरा गिरफ्तार

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** दिल्ली में पुलिस के साथ मुठभेड़ में गैंगस्टर हिमांशु भाऊ का गुर्गा अजय उर्फ गोली मारा गया, जबकि दूसरे गुर्गे अभिषेक उर्फ चूरन को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों कई मामलों में वांछित थे। हरियाणा का हिमांशु पुर्तगाल से गैंग चला रहा है।



**सुप्रीम कोर्ट**

### हेमंत सोरेन को जमानत पर फैसला नहीं

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को अंतरिम जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को कोई फैसला नहीं हुआ। सोरेन की याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ईडी से 20 मई तक जवाब मांगा। अगली सुनवाई 21 मई को होगी।

**सुप्रीम कोर्ट**

### 'सीए की ऑडिट संख्या तय करना सही'

**नई दिल्ली@पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएआइ) के उस नियम को सही ठहराया है जिसमें सीए के लिए सालाना ऑडिट संख्या तय कर दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि यह आदेश पेशे की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं है।

**खुलकर सैर-सपाटा | साल के पहले तीन महीने में ही 9.7 करोड़ पहुंचे एयरपोर्ट**

# भारतीयों की देश-विदेश की यात्राओं के ग्राफ में भारी उछाल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारतीय पहले से ज्यादा हवाई यात्रा कर रहे हैं। मास्टरकार्ड इकोनॉमिक्स इंस्टीट्यूट (एमइआई) की 'यात्रा रुझान 2024 : सीमाओं से परे' रिपोर्ट के मुताबिक इस साल के पहले 3 माह में 9.7 करोड़ यात्रियों ने भारतीय हवाई अड्डों से यात्रा की। दस साल पहले इस आंकड़े तक पहुंचने में पूरा साल लग गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में हवाई मार्गों की क्षमता बढ़ने से भारतीय अंतरराष्ट्रीय यात्रा ज्यादा कर रहे हैं। घरेलू हवाई यात्री यातायात 2019 के स्तर से 21% बढ़ गया, जबकि अंतरराष्ट्रीय यात्रा में 4% की बढ़ोतरी हुई। मास्टरकार्ड के मुख्य अर्थशास्त्री (एशिया प्रशांत) डेविड मान ने बताया कि 2019 में करीब 27 लाख भारतीय सैलानी विदेश घूमने गए थे, जबकि इस साल के शुरुआती 3 माह में ही यह आंकड़ा 2.03 करोड़ रहा। देश की 65% आबादी 35 साल से कम उम्र की है। युवा खूब सैर-सपाटा कर रहे हैं।

घरेलू सफर में 2019 के मुकाबले **21%** और इंटरनेशनल में **4%** बढ़ोतरी



### एशियाई देशों में वियतनाम सबसे पसंदीदा

**रिपोर्ट** के मुताबिक पूर्वी एशियाई देश वियतनाम भारतीयों के पसंदीदा इंटरनेशनल डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। वियतनाम जाने वाले भारतीयों की संख्या में 2019 के मुकाबले 2024 में 248 फीसदी की भारी बढ़ोतरी हुई है। भारतीयों में वियतनाम की लोकप्रियता के कई कारण हैं। भारत और वियतनाम के बीच कई सीधी फ्लाइट्स हैं। वियतनाम में खाना-पीना सस्ता है। वहां कई पर्यटन स्थल हैं।

### अमरीका और जापान जाने वाले भी बढ़े

**वियतनाम** के बाद भारतीय अमरीका व जापान में भी सैर-सपाटा ज्यादा कर रहे हैं। इन देशों की यात्रा में वृद्धि दर क्रमश: 59% और 53% है। अमरीकी डॉलर महंगा होने के बावजूद भारतीय वहां जा रहे हैं। उड़ानों के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया कि इस साल गर्मियों में भारतीय एम्स्टर्डम, सिंगापुर, लंदन, फ्रैंकफर्ट और मेलबर्न भी जा रहे हैं।

**रेगिस्तान में जलधारा :** रडार सैटेलाइट इमेजरी से वैज्ञानिकों को मिली कामयाबी

# हजारों साल पहले मिस्र के पिरामिडों के पास बहने वाली नील नदी की शाखा की खोज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लंदन.** वैज्ञानिकों को मिस्र के गीजा पिरामिड के पास नील नदी की दबी हुई शाखा मिली है। सदियों पहले नील नदी यहां से होकर गुजरती थी। इसकी शाखा रेगिस्तान और खेत के नीचे दबी हुई थी। वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे पता चलता है कि 3,700 से 4,700 साल पहले पिरामिडों को विशेष श्रृंखला में क्यों बनाया गया था। तब नदी के कारण यह हरा-भरा इलाका था। यहां 31 पिरामिड श्रृंखला में बनाए गए थे। शेष@पेज04



### सूखे ने रेत में दबाया

**शोधकर्ताओं** के मुताबिक हो सकता है इस क्षेत्र में 4,200 साल पहले भयंकर सूखे के कारण नदी का यह हिस्सा सूख गया और रेत के नीचे दब गया।

### गीजा के पिरामिड सात अजूबों में एक

**प्राचीन** मिस्र की राजधानी मेमफिस के पास की पट्टी में गीजा के पिरामिड दुनिया के 7 अजूबों में एक है। यहां खफरे, चेप्स और मायकेरिनोस पिरामिड भी हैं। पुरातत्त्वविदों का मानना था कि पिरामिडों के पास जलमार्ग रहा होगा, जिसका इस्तेमाल मिस्रवासी निर्माण सामग्री के परिवहन के लिए करते होंगे।

शी न्यूज़ SHE NEWS

## अच्छे रिश्ते के लिए कपल ले रहे हैं स्लीप डिवोर्स



डिवोर्स का नाम सुनते ही रिश्ता टूटने की बात आती है, लेकिन यह डिवोर्स रिश्ता टूटने से बचाने के लिए लिया जा रहा है। नींद में किसी तरह का खलल न पड़े, इसके लिए कपल्स स्लीप डिवोर्स ले रहे हैं। एक अमरीकी वेबसाइट के अनुसार वहां हर तीसरा कपल स्लीप डिवोर्स ले रहा है। वहीं भारत में मेट्रो सिटीज में भी कपल्स में स्लीप डिवोर्स लेने का चलन बढ़ने लगा है।

साइकोलॉजिस्ट कहते हैं कि बेहतर नींद के अभाव में कई कपल मानसिक रूप से परेशान होते हैं। जिन्हें स्लीप डिवोर्स लेने की सलाह दी जाती है। यह स्लीप डिवोर्स लॉन्ग टर्म या फिर कुछ समय के लिए हो सकता है।

### क्या है स्लीप डिवोर्स

**कई** बार देखा जाता है कि एक पार्टनर की नींद दूसरे पार्टनर की कुछ आदतों के कारण खराब होती है। जिनमें एक पार्टनर के खर्राटे लेने, एसी का तापमान, देर तक जागने, नाइट शिफ्ट वर्किंग या फिर कोई बीमारी आदि कारण हो सकते हैं। इसके चलते कई बार कपल्स के बीच झगड़े तक हो जाते हैं। इस स्थिति से बचने के लिए उन्हें स्लीप डिवोर्स की सलाह दी जाती हैं। स्लीप डिवोर्स उस स्थिति को कहते है, जिसमें कपल्स अपनी सुविधा के अनुसार अलग-अलग सोते हैं। अपनी नींद को बेहतर बनाने के लिए इस प्रक्रिया को अपनाते हैं।

### जीवनशैली में आता है सुधार

**डॉक्टर्स** का मानना है कि आजकल कपल्स इतने समझदार है कि वे अपनी मर्जी से स्लीप डिवोर्स को अपना रहे हैं। इससे उनकी जीवनशैली के साथ-साथ नींद की क्वालिटी में भी सुधार होता है। साथ ही उन्हें पर्सनल स्पेस भी मिल जाता है। हालांकि इसमें कपल्स को पहले आपस में बात करनी चाहिए और आपसी रजामंदी से स्लीप डिवोर्स को अपनाना चाहिए।



मनोचिकित्सक ***डॉ. सत्यकांत त्रिवेदी*** का कहना है कि नींद पूरी नहीं होने के कारण तनाव व चिड़चिड़ापन होता है। जिसका असर कपल्स के रिश्तों पर भी पड़ता है। ऐसे में देश में कपल्स स्लीप डिवोर्स को अपना रहे हैं। दोनों पार्टनर के वर्किंग ऑवर और नींद पैटर्न अलग-अलग है तो उन्हें एक साथ काफी परेशानी होती है। ऐसे में उन्हें स्लीप डिवोर्स लेने की सलाह दी जाती है।

कुकिंग टिप्स

## ताकि गर्मी में खाना न हो खराब



गर्मियों में भोजन जल्दी खराब हो जाता है। कई बार खाना ज्यादा बन जाता है या फिर किसी लापरवाही के कारण खाना खराब हो जाता है। ऐसे में महिलाओं को काफी परेशानी होती हैं। ***इससे बचने के लिए फूड ब्लॉगर शोभा दुबे बता रही हैं कुछ जरूरी टिप्स...***

- सब्जी जल्दी खराब न हो इसके लिए उन्हें पहले अच्छी तरह से फ्राई करें, फिर उसमें तड़का लगाएं।
- गर्मी में दही खट्टा न हो, इसके लिए दूध जमाते समय छाछ डालने पर उसे हिलाना नहीं चाहिए।
- प्याज, टमाटर, लहसुन और हरी मिर्च की ग्रैवी को खराब होने से बचाने के लिए डबल फ्राई करें। इससे ग्रैवी का स्वाद भी बढ़ जाएगा और खराब भी नहीं होगी।
- खाने में ज्यादा गरम मसालों का उपयोग नहीं करें।
- खाना फ्रिज में रखने से पहले उसे ठंडा होने दें। अन्यथा वह खराब हो जाएगा।

ट्रेंड में

### सेहत के लिए बिना चप्पल आए ऑफिस

अच्छी सेहतके लिए लोग पार्कों आदि में नंगे पैर चलते हैं।



अब बिना चप्पल के लोग ऑफिस और होटल्स में भी पहुंच रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के लोगों में बिना जूते- चप्पल ऑफिस और होटल्स जाने का ट्रेंड चल रहा है। सोशल मीडिया पर @CensoredMen अकाउंट से शेयर किए गए एक वीडियो में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के लोगों को बगैर चप्पल-जूतों के सड़कों पर घूमते हुए दिखाया गया हैं। लोगों का मानना हैं कि नंगे पैर रहने से पैरों के सेंसरी नर्वस एक्टिव होते हैं और बॉडी ज्यादा अवेयर होती है। हालांकि नंगे पैर रहने से न केवल पैर मजबूत होते हैं बल्कि मेंटल हेल्थ में भी सुधार आता है।

वायरल वीडियो

### कुमार विश्वास ने की तारीफ



आज हर कोई फेमस होना चाहता है और सोशल मीडिया इसके लिए एक प्लेटफॉर्म का काम कर रहा है। इसी प्लेटफॉर्म के जरिए अपना टेंलेंट दिखा 12 साल की बिन्नू रानी लोगों की चहेती बन गयी है। मध्य प्रदेश के छतरपुर के पहाड़ गांव की बिन्नू ने कम समय में ही हजारों फॉलोअर्स की लाइन खड़ी कर ली है। बिन्नू ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह गार्डन में पानी दे रही हैं। इस वीडियो की कुमार विश्वास ने तारीफ की है। बिन्नू की उसी के अंदाज में तारीफ करते हुए कुमार विश्वास ने लिखा कि तुमते कै रएँ। काऊ ते कइया ना, बिन्नू रॉक्स। इसका मतलब है तुमसे कह रहे हैं, किसी को कहना मत, बिन्नू रॉक्स।

रेसिपी

### पटेटो चिल्ली टिक्का



***सामग्री-*** पटेटो स्लाइस- एक कटोरी, टमाटर व मिर्च स्लाइस- एक कटोरी, दही- 1/2 कप, 1/4 कप- बेसन, कॉर्नफ्लोर- 1 चम्मच, तेल- आवश्यकतानुसार, नमक, लाल मिर्च, कस्तुरी मेथी और हिंग और जीरा पाउडर- स्वादानुसार

***ऐसे बनाएं-*** सबसे पहले पटेटो स्लाइस को एक बाउल में डालकर, उसमें बेसन और दही मिलाएं। इसमें सभी मसाले और कस्तुरी मेथी डालें। अब इसमें कॉर्नफ्लोर डालकर अच्छी तरह से मिला लीजिए। इसके बाद इसे 15-20 मिनट के लिए फ्रिज में रखें। अब एक पेन में थोड़ा सा तेल डालें और इसमें पटेटो, टमाटर और मिर्च स्लाइस डालकर थोड़ा-थोड़ा तेल डालते हुए दोनों तरफ से कुरकुरा होने तक तलें। इसे एक प्लेट में निकाल कर इस पर जीरा पाउडर और नींबू का रस डालकर सर्व करें।



नेहा अग्रवाल

पत्रिका शी न्यूज़

*कार्यक्षेत्र में महिलाओं की पसंद-नापसंद को कितनी अहमियत दी जाती है। इस पर अपने विचार 9057531584 पर हमें वॉट्सऐप के जरिए भेजें।*

हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews

स्वाति मालीवाल मामले में वित्त मंत्री सीतारमण ने प्रेस वार्ता में कहा...

# केजरीवाल कैसे प्रदान करेंगे आम महिलाओं को सुरक्षा : भाजपा

### सीतारमण का सवाल- क्यों बयान देने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे केजरीवाल

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com




प्रेस वार्ता को संबोधित करतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

**नई दिल्ली.** दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में कथित तौर पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट की घटना के मामले में भाजपा हमलावर है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहायक विभव पर एफआइआर दर्ज होने के बाद भाजपा ने निशाना साधा है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि आम आदमी पार्टी की महिला सदस्य व राज्यसभा सांसद के साथ मुख्यमंत्री की मौजूदगी में उनके आवास पर मारपीट हुई, लेकिन अरविंद केजरीवाल इस मुद्दे पर बयान देने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने घटना के दूसरे दिन कहा था कि विभव कुमार पर कार्रवाई की जाएगी, लेकिन कार्रवाई के बजाय स्वयं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विभव कुमार के साथ लखनऊ में घूमते नजर आए। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि स्वयं अपनी महिला राज्यसभा सांसद के साथ दुर्व्यवहार करने वाले अरविंद केजरीवाल आखिर आम महिलाओं को सुरक्षा कैसे प्रदान कर सकते हैं?

निर्मला सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेता सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी, अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने वाले आम आदमी पार्टी के नई दिल्ली से प्रत्याशी सोमनाथ भारती के लिए मतदान करने वाले हैं। आम आदमी पार्टी से हर नेता को सुरक्षाकर्मी और निजी सहायकों से अपमानित व मारपीट करके पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाता है। सोमनाथ भारती ने 2018 में एक पत्रकार के साथ भी मारपीट की थी। ओखला के विधायक अमानतुल्लाह खान पर 2016 में जामिया नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज है। पंजाब में जब एक यूट्यूबर ने महिला के खिलाफ हो रहे गलत कार्य को यूट्यूब पर डाला, तो गलत काम करने वाले लोगों के बजाय, उसी यूट्यूबर पर कार्रवाई की गई।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली से एक भी महिला प्रत्याशी को मौका नहीं दिया, लेकिन भाजपा ने 2 महिलाओं को अपना लोकसभा प्रत्याशी बनाया है।

**अस्पतालों में किडनी प्रत्यारोपण ठप :** प्राचार्य बदल दिया, नहीं बनाया पदनाम के साथ चेयरमैन, वास्तविक मरीजों की एनओसी भी अटकी

# एक महीने से 13 जिंदगी दांव पर

# ट्रांसप्लांट के लिए भटक रहे मरीज

### प्राइवेट अस्पतालों के लाइसेंस निलंबित, सुपर स्पेशलिटी में भी संकट

विकास जैन
patrika.com

**जयपुर/नई दिल्ली** अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओसी जारी करने के रैकेट का खुलासा होने के बाद जयपुर शहर में सवाईमानसिंह मेडिकल कॉलेज से संबद्ध सुपर स्पेशलिटी अस्पताल सहित अधिकांश निजी अस्पतालों में भी लाइव किडनी प्रत्यारोपण करीब-करीब ठप हो गया है। इसकी कीमत उन मरीजों को चुकानी पड़ रही है, जिनके पास वास्तविक ब्लड रिलेटिव सहित सभी दस्तावेज उपलब्ध हैं। कुछ मरीज तो ऐसे हैं, जिनका प्रत्यारोपण 25 से 30 दिन पहले ही हो जाना था, लेकिन अब तक इन्हें एनओसी नहीं मिल रही। एक महीने में सरकार के हर दर पर ये चक्कर लगा चुके, लेकिन इन्हें मदद नहीं मिल पा रही। ऐसे 13 मरीज बताए जा रहे हैं, जिनके दस्तावेज के सत्यापन के बाद एनओसी नहीं मिल रही।

पत्रिका की पड़ताल में सामने आया कि पहले फर्जी एनओसी रैकेट का खुलासा होने और उसके बाद सवाईमानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य व अधीक्षक को हटाकर नई नियुक्तियां होने से एनओसी अटक गई। राज्य सरकार ने नई नियुक्तियां तो कर दीं, लेकिन कमेटियों के चेयरमैन अब तक नहीं बनाए हैं।




### अधिकांश निजी अस्पतालों में भी नहीं हो रहे ट्रांसप्लांट

**इस** समय सवाईमानसिंह मेडिकल कॉलेज में नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी विभाग में प्रत्यारोपण किया जाता है। यह सुविधा अब सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में उपलब्ध है। लेकिन यहां भी फर्जी रैकेट का खुलासा होने के बाद प्रत्यारोपण न के बराबर हो रहे हैं। इस अस्पताल के पास लाइसेंस की उपलब्धता पर भी सवाल खड़े हो चुके हैं। एसएमएस से पृथक होने के बाद अब यह सुविधा पृथक भवन में है। पूरे मामले में फोर्टिस अस्पताल, ईएचएससी और मणिपाल हॉस्पिटल के ऑर्गन ट्रांसप्लांट लाइसेंस पहले ही निलंबित किए जा चुके हैं।

मेरे ताऊजी के पुत्र देवीशंकर शर्मा पुत्र प्रेमकुमार शर्मा की किडनी खराब है। एक दिन छोड़ डायलिसिस हो रहा है। मरीज की मां जानकी देवी पुत्र को किडनी देना चाहती हैं। विभागीय कार्रवाई भी पूरी कर दी गई है। इसके बाद भी उचित समाधान नहीं हो पा रहा है। मरीज के पिता की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। ट्रांसप्लांट को लेकर की जाने वाली सारी कार्रवाई करके फ़ाइल एसएमएस अस्पताल में दे दी गई है। वर्तमान में मरीज देवीशंकर की हालत गंभीर बनी हुई है। **-मरीज के परिजन**

पत्रिका व्यू

### गंभीर मरीजों पर *विभाग दे ध्यान*

फर्जी एनओसी की मदद से अंग प्रत्यारोपण बेहद गंभीर मामला है। दोषियों को सजा मिलनी ही चाहिए। इस सबके बीच जरूरी है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग अंग प्रत्यारोपण के इंतजार में बैठे गंभीर मरीजों का भी ध्यान रखे, कहीं वह इस जांच पड़ताल की बलि न चढ़ जाएं। अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने में विभाग नाकाम रहा। जब मामला उजागर हो गया तो प्रक्रिया को दुरुस्त करने में भी विफल होता दिख रहा है। नतीजा यह निकला कि डोनर के रूप में ब्लड रिलेटिव उपलब्ध होने के बावजूद गंभीर मरीजों को एनओसी नहीं मिल रही। यह चिकित्सा शिक्षा विभाग की गंभीर लापरवाही है। एनओसी मामले में पर्यवेक्षणीय लापरवाही बरतने वाले कुलपति, प्राचार्य व अधीक्षक को हटाकर सीएम भजनलाल शर्मा तो कड़ा संदेश दे चुके। अब स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र खींवसर व अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि एनओसी के अभाव में किसी भी मरीज की जान नहीं जाए। निष्पक्ष प्रत्यारोपण के अभाव में एक भी जान जाएगी तो यह उनकी पर्यवेक्षणीय लापरवाही ही माना जाएगा।

**सुनवाई :** ईसी से मांगा जवाब, 24 को फिर सुनवाई

## बूथवार वोटिंग के आंकड़े देने में दिक्कत क्या : कोर्ट

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को चुनाव आयोग (ईसी) से लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के 48 घंटों के भीतर सभी मतदान केंद्रों पर मतदान के अंतिम प्रमाणित डेटा का खुलासा करने की मांग करने वाली याचिका पर जवाब मांगा है।

सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच में हुई सुनवाई में बेंच ने ईसी के वकील अमित शर्मा से पूछा कि वेबसाइट पर वोटिंग का विवरण डालने में क्या दिक्कत है? इस पर शर्मा ने कहा कि डेटा एकत्र करने में समय लगता है और यह उसी दिन नहीं आ पाता। इस पर सीजेआइ ने कहा कि अगले दिन तो आ सकता है। बेंच ने ईसी से एक सप्ताह में जवाब देने को कहा और 24 मई को अगली सुनवाई तय की।

लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में मतदान का फाइनल डेटा जारी करने में हुए विलंब की पृष्ठभूमि में एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने शीर्ष कोर्ट में अर्जी पेश कर मांग की है कि ईसी को वेबसाइट पर फॉर्म 17 सी-1 (बूथवार रिकॉर्ड किए गए वोटों का खाता) तथा फॉर्म 17सी-2 (मतगणना में बूथवार मिले मतों की संख्या) की प्रतियां अपलोड करने के निर्देश देने की मांग की गई है।

पहले तीन महीने में ही 9.7 करोड़ पहुंचे एयरपोर्ट

## भारत मंडपम में दिखेगी अंडरवाटर मेट्रो की झलक



मेट्रो का यही फोटो भारत मंडपम में लगाया जाएगा।

विनीत शर्मा
patrika.com

**कोलकाता.** कोलकाता एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय फलक पर छाने की तैयारी में है। अंडरवाटर दौड़ रही देश की पहली मेट्रो ट्रेन की झलक देश की राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में दिखने जा रही हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद अंतरराष्ट्रीय फलक पर छाए भारत मंडपम में नदी के भीतर से गुजर रही मेट्रो के फोटो डिस्प्ले करने की तैयारी है। ऐसा होता है तो भारत मंडपम में आने वाले देश-विदेश के प्रतिनिधि नदी के भीतर दौड़ रही कोलकाता मेट्रो की झलक देख पाएंगे।

कोलकाता मेट्रो देश की पहली मेट्रो है, जो नदी के नीचे से दौड़ रही है। हावड़ा मैदान से कोलकाता के एस्प्लेनेड तक आने वाली मेट्रो का उद्घाटन चुनाव के ऐलान से पहले कोलकाता दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। पहले ही दिन से यात्रियों ने कोलकाता मेट्रो की इस पहल को हाथोंहाथ लिया था। अब इसी मेट्रो को लेकर एक और उपलब्धि कोलकाता के साथ जुड़ने जा रही हैं।

### पहले ही सुर्खियां बटोर रही मेट्रो

**हुगली** नदी के नीचे से गुजर रही मेट्रो देशभर में पहले ही सुर्खियां बटोर रही है। देश के कई ऐसे शहर जो नदी किनारे बसे हैं और मेट्रो प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, उनके अधिकारी कोलकाता के इस प्रयोग को देखने का मन बना रहे हैं। ऐसे में नदी के नीचे से गुजर रही मेट्रो का फोटो भारत मंडपम में लगाया जाना, शहर के लोगों के लिए बड़ी उपलब्धि है।

रेल मंत्रालय सूत्रों की मानें तो कोलकाता मेट्रो का फोटो भारत मंडपम में लगाने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि इसके लिए कोलकाता मेट्रो के अधिकारियों को फोटो भेजने के लिए भी कह दिया गया है। यदि यह फोटो भारत मंडपम में डिस्प्ले होता है तो देश ही नहीं विदेश से आने वाले लोग भी कोलकाता मेट्रो की एक झलक देख पाएंगे। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में नवनिर्मित भारत मंडपम देश ही नहीं दुनियाभर में पहचान बना चुका है।

## यूएन ने बढ़ाया हमारी जीडीपी का अनुमान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2024 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.9% कर दिया है। जनवरी में संयुक्त राष्ट्र ने भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.2% रहने का अनुमान जताया था। संगठन की रिपोर्ट में बताया गया कि मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीले निजी उपभोग के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी बरकरार रहेगी। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक-सामाजिक मामलों के विभाग के प्रमुख हामिद राशिद ने कहा, भारत को पश्चिमी स्रोतों से आने वाले अधिक निवेश से भी लाभ हो रहा है।

### निर्यात वृद्धि पर असर

भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.9% व 2025 में 6.6% की दर से बढ़ने का अनुमान है। हालांकि कमजोर बाहरी मांग का व्यापारिक निर्यात वृद्धि पर असर रहेगा। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व अर्थव्यवस्था 2024 में 2.7% बढ़ने का अनुमान लगाया है।

सीए की ऑडिट संख्या तय करने को सुप्रीम कोर्ट ने सही माना

## मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं आइसीएआइ के दिशा निर्देश

**नई दिल्ली@पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएआइ) के उस नियम को सही ठहराया है जिसमें चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) को सालाना तौर पर ऑडिट की संख्या तय कर दी गई थी।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ए जॉर्ज मसीह की बेंच ने शुक्रवार को सुनाए फैसले में कहा कि अगस्त,2008 में इस संबंध में जारी दिशा-निर्देश संविधान के अनुच्छेद 19(1)(जी) के तहत मिले पेशे की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं है। कोर्ट ने इस नियम को एक अप्रेल 2024 से प्रभावी माना और नियम को लेकर कानूनी अनिश्चितता के कारण याचिकाकर्ताओं के खिलाफ शुरू की गई अनुशासनात्मक कार्यवाही को रद्द कर दिया। कोर्ट ने यह भी कहा कि आइसीएआइ एक सीए द्वारा किए जाने वाले ऑडिट की संख्या बढ़ाने के लिए स्वतंत्र होगा। फिलहाल यह सालाना 60 ऑडिट तय हैं।

आइसीएआइ के इन दिशा निर्देशों में तय सीमा से अधिक ऑडिट करने को पेशेवराना कदाचार माना था। इस नियम का काफी विरोध हुआ और विभिन्न हाईकोर्टों में इसे चुनौती दी गई और विरोधाभासी आदेश भी आए। इस पर 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने इन मामलों को अपने पास मंगा कर यह फैसला दिया है।

**आरजीएचएस :** महीनों से बुजुर्गों को नहीं मिल रही दवा

# दवा चाहिए...सिस्टम से हारा बुजुर्ग, 44 डिग्री में तपती सड़क पर लेट गया

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** सरकारी कर्मचारियों व पेंशनर्स की राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (आरजीएचएस) योजना में सभी दवाइयां नहीं मिलने की समस्या का समाधान अब तक नहीं निकला है। अधिकांश जिलों में विक्रेताओं के यहां मरीजों को पूरी दवाइयां नहीं मिल पा रही हैं। इसका बड़ा कारण भुगतान विवाद है।

### भुगतान अटका, *इसलिए आनाकानी*

**राज्य** सरकार ने इस योजना के तहत इलाज के लिए निजी अस्पताल और दवा के लिए निजी दवा दुकानों को चिन्हित किया हुआ है। प्रदेश के कई जिलों में कई दवा विक्रेताओं ने भुगतान अटकने के कारण दवा देना या तो बंद कर दिया है। कहीं दी भी जा रही है तो आधी अधूरी या आनाकानी के बाद ही दवा मिल पा रही है। योजना के संचालन के लिए जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। कुछ जगह दवा विक्रेता रोगियों को एक माह की दवा देने की बजाए 5-7 दिन की दवा देकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। मेडिकल स्टोर व निजी अस्पतालों के लिए भुगतान नहीं होने से दवा खरीद मुश्किल हो चुकी है। कर्मचारियों को चिकित्सक एक माह की दवा लिखता है तो मेडिकल स्टोर्स संचालक स्टॉक नहीं होने के कारण पांच से सात दिन की ही दवा उपलब्ध करवा रहे हैं।



**जयपुर.** एक बुजुर्ग शुक्रवार को एसएमएस हॉस्पिटल के सामने दुकान पर दवा लेने गया तो उसे बैरंग लौटा दिया। सुबह करीब 11 बजे गुस्से में बुजुर्ग टोंक रोड पर बीच सड़क पर लेट गया। 10 मिनट तक सड़क पर ही लेटा रहा। ट्रैफिककर्मी और वहां मौजूद लोगों ने उसे समझाया। उसके बाद वह बिना दवाई लौट गया।

## भाजपा के संविधान में 75 साल जैसा कोई प्रावधान नहीं



भाजपा के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि जिसकी आयु 75 साल हो जाएगी वह चुनाव नहीं लड़ेगा, वह किसी दायित्व को नहीं ले सकता। ऐसा कहीं कोई प्रश्न ही नहीं खड़ा होता। मैं बार-बार इस बात को कहना चाहता हूं कि मोदी जी 2024 में भी और 2029 में भी भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे।
**राजनाथ सिंह**, रक्षामंत्री

### हजारीबाग संसदीय क्षेत्र: 26 साल बाद सिन्हा परिवार का सियासी ब्रेक

# हाई-क्वालिटी कोयले और कोचिंग का हब, पर रोजगार को लेकर निश्चिंत नहीं युवा



हजारीबाग से **राजेन्द्र गहरवार**

*हजार बागों के शहर हजारीबाग के सियासी बाग में इस बार सिन्हा की बहार नहीं है। इस सीट से तीन बार के भाजपा सांसद यशवंत सिन्हा पार्टी से बाहर हैं। उनके बेटे और दो बार के सांसद जयंत सिन्हा टिकट कटने की भनक लगते ही चुनावी राजनीति से ब्रेक लेने का ऐलान कर चुके हैं। अपने सबसे बड़े गढ़ हजारीबाग में भाजपा ने विधायक मनीष जायसवाल को मैदान में उतारकर नया दांव चला है, पर सब कुछ पहले जैसा आसान नहीं लग रहा। क्योंकि उनका मुकाबला भाजपा के ही दूसरे विधायक जय प्रकाश भाई पटेल से है, जिन्होंने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा है और अब महागठबंधन के प्रत्याशी हैं।*

सियासी खेला के लिए मशहूर झारखंड में भाजपा ने कांग्रेस की सांसद गीता और झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता को अपने पाले में लाकर बड़ा झटका दिया था, पर उसके साथ असली खेला हजारीबाग में हुआ जब मांडू विधानसभा के तीन बार के विधायक जयप्रकाश पटेल ने होली के बाद कांग्रेस का हाथ थाम लिया। कांग्रेस ने भी बिना देर किए पटेल को हजारीबाग से 'इंडिया' गठबंधन का उम्मीदवार घोषित कर दिया। अब जयप्रकाश का मुकाबला उनकी पूर्व पार्टी के ही विधायक मनीष जायसवाल से है। मनीष हजारीबाग शहर की सदर सीट से भाजपा के दो बार के विधायक हैं।

यहां झील के किनारे बैठे मिले विनोद कुमार ने बताया कि मनीष जायसवाल बड़े कारोबारी परिवार से हैं, इस नाते उनका शहर में खास दबदबा है। राष्ट्रीय राजनीति और पीएम मोदी के चेहरे के चलते उनके लिए बहुत कुछ आसान है। इसके साथ ही वे यशवंत सिन्हा के फैक्टर को लेकर बोले, इस तरह उनके परिवार को किनारे किए जाने को लेकर लोगों के मन में बेचैनी है। चुनावी राजनीति में इसके असर की बात को टालते हुए कहते हैं कि जयप्रकाश भी मजबूत प्रत्याशी हैं, पहले झामुमो फिर भाजपा से मांडू सीट से तीसरी बार के विधायक हैं। उनके पिता टेकलाल महतो मांडू से पांच बार विधायक और गिरीडीह से झामुमो सांसद रह चुके हैं। उनके निधन के बाद जयप्रकाश राजनीति में आए। जातिगत समीकरण की बात करते हुए वे हंसने लगे और कहा हमने नाम विनोद कुमार बताया यानी आप जाति का पता नहीं लगा सकते। हजारीबाग का चुनाव जाति पर नहीं लड़ा जाता है, कायस्थों की संख्या ज्यादा नहीं है, फिर भी सिन्हा परिवार ने पांच चुनाव जीत लिए। जयंत सिन्हा पिता की तरह केंद्र में मंत्री रहे हैं, पर प्रचार अभियान से लेकर पार्टी की गतिविधियों से खुद को अलग कर रखा है।

हजारीबाग सीट अपने गठन के समय से बिहार-झारखंड की हाई-प्रोफाइल सीट रही है। शुरुआती दो चुनाव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने छोटा नागपुर संथाल परगना पार्टी से जीत दर्ज की तो पूर्व राजपरिवार का भी खासा दबदबा रहा और बसंत नारायण सिंह दो बार निर्दलीय और दो बार जनता पार्टी से चुनाव जीते थे। वहीं, होटल इंडस्ट्री के बिजनेस टाइकून ओबेराय ग्रुप के मोहन सिंह ओबेराय 1968 के उपचुनाव में झारखंड पार्टी से जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इस सीट पर सबसे रोचक मुकाबला यशवंत सिन्हा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के भुवनेश्वर मेहता के बीच होता रहा। मजदूर नेता मेहता को यहां स्टालिन के नाम से संबोधित किया जाता है। मेहता दो बार सांसद बने और 2004 में उन्होंने यशवंत सिन्हा को हरा दिया था। सिन्हा वाजपेयी सरकार में वित्त और विदेश मंत्री रहे तो बाद में उनके बेटे जयंत मोदी सरकार में वित्त राज्यमंत्री रहे। इससे केंद्रीय सत्ता में हजारीबाग का दबदबा रहा।



हजारीबाग का 1899 में स्थापित किया गया सेंट कोलम्बस कॉलेज। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के लिए प्रवेश परीक्षा के चलते रही खासी भीड़।

#### मोदी बनाम सिन्हा की लड़ाई!

**क्या** हजारीबाग की चुनावी लड़ाई मोदी बनाम सिन्हा है, इस सवाल के जवाब में अधिवक्ता वीरेन्द्र कहते हैं कि ऐसा नहीं है। सिन्हा भी राष्ट्रीय नेताओं अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी के नाम पर ही जीतकर लोकसभा पहुंचते रहे हैं। उनकी बात को काटते हुए सुशील कुमार ने कहा, सिन्हा परिवार ने हजारीबाग को पहचान दी, विकास के जो भी काम हैं वह इसी परिवार की वजह से आगे बढ़े। रेलवे स्टेशन से लेकर मेडिकल कॉलेज का विस्तार उनके कार्यकाल में ही हुआ। यशवंत सिन्हा अभी टीएमसी में हैं, पर उनके जेहन में हजारीबाग की लड़ाई बैठी हुई है। वे भाजपा को हराने के लिए पूरा दम लगा रहे हैं और कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश के समर्थन में प्रचार भी कर चुके हैं। जयंत सिन्हा भाजपा में हैं, इसके बावजूद यशवंत, भाजपा और पीएम मोदी पर कड़ा हमला कर रहे हैं। भाजपा, मोदी को आगे करके जीत का सिलसिला जारी रखने के लिए पूरी ताकत झोंके हुए है।

#### बेरोजगारी व पलायन मुद्दा

उच्च गुणवत्ता के कोयले के लिए विख्यात हजारी बाग में बेरोजगारी और पलायन बड़ा मुद्दा है। पटना के बाद हजारीबाग कोचिंग का बड़ा हब है, हर साल एक लाख बच्चे प्रदेश के कोने-कोने से सपनों को पंख देने के लिए आते हैं। लेकिन जॉब मिलेगी या नहीं इसे लेकर वे निश्चिंत नहीं हैं। रक्सेंद्र कहते हैं कि वे पढ़ाई के साथ पार्ट टाइम जॉब भी करते हैं। उनके साथी विवेक बोले, पलायन को रोका जाना चाहिए। आइटी से बीटेक कर रहे विनय और बीएम कॉलेज में पढ़ रहे संदीप चौधरी ने कहा कि हजारीबाग की सूरत बदली है, रोजगार के लिए और अधिक करने की जरूरत है।

#### सामाजिक समीकरण

पांच विधानसभा सीटों वाले हजारीबाग लोकसभा सीट में अनुसूचित जाति वर्ग की बड़ी आबादी है। 15 फीसदी कुड़मी(कुर्मी) और आदिवासी निर्णायक स्थिति में हैं। मुस्लिम आबादी 15 प्रतिशत से अधिक है। सबसे बड़ी संख्या ओबीसी समाज की है। राजपूतों का भी दबदबा है जो इस बार दो हिस्सों में बंटे हुए नजर आते हैं।

### उत्तर प्रदेश: कैसरगंज संसदीय क्षेत्र

#### राममंदिर से सटी अंडरकरंट वाली सीट, भाजपा में प्रत्याशी चयन को लेकर दौड़ता रहा करंट

## टिकट करण को मिला, पर चुनाव बृजभूषण ही लड़ रहे



कैसरगंज से **विकास जैन**

**पिछले चुनाव** में कमजोर प्रदर्शन के कारण इस बार कांग्रेस यहां स्वयं चुनाव नहीं लड़ रही है, बल्कि सपा के साथ गठबंधन में शामिल सहयोगी की भूमिका में है।

लखनऊ, रायबरेली और अमेठी के बाद अयोध्या से करीब 130 और भारत-नेपाल सीमा से करीब 100 किलोमीटर पहले कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र की चुनावी यात्रा शुरू की। अयोध्या से इस क्षेत्र की तरफ कदम बढ़ाने के साथ ही सबसे पहले गोंडा जिला मुख्यालय में प्रवेश किया। चिलचिलाती धूप के बीच यहां स्कूली बच्चों की 'पहले मतदान और फिर जलपान' स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ निकल रही रैली ने ठहरने को मजबूर किया। पूरे क्षेत्र की यात्रा के दौरान पहली बार चुनाव का सकारात्मक माहौल यहां नजर आया। इस क्षेत्र में भाजपा और 'इंडिया' गठबंधन के सपा उम्मीदवार के बीच इस बार मुकाबला है। भाजपा ने तीन बार के सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर उनके पुत्र करण भूषण सिंह को इस बार प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस की हालत यहां इतनी कमजोर है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से पार्टी प्रत्याशी को सिर्फ 37,132 वोट मिले थे।

#### पहले मतदान और फिर जलपान




#### इंतजार अंतिम समय तक के माहौल का

**इस** समय अयोध्या से पहले मुख्य मार्ग पर पड़ने वाले गोंडा जिला मुख्यालय से गुजर रहा हूं। मतदान को लेकर रैली निकाल रहे स्कूली बच्चों से चुनाव के बारे में बात करनी चाही तो वे ज्यादा कुछ नहीं बता पाए। उनका वोट भले ही नहीं है, पर जोश कम नहीं था। कैसरगंज के मुख्य मार्ग पर दुकान पर बैठे बारिष्टर ने कहा कि 15 वर्ष से बृजभूषण ही जीत रहे हैं और पीएम नरेन्द्र मोदी के नाम पर इस बार भी वोट पड़ने वाले हैं। इस बार तो उनके पुत्र मैदान में हैं, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। अत्यधिक आवाजाही वाले इस रास्ते पर एक सब्जी की दुकान पर खरीदारी करते हुए रामकिशन से मुलाकात हुई। चुनावी चर्चा में रुचि नहीं थी, पर इतना जरूर कहा कि सपा या भाजपा... दोनों में से चयन करना है तो कर लेंगे। साफ था कि मतदान किसे करना है इसका निर्णय वह अंतिम समय में ही करेगा। कैसरगंज में एक दुकान पर बैठे युवक पंकज ने बताया कि रोजगार सबसे पहली जरूरत है। मदीनलाल ने कहा कि जिसका संगठन मजबूत होगा उसे ही जीत मिलेगी। क्षेत्र के मतदाता राममंदिर निर्माण को अंडरकरंट मानते हैं। तरबगंज में व्यापारी ने नाम नहीं बताया, पर कहा कि यहां कोई लड़ाई नहीं है और नतीजा स्पष्ट है।

#### भाजपा, सपा और बसपा मुकाबले में

**सांसद** बृजभूषण सिंह की उम्मीदवारी को लेकर शुरू से ही संशय बना रहा। पुत्र करण भूषण को भाजपा से टिकट तो मिल गया, पर माना जा रहा है कि चुनाव तो बृजभूषण ही लड़ रहे हैं। प्रत्याशी चयन को लेकर रायबरेली-अमेठी के साथ यह सीट अंत तक चर्चा में रही। टिकट फाइनल होने से पहले तक बृजभूषण 165 सभाएं कर चुके थे। करण की टक्कर सपा के भगतराम मिश्र से है। बसपा के नरेंद्र पांडेय भी मुकाबले में आने की कोशिश में हैं।

#### दो जिलों का क्षेत्र आता है कैसरगंज में

**कैसरगंज,** बहराइच जिले की दूसरी लोकसभा सीट है। नेपाल के पास स्थित यह क्षेत्र 1952 में गोंडा पश्चिम सीट के अंतर्गत था, जिसे जनसंघ की शकुंतला नायर ने जीता था। 1957 में कैसरगंज के लोकसभा सीट बनने के बाद उन्होंने 1967 और 1971 में भी इस सीट से जीत हासिल की। इस क्षेत्र में गोंडा के तीन विधानसभा क्षेत्र तरबगंज, कर्नलगंज और कटरा व बहराइच के दो विधानसभा क्षेत्र कैसरगंज और पयागपुर शामिल हैं।

#### इलेक्शन अपडेट

- **ओडिशा** के गंजम में बुधवार रात पोस्टर चिपकाने को लेकर कार्यकर्ताओं में हुई झड़प में भाजपा के दिलीप पाहन की हत्या कर दी गई, जबकि भाजपा के 7 व बीजद के 4 कार्यकर्ता घायल हो गए। गंजम में ही एक अन्य घटना में बीजेडी कार्यकर्ता गनी खटेई गोली लगने से घायल हो गए। प. बंगाल के मोंटेश्वर में भाजपा प्रत्याशी दिलीप घोष के बूथ एजेंट अभिजीत रॉय का शव घर के पास पेड़ से लटका मिला। भाजपा इसे राजनीतिक हत्या बता रही है।
- **जम्मू-कश्मीर** की बारामूला सीट पर गुलाम नबी आजाद की पार्टी डीपीएपी ने निर्दलीय प्रत्याशी इंजीनियर रशीद को समर्थन दिया है। टेरर फंडिंग मामले में रशीद 2019 से तिहाड़ जेल में है और जेल से ही चुनाव लड़ रहा है।
- **हिमाचल प्रदेश** भाजपा ने विधानसभा उपचुनाव में बतौर निर्दलीय मैदान में उतरे बागी नेताओं रामलाल मारकंडा व राकेश चौधरी को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया।
- **चुनाव आयोग** ने लोकसभा व विधानसभा चुनाव के मतदान के बाद हुई हिंसा को देखते हुए 4 जून को मतगणना के बाद भी आंध्र प्रदेश में केंद्रीय सुरक्षा बलों की 25 कंपनियां रखने के निर्देश दिए हैं।
- **झामुमो** ने जेल में बंद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन और विधायक लोबिन हेम्ब्रम को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया।

### छठा चरण: 61 प्रतिशत निर्वाचन क्षेत्र संवेदनशील यानी जहां 3 या अधिक प्रत्याशी आपराधिक मामलों वाले

## मैदान में दागी और करोड़पति प्रत्याशियों का जोर

**338 प्रत्याशी करोड़पति, 180 प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक मामले**

*नई दिल्ली. लोकसभा के छठे चरण में 57 ससंदीय क्षेत्रों में 869 प्रत्याशी मैदान में हैं। इस चरण के 35 निर्वाचन क्षेत्र संवेदनशील हैं। क्योंकि यहां के तीन या उससे अधिक प्रत्याशियों ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इस तरह 61 प्रतिशत निर्वाचन क्षेत्र संवेदनशील हैं। कुल प्रत्याशियों में से 866 प्रत्याशियों के शपथ पत्रों का विश्लेषण 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने किया है।*

869 प्रत्याशी मैदान में
776 पुरुष | 92 महिला
01 थर्ड जेंडर
39 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं

**सबसे अधिक संपत्ति...**



नवीन जिंदल

कुरुक्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार **नवीन जिंदल** की है। उन्होंने ***1,241 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित*** की है। उनके बाद ***संतृप्त मिश्रा की 482 करोड़ रुपए*** और ***सुशील गुप्ता की 169 करोड़ रुपए की संपत्ति*** है।

- **180** (21%) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए।
- **141** (16%) प्रत्याशियों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।
- **21** उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ हत्या के प्रयास (आईपीसी की धारा 307) से संबंधित मामले 24 उम्मीदवारों ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामले घोषित किए हैं।
- **16** उम्मीदवारों ने घृणा फैलाने वाले भाषण के मामले घोषित किए हैं।

**करोड़पति प्रत्याशी**

| दल | प्रतिशत |
|---|---|
| भाजपा | 94% |
| कांग्रेस | 80% |
| सपा | 92% |
| आप | 80% |
| एआईटीसी | 78% |

उम्मीदवारों ने एक करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियां घोषित की है।

### कन्हैया पर हमला

#### माला पहनाने के बहाने थप्पड़ मारा



**नई दिल्ली@पत्रिका.** उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार पर शुक्रवार को उनके निर्वाचन क्षेत्र में एक शख्स ने माला पहनाने के बहाने हमला कर दिया। इस शख्स ने पहले थप्पड़ मारा और फिर स्याही फेंकी। घटना न्यू उस्मानपुर इलाके में 'आप' कार्यालय के बाहर हुई।

### फोटो स्टोरी

#### शंखनाद: जीत की कामना में...



*उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक सार्वजनिक सभा में भगवान राम और रामायण के अन्य पात्रों की वेशभूषा में सज-धज कर शामिल हुए बच्चे।*

#### घंटा-ध्वनि: जीत का आशीर्वाद दो



*कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को अमेठी में एक चुनावी रैली को संबोधित करने से पहले नंद महर मंदिर में पूजा-अर्चना की।*

#### नंबर गेम

**01** रायबरेली की सीट कांग्रेस को मिली थी उन 49 सीटों में से जहां पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होगा। इस चरण की सीटों में भाजपा ने 32, शिवसेना ने 7, टीएमसी ने 4, जेडीयू, एलजेपी, बीजेडी व नेशनल कॉफ्रेंस ने 1-1 सीट जीतीं थी 2019 के लोकसभा चुनाव में।

#### पॉलिटॉक

**किसने वसीयत में सीट आपको दी?**



*वे **(कांग्रेस)** कह रहे हैं कि रायबरेली और अमेठी की सीट हमारे परिवार की सीट है। आज मैं पूछने आया हूं कि किसने वसीयत में यह सीट आपको दी? यह सीट किसी परिवार की नहीं रायबरेली, अमेठी की गरीब जनता की है। रायबरेली और अमेठी वाले जिसे चाहेंगे वही संसद में जाएगा। **-अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री (रायबरेली में)*

**कई सीटें फंसी हुई हैं यूपी की**



***यूपी** की कई सीटें फंसी हुई हैं, कई सीटें ऐसी हैं, जहां प्रत्याशी के प्रति जनता की नाराजगी है। जनप्रतिनिधि का पहला दायित्व जनता के प्रति होता है, जो व्यवहार हमारा चुनाव लड़ते समय होता है, वही व्यवहार अगर चुनाव जीतने के बाद भी कोई कायम रख पाए तो ये बहुत बड़ी सफलता होती है। **-रघुराज प्रताप सिंह**, जनसत्ता दल प्रमुख*

### ममता के खिलाफ टिप्पणी पर फंसे पूर्व जज

## चुनाव मैदान में भी 'माननीय' के वही तेवर, विवादित कमेंट पर ईसी ने मांगा जवाब

**कोलकाता/नई दिल्ली.** कलकत्ता हाईकोर्ट जज के रूप में अपनी टिप्पणियों और फैसलों के लिए चर्चित रहे जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय के अब राजनीति में भी विवादित बयानों के तेवर कायम हैं।

'टीएमसी संदेशखाली से भाजपा प्रत्याशी रेखा पात्रा को 2000 रुपए में खरीदने की बात कह रही है तो फिर ममता बनर्जी आपकी क्या कीमत है? 10 लाख?' वायरल हुए वीडियो में जज की कुर्सी छोड़ कर भाजपा के टिकट पर तमलुक लोकसभा सीट से प्रत्याशी गंगोपाध्याय की इस कथित टिप्पणी पर टीएमसी ने कहा कि महिला सीएम को बदनाम करने के लिए शर्मनाक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। भाजपा ने क्लिप को फर्जी बताया, पर टीएमसी की शिकायत पर ईसी ने संज्ञान लिया है और गंगोपाध्याय को नोटिस देकर 20 मई शाम पांच बजे तक जवाब मांगा है।

#### गंगोपाध्याय को कोर्ट से मिली राहत

तृणमूल शिक्षक संगठन के नेताओं ने जस्टिस गंगोपाध्याय के खिलाफ चुनाव प्रचार के दौरान हत्या के प्रयास, महिलाओं से बदसलूकी की गैरजमानती धाराओं में एफआइआर दर्ज करवाई थी। हाईकोर्ट ने 15 जून तक कार्रवाई पर रोक लगा दी।

### ट्रेंडिंग: रायबरेली में चुनावी सभा में सोनिया गांधी के सम्बोधन को लेकर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया

# परिवारवाद का बेटा सौंपा, बेटी को क्यों नहीं लड़ाया चुनाव

**सोशल दंगल**

*रायबरेली की चुनावी सभा में कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी ने कहा कि मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। सोनिया ने यह शब्द कांग्रेस प्रत्याशी अपने बेटे राहुल गांधी के लिए कहे। **सोनिया ने लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ने के लिए यह शब्द कहे।** इसी तरह का भाषण राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जालोर के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अपने बेटे वैभव गहलोत के लिए बोले थे। सोनिया के इमोशनल भाषण को लेकर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया सामने आई।*

#### ...पर प्रधानमंत्री नहीं बना सकते

**सोनिया** गांधी का इमोशनल भाषण सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो कुछ यूजर्स ने लिखा भले ही आप हमें अपना बेटा सौंप रही है, लेकिन हम इसे प्रधानमंत्री नहीं बना सकते। एक यूजर ने लिखा कि कांग्रेस में यह परिवारवाद व वंशवाद का बेटा हैं। आपने भी तो वही किया, जो कांग्रेस में अब तक होते आया हैं। एक अन्य यूजर ने यह भी लिखा आपने बेटे को तो दो जगह से चुनाव लड़वा दिया, लेकिन बेटी को एक जगह से भी इस लायक नहीं समझा। ऐसा दोहरापन क्यों हुआ।



#### एक तरफ निंदा, दूसरी तरफ साजिश

**सीएम** हाउस में सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के मामले में आप नेता संजयसिंह एवं मंत्री आतिशी के दो अलग-अलग बयान के वीडियो वायरल हो रहे हैं। संजयसिंह स्वाति के पक्ष में बोल रहे हैं और घटना की निन्दा कर रहे हैं जबकि आतिशी घटना को भाजपा की ओर से रची गई साजिश बता रही है। इसको लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह के कमेंट्स आए। यूजर्स ने लिखा कि आप का घड़ा भर चुका है। सीएम हाउस में भी महिलाएं सुरक्षित नहीं है तो दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा की क्या उम्मीद करें। कुछ यूजर्स ने लिखा कि सीएम हाउस के सीसीटीवी के फुटैज भी सामने आया है। जिसमें स्वाति मालीवाल आराम से सोफे पर बैठे दिख रही है। वीडियो देखकर ऐसे लगता नहीं कि उसके साथ कोई मारपीट हुई।



#### पॉलीTOON



## पेज 1 का शेष

### क्या पार्टी...

पीएमएलए की धारा 70 में प्रावधान है कि जब किसी कंपनी द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग का अपराध किया जाता है, तो प्रत्येक व्यक्ति जो अपराध के समय व्यवसाय संचालित करने वाली इकाई का हिस्सा होने के नाते प्रभारी या जिम्मेदार था, उल्लंघन का दोषी माना जाएगा और तदनुसार कार्रवाई की जाएगी। कानून के अनुसार, एक कंपनी कंपनी अधिनियम के तहत एक व्यावसायिक इकाई है। एक कंपनी को 'व्यक्ति' के रूप में भी जाना जाता है। एक कंपनी एक राजनीतिक दल के विपरीत, मुनाफा चाहती है। लेकिन, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 'व्यक्तियों के संघ' की परिभाषा के तहत राजनीतिक दल को 'कंपनी' के रूप में शामिल करने के लिए पिछले साल धारा 70 के दायरे का विस्तार किया गया था। राजनीतिक दल को धारा 29 ए के तहत नागरिकों के एक संघ के रूप में परिभाषित किया गया है। चूंकि आम आदमी पार्टी भी व्यक्तियों का एक संघ है, इसलिए वह भी कंपनी की परिभाषा के अंतर्गत आएगा। एक कंपनी एक अलग कानूनी इकाई है और उसके सदस्यों या इसे संचालित करने वालों पर स्वतंत्र रूप से मुकदमा चलाया जा सकता है।

### भाजपा के...

इस बीच, पुलिस और फोरेंसिक की टीम जांच के लिए मालीवाल के साथ सीएम आवास पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल पर अपराध का सीन रिक्रिएट किया। मालीवाल ने दिल्ली पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में दावा किया है कि जब वह ड्राइंग रूम में इंतजार कर रही थी, उसी समय बिभव कुमार ने उनके साथ साथ बदसलूकी की। उन्हें थप्पड़ और लातों से पीटा।

**जबरन घुसने की कोशिश :** उधर, विभव कुमार ने भी मालीवाल के खिलाफ काउंटर एफआइआर दर्ज दर्ज कराई है। इसके मुताबिक मालीवाल मुख्यमंत्री आवास में जबरदस्ती घुसने की कोशिश कर रही थीं। उस वक्त मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आवास में नहीं थे।

**केजरीवाल थे निशाना: आतिशी :** दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा, 'जब से केजरीवाल को जमानत मिली है तब से भाजपा बौखलाई हुई है। इसी के कारण उसने साजिश रची। स्वाति मालीवाल को 13 मई को सुबह भेजा गया। उनका इरादा था कि मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया जाए। मुख्यमंत्री उस समय उपलब्ध नहीं थे इसलिए वह बच गए। फिर उन्होंने बिभव कुमार पर आरोप लगाए हैं।'

**वीडियो में झूठ सामने आया :** आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के ड्राइंग रूम का एक वीडियो सामने आया हैष उस वीडियो ने मालीवाल के झूठ को पूरे देश के सामने रख दिया है। मालीवाल की मुख्यमंत्री के साथ पहले कोई मुलाकात तय नहीं थी। उन्होंने जो चोट लगने की बात कही है, वह कहीं नहीं दिख रही है। वह झूठ बोल रही हैं।

**राजनीतिक हिटमैन की कोशिश...** मालीवाल ने बिना किसी का नाम लिए कहा, 'हर बार की तरह इस बार भी इस राजनीतिक हिटमैन ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। बिना संदर्भ का आधा वीडियो चलाकर इसे लगता है ये इस अपराध से खुद को बचा लेगा। कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला? घर के अंदर और कमरे के सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सत्य सबके सामने होगा।'

**मालीवाल ने दर्ज कराया बयान :** इस घटना के बाद शुक्रवार को मालीवाल ने मजिस्ट्रेट के सामने बिभव कुमार के खिलाफ बयान दर्ज कराया। मालीवाल ने मजिस्ट्रेट को बताया गया कि उन्हें बताया गया कि केजरीवाल घर में मौजूद हैं और मुझे ड्राइंग रूम में इंतजार करने के लिए कहा है। मैं ड्राइंग रूम में सोफे पर बैठ गई और उनके मिलने का इंतजार किया। अचानक पीए बिभव कुमार कमरे में घुस आए। उन्होंने बिना उकसावे के चिल्लाना शुरू कर दिया। मुझे गालियां भी दीं। मैं स्तब्ध रह गई। इतना ही नहीं मुझे थप्पड़ मारना शुरू कर दिया। जब मैं चिल्लाती रही तो मुझे कम से कम सात से आठ बार थप्पड़ मारे।

**वीडियो में दिखी मालीवाल :** मालीवाल से हुई बदसलूकी के मामले में सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है। यह वीडियो मुख्यमंत्री आवास के अंदर का बताया जा रहा है, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वीडियो में दिख रहा है कि मालीवाल एक हॉल के अंदर बैठी हैं जहां कुछ सुरक्षाकर्मी उन्हें बाहर जाने को कह रहे हैं। मालीवाल गुस्से में कह रही हैं कि उन्होंने पुलिस को फोन किया है।

**बिभव के घर चिपकाया नोटिस :** राष्ट्रीय महिला आयोग ने मालीवाल के साथ मारपीट करने वाले बिभव कुमार के घर पर नोटिस चिपकाया है और शनिवार को आयोग के समक्ष पेश होने को कहा है। आयोग ने बताया कि घर पर मौजूद व्यक्तियों ने नोटिस लेने से इनकार कर दिया। महिला आयोग ने इससे पहले बिभव कुमार को इस मामले में नोटिस जारी किया था और उन्हें आज सुबह 11:00 बजे पेश होने को कहा था।

### 'कांग्रेस-सपा...

पहले जब लोग रामलला को टेंट में देखते थे तो सरकार को गालियां देते थे। उन्होंने एक बार फिर आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस ने रातों-रात कर्नाटक में मुसलमानों को ओबीसी का आरक्षण दे दिया। मोदी कभी हिंदू-मुसलमान नहीं करता, बल्कि इंडी गठबंधन के पापों का इतिहास बताता है। उन्होंने कहा कि दुनिया जानती है कि मोदी हैट्रिक लगाने जा रहा है। विपक्षी गठबंधन ऊटपटांग खिचड़ी है। ये लोग ताश के पत्तों की तरह बिखरना शुरू हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सपा व कांग्रेस के लिए अपने वोट बैंक से बड़ा कुछ नहीं है। मैं इनकी पोल खोलता हूं तो बेचैन हो जाते हैं। ऐसे लोगों को वोट नहीं, सजा देनी चाहिए।

**गांधी जी की सलाह मानते तो देश 50 साल आगे होता:** मुंबई के शिवाजी पार्क में शुक्रवार शाम महायुति की रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आजादी के बाद गांधी जी की सलाह पर अगर कांग्रेस को भंग कर दिया गया होता, तो आज भारत कम से कम पांच दशक आगे होता। उन्होंने कहा कि उनके पास 10 साल का रिपोर्ट कार्ड और 25 साल का रोडमैप भी है। दूसरी तरफ विपक्षी गठबंधन वालों के पास जितने लोग उतनी बातें, जितने दल उतनी घोषणाएं और उतने ही प्रधानमंत्री। उन्होंने कहा कि विपक्ष में निराशा के गर्त में डूबे हुए वो लोग हैं, जो अनुच्छेद 370 फिर से लाने का सपना संजो रहे हैं। दुनिया की कोई ताकत दोबारा 370 नहीं ला सकती।

### मेरा सब...

सोनिया ने कहा कि मेरा आंचल जीवन भर आपके आशीर्वाद और प्रेम से भरा रहा है। आपके प्रेम ने मुझे कभी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सबकुछ आपका दिया हुआ है। तो भाइयों बहनों! मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसा आपने मुझे अपना माना, वैसे ही राहुल को अपना मानकर रखना है।

**एमवीए की रैली में गरजे नेता:** मुंबई में एमवीए गठबंधन की रैली में विपक्षी नेताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर प्रहार किए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि अंबेडकर के संविधान को कांग्रेस के जिंदा रखने के कारण ही वह पीएम बने। खरगे ने कहा कि चुनाव में भाजपा को 200 से कम तो इंडिया गठबंधन को 300 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। एनसीपी(एसपी) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि जो लोग पीएम के साथ नहीं हैं उन्हें जेल में डाला जा रहा है। लोकतंत्र, संविधान और महाराष्ट्र का हित खतरे में है, ऐसे लोगों को हराना हमारा कर्तव्य है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने मोदी की तुलना रूसी राष्ट्रपति पुतिन से की और कहा कि वह देश में विपक्षी नेताओं को जेल में डालकर पाकिस्तान-बांग्लादेश की तरह चुनाव करवाना चाहते हैं। शिवसेना यूबीटी नेता उद्धव ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र शाहू, फुले और अंबेडकर का है जो कभी भी मोदी, शाह और अदानी का नहीं हो सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी कारोबार को गुजरात ले जाकर मुंबई को भिखारी बनाना चाहते हैं।

### वीआइपी...

मैदान और पहाड़ के तापमान में अंतर को देखते हुए तीर्थयात्रियों को शरीर इसके अनुरूप ढालने के लिए पहले पहाड़ी इलाकों में जाकर आराम करने को कहा गया है। ज्यादा पैदल नहीं चलने की भी सलाह दी गई है। चारधाम में तापमान 15 से 20 डिग्री सेल्सियस चल रहा है। रात को पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहता है।

### हजारों साल...

वैज्ञानिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम के कम्युनिकेशन अर्थ एंड एनवायरनमेंट जर्नल में प्रकाशित शोध के मुताबिक नदी के मार्ग का पता लगाने के लिए रडार सैटेलाइट इमेजरी का इस्तेमाल किया गया। रडार के जरिए रेत के भीतर नदी संरचनाओं की खोज की गई। रडार ने टीम को रेत की सतह के नीचे पहुंचने और दबी हुई नदी के साथ प्राचीन संरचनाओं की छवियां बनाने की क्षमता दी। शोध के मुख्य लेखक इमान घोनिम ने कहा, कोई भी इस विशाल जलमार्ग के स्थान, आकार या वास्तविक पिरामिड स्थल से निकटता के बारे में निश्चित नहीं था।

पत्रिका फोटो स्टोरी





## सोनार किले पर गर्मी का कर्फ्यू

**जैसलमेर @ पत्रिका .** राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थल जैसलमेर में इन दिनों सूरज मानो आग उगल रहा है। तापमान 45.5 डिग्री के स्तर को छू गया। इस दौरान दुनिया के अपनी तरह के अनूठे रिहायशी ऐतिहासिक सोनार किला की घाटियां पूरी तरह से सूनी नजर आई जो पर्यटन सीजन ही नहीं आम दिनों में भी लोगों की आवाजाही से गुलजार रहती हैं। पत्रिका

पाली : शहर में देख सकेंगे जंगल का व्यू, प्रदूषण कम करने की दिशा में कदम

# सिटी पार्क बनाने का प्रस्ताव भेजा अब आचार संहिता हटने का इंतजार

पाली मांगे ऑक्सीजोन 2

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पाली.** राजस्थान पत्रिका के अभियान के बाद पाली को ग्रीन सिटी बनाने की मुहिम तेज हो गई है। पत्रिका के सुझाव पर अमल करते हुए वन विभाग ने अपनी जमीन पर सिटी पार्क बनाने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाया है। अब आचार संहिता हटने का इंतजार है। सब कुछ ठीक रहा तो शहरवासी प्रकृति का लुत्फ उठा सकेंगे। शहर में ही जंगल का नजारा देख सकेंगे। यहां ऑक्सीजन का भंडार होगा। जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। सुबह-शाम सैर करेंगे तो पक्षियों की चहचहाट सुनाई देगी। ट्रेकिंग के लिए वन पथ का निर्माण होगा। जिला उपवन संरक्षक पी बालामुरूगन ने यह पहल करते हुए वन विभाग की 700 हेक्टेयर जमीन पर सिटी पार्क बनाने के लिए कार्ययोजना बनाई है।

### बबूल हटाएंगे, हजारों पौधे लगाएंगे

वन विभाग की जमीन पर वर्तमान में काफी अंग्रेजी बबूल खड़े हैं। यहां बबूल हटाकर हजारों विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। खासतौर से ऐसे पौधे लगाए जाएंगे जो पर्याप्त ऑक्सीजन देते हों। पार्क में लोग परिवार सहित भ्रमण के लिए आ सकेंगे। हर्बल गार्डन खुशबू से सराबोर करेगा तो जंगल का व्यू सुकून देगा। उप वन संरक्षक पी बालामुरूगन ने बताया कि आचार संहिता खत्म होने के बाद इस प्रोजेक्ट पर प्राथमिकता से काम किया जाएगा।

**सिटी पार्क में ये होंगे खास**

- पारिस्थितिकी तंत्र के लिए नाडी का निर्माण किया जाएगा।
- अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जाएगा।
- मुख्य प्रवेशद्वार का निर्माण होगा।
- ग्रीन स्पेस के लिए पौधरोपण और हर्बल गार्डन बनाया जाएगा।
- वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैठक स्थल बनाया जाएगा।
- योगा केन्द्र का निर्माण किया जाएगा।
- ईको ट्रेल का निर्माण होगा।
- झोंपे व केटल गार्ड निरीक्षण गृह बनाया जाएगा।

**जिला कलक्टर ने भी दिखाई रुचि वन अधिकारियों से चर्चा**

वन विभाग की जमीन पर ऑक्सीजोन बनाने को लेकर जिला प्रशासन भी सक्रिय है। जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने इसमें विशेष रुचि दिखाई है। वे भी पाली को ग्रीन सिटी बनाने की मुहिम में जुट गए हैं। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में चर्चा की है। जिला कलक्टर मंत्री ने बताया कि आचार संहिता खत्म होने के बाद इस पर काम करेंगे। यहां बड़ी संख्या में पौधे लगाएंगे और ऐसा विकसित करेंगे कि शहर का हर व्यक्ति यहां सुकून पा सके।

## अवैध कनेक्शन काटने पर एईएन पर हमला

**पोकरण @ पत्रिका.** बीलिया गांव में पानी के अवैध कनेक्शन काटने से नाराज 10-15 जनों ने कार्यालय में घुसकर सहायक अभियंता से मारपीट की। पोकरण-फलसूंड पेयजल लिफ्ट परियोजना खंड नाचना के सहायक अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि वह बीलिया स्थित परियोजना कार्यालय में बैठा था। बीलिया गांव से भवानीसिंह, भोमसिंह, पुखराज, राजूसिंह, मेहताबसिंह, ओमसिंह, भोमसिंह, शैतानसिंह सहित 10-15 जने 5-6 मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए। उन्होंने बिना पूछे कनेक्शन काटने पर धमकियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। साथ ही कार्यालय में रखा कम्प्यूटर तोड़ दिया और कमीज फाड़ दी।

जैसलमेर में भी नई खोज से उम्मीदें

## प्राकृतिक गैस उत्पादन में अब गुजरात को टक्कर देगा बाड़मेर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

### 42 लाख घनमीटर तक पहुंचा उत्पादन

**बाड़मेर .** प्राकृतिक गैस का उत्पादन बाड़मेर और जैसलमेर जिले में बढ़ने लगा है। बाड़मेर में वर्ष 2023-24 में प्रतिदिन 41-42 लाख क्युबिक मीटर पहुंच गया है। रागेश्वरी गुड़ामालानी से लगातार बढ़ रहे गैस उत्पादन ने बाड़मेर से उम्मीदें बढ़ा दी है। इधर जैसलमेर के घोटारू, खारापार और चिन्नेवाला में खोदे गए कुओं में गैस मिली है। बाड़मेर सांचौर बेसिन-नगर गांव में रागेश्वरी गैस टर्मिनल है।। यहां पर प्रतिदिन 41-42 लाख घनमीटर/प्रतिदिन गैस का उत्पादन हो रहा है। यहां 5932.9 मिलियन घनमीटर गैस का भण्डार है। यह भण्डार आगामी अन्वेषण में बढ़ सकता है। प्राकृतिक गैस के मामले में इसी भण्डार के बूते गुजरात को टक्कर देने की स्थिति है। गुड़ामालानी क्षेत्र में बीते पांच वर्ष में 69 नए गैस कुएं खोदे गए हैं।

**राज्य में यों बढ़ा गैस उत्पादन**

| (लाख क्युबिक मीटर) | | | |
|---|---|---|---|
| 2009-10 | 5.87 | 2016-17 | 23.25 |
| 2010-11 | 9.0 | 2017-18 | 22-23 |
| 2011-12 | 9.5 | 2018-19 | 29.32 |
| 2012-13 | 10.5 | 2019-20 | 32-33 |
| 2014-15 | 18 | 2021-21 | 38-40 |
| 2015-16 | 20-21 | 2022-23 | 41-47 |
| | | 2023-24 | 41-42 |

**जैसलमेर में यहां गैस के भण्डार**

- शाहगढ़ (जैसलमेर)
- तनोट-डांडेवाला-बागीटिब्बा (जैसलमेर)
- मनेहरा टिब्बा (जैसलमेर)

अग्रवाल-वैश्य समाज का वैवाहिक विशेषांक कल

## रियायती दर पर आज दोपहर 12 बजे तक बुक होंगे विज्ञापन

**जयपुर.** पत्रिका के राजस्थान के सभी संस्करणों तथा भोपाल, इंदौर व रायपुर के रविवार के संस्करण में अग्रवाल-वैश्य समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जाएगा। अग्रवाल, खंडेलवाल व माहेश्वरी समाज सहित वैश्य समाज के विभिन्न संगठनों के सहयोग से प्रकाशित होने वाले इस विशेषांक में समाज के विवाह योग्य युवाओं का बायोडाटा प्रकाशित किया जाएगा। इस विशेषांक में शनिवार दोपहर 12 बजे तक रियायती दरों पर विज्ञापन बुक कराए जा सकेंगे।

इसके लिए पूरा नाम, शहर का नाम और कॉन्टेक्ट नंबर वाट्सऐप नंबर 7733014575 पर भेज दें। पत्रिका टीम अति शीघ्र आपसे संपर्क करेगी। इस कार्य में अग्रसेन महासभा, अग्रवाल्स जयपुर डॉट कॉम तथा अग्रवाल विकास परिषद समिति, कुन्हाड़ी कोटा के साथ ही देश के विभिन्न शहरों से अग्रवाल-वैश्य समाज के कई संगठन भी जुड़ चुके हैं। आप देश के किसी भी हिस्से में अग्रवाल-वैश्य समाज के संगठन से जुड़े हैं एवं इस मुहिम में योगदान देना चाहते हैं तो ऊपर दिए गए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि गत वर्ष 15 जनवरी, 12 फरवरी, 5 मार्च, 23 जुलाई, 6 अगस्त और 20 अगस्त तथा इस वर्ष 14 और 28 जनवरी एवं 5 मई को उपरोक्त सभी संस्करणों में अग्रवाल- वैश्य समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जा चुका है।

### वृद्ध मां के बाल पकड़कर घसीटा, गला दबाया

**पाली @ पत्रिका.** गुड़ा एंदला थाना क्षेत्र के खूनी गुड़ा गांव में एक बेटे ने अपनी वृद्ध मां को घर से निकालने के लिए उसे बाल पकड़कर घसीटा और लात और घूसों से मारपीट कर गला दबाया। परिजन उसे बांगड़ अस्पताल के ट्रोमा सेंटर लेकर पहुंचे। खूनी गुड़ा निवासी मूली देवी [61] पत्नी गणाराम चौधरी ने बताया कि उसका छोटा बेटा मोहन [35] जो आए दिन उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल देता है।

## आज का राशिफल शनिवार, 18 मई 2024

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ* विलासिता के सामानों पर खर्च होगा। यात्रा के योग टालें। आजीविका के साधनों को बदलने का निर्णय लेंगे। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो* संतान के विवाह संबंधित समस्या का समाधान होगा। राज कार्य से जुड़े जातकों के लिए समय मिश्रित फलदाई होगा। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ड, छ, के, को, ह* अपने चंचल स्वभाव के कारण नुकसान संभव है। बड़ों के अनुभव आप के लिए लाभप्रद साबित होंगे। |
| कर्क | *हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो* नए रिश्ते जीवन में बदलाव लाएंगे। आजीविका के लिए स्थान परिवर्तन संभव है। व्यापार विस्तार के योग बन रहे हैं। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे* रुका धन न आने से मन चिंतित रहेगा। वाहन मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें। संतान का स्वास्थ बिगड़ सकता है। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो* आय में वृद्धि कैसे हो यही ध्यान में रखकर अपना कार्य करें। कॅरियर के प्रति सजग रहें। मामा पक्ष से सहयोग प्राप्त होगा। |
| तुला | *रा,री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते* लम्बे समय से चली आ रही चिंता आज दूर होगी। मन प्रसन्न होगा। पुराने रोग उभर सकते हैं। अपना व्यवहार नम्र रखें। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू* मन ही मन कुछ चल रहा है बेहतर होगा किसी समझदार से सलाह लें। रोजगार सम्बन्धित समस्या सुलझ सकती है। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे* रुके कार्य आज कर ले विलंब अच्छी बात नहीं। समाज के कुछ लोगों के कारण समस्या का सामना कर पड़ सकता है। |
| मकर | *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी* क्रोध उन्नति का शत्रु है। आप में सब कुछ ठीक है पर जब क्रोध आता है तो आप का नियंत्रण खुद पर नहीं रहता। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा* पूर्व नियोजित कार्य की रुपरेखा से व्यावसायिक उन्नति होगी। सन्तान के स्वास्थ्य पर धन खर्च होगा। धन लाभ होगा। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि* संतान को शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। अपनों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती है। |

ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास, पंचांगकर्ता, उज्जैन

**ग्रह-नक्षत्र** ज्योतिर्विद: पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1445 | ऋतु: | ग्रीष्म |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास: | जिल्काद-09 | मास: | वैशाख |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | उत्तरायण | पक्ष: | शुक्ल |

**आज का दिन**

**शनिवार, 18 मई, 2024**

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज प्रात: 7-22 से प्रात: 9-02 तक शुभ तथा दोपहर 12-23 से सायं 5-24 तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 11-56 से दोपहर 12-50 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त है, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम है।

**शुभ तिथि:** दशमी पूर्णा संज्ञक तिथि पूर्वाह्न 11-23 तक, तदुपरान्त एकादशी नन्दा संज्ञक तिथि रहेगी। यदि समय शुद्ध हो तो दशमी व एकादशी तिथियों में समस्त शुभ व मांगलिक कार्य, विवाह, जनेऊ, प्रतिष्ठा, वास्तु, यात्रा प्रवेश आदि कार्य शुभ होते हैं। पर अभी समय शुद्ध नहीं है।

**नक्षत्र:** उत्तराफाल्गुनी "ध्रुव व ऊर्ध्वमुख" संज्ञक नक्षत्र रात्रि 12-23 तक, तदन्तर हस्त "क्षिप्र व तिर्ड् यंमुख" संज्ञक नक्षत्र है। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में विवाह, यज्ञोपवीत, स्थिरता, अलंकार, गृहारम्भ और प्रवेश आदि विषयक कार्य शुभ होते हैं। पर अभी गुरु-शुक्र के अस्त में शुभ कार्यादि वर्जित हैं।

**योग:** हर्षण नामक नैसर्गिक शुभ योग पूर्वाह्न 10-24 तक, तदन्तर वज्र नामक नैसर्गिक अशुभ योग है। वज्र नामक योग की प्रथम तीन घटी शुभ कार्यों में त्याज्य है।

**विशिष्ट योग:** रवियोग नामक दोष समूह नाशक शक्तिशाली शुभ योग रात्रि 12-23 तक, यमघंट नामक अशुभ योग रात्रि 12-23 से सूर्योदय तक है।

**करण:** गर नामकरण पूर्वाह्न 11-23 तक, तदन्तर रात्रि 12-37 तक वणिज नामकरण है। इसके बाद भद्रा प्रारंभ हो जायेगी।

**व्रतोत्सव:** श्री महावीर स्वामी कैवल्य ज्ञान (जैन) है।

**चंद्रमा :** चंद्रमा सम्पूर्ण दिवारात्रि कन्या राशि में है।

**शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में विपणि व्यापारारम्भ का यथाआवश्यक शुभ मुहूर्त है।

**दिशाशूल:** शनिवार को पूर्व दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्रस्थिति के अनुसार आज दक्षिण दिशा की यात्रा लाभदायक व शुभप्रद है।

**राहुकाल** (मध्यममान से): प्रात: 9-00 बजे से प्रात:10-30 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे-** आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (टो, प, पी, पू) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि कन्या है। कन्या राशि के स्वामी बुध हैं। इनका जन्म रजतपाद से है। सामान्यत: ये जातक वैभवशाली, धनवान, कुशाग्र बुद्धि, सत्य और मृदुभाषी, परोपकारी तथा अपने पुरुषार्थ से धनोपार्जन करने वाले होते हैं। इनका भाग्योदय 30-32 वर्ष की आयु तक होता है। कन्या राशि वाले जातकों के परिवार में कोई धार्मिक कार्य, उत्सव आदि का आयोजन हो सकता है। दूर परे की यात्रा होगी। यात्रा लाभदायक रहेगी।

#MedicalEducation | जुलाई से शुरू होगा स्कूल हेल्थ वेलनेस कार्यक्रम

# शिक्षकों को बनाएंगे एंबेसडर, विद्यार्थी मैसेंजर

### पहली बार बीकानेर को किया शामिल

### हर मंगलवार को दी जाएगी स्वास्थ्य की जानकारी

**बीकानेर @ पत्रिका.** सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके लिए स्कूलों में स्कूल हेल्थ वेलनेस कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

इसे लेकर जयपुर में स्कूल शिक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक हो चुकी है। इस कार्यक्रम को मूर्त रूप देने के लिए स्कूल के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद विद्यार्थियों को भी कार्यक्रम की जानकारी दी जाएगी।

पूर्व में प्रदेश में स्कूल हेल्थ वेलनेस कार्यक्रम सात जिलों में संचालित किया जा रहा था। गत शिक्षा सत्र में इसमें दो और जिलों को शामिल किया गया था। अब इसी शिक्षा सत्र में प्रदेश के 12 जिलों को शामिल किया गया है। इसमें बीकानेर जिले का नाम भी है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जाएगी। ताकि मौसमी बीमारियों से पहले ही विद्यार्थी जागरूक हो सकें और अपने अभिभावकों को भी सचेत कर सकें। इस कार्यक्रम में शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा।

### 30 मिनट स्वास्थ्य संबंधी जानकारी



प्रत्येक मंगलवार को प्रार्थना सभा के दौरान 30 मिनट सरकारी स्कूलों में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शुरू से ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

**डॉ. राजेश कुमार गुप्ता,** आरसीएचओ, स्वास्थ्य विभाग

### 11 मॉड्यूल किए गए हैं शामिल

स्कूलों में हर मंगलवार को प्रार्थना सभा के दौरान आधे घंटे स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जाएगी। इसमें विभिन्न तरह के 11 मॉड्यूल शामिल किए गए हैं।

शुरुआत में यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक देंगे। बाद में यह जिम्मेदारी शिक्षकों को सौंपी जाएगी। इसके लिए दो शिक्षकों को एंबेसडर बनाया जाएगा। हर कक्षा में दो विद्यार्थियों को मैसेंजर बनाया जाएगा। विद्यार्थियों को मैसेंजर बनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि अगर कोई लड़का अथवा लड़की अपनी समस्या शिक्षकों को नहीं बता सके, तो अपने साथी से साझा कर सके। जुलाई में स्कूलों के शुरू होने पर शिक्षकों को स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए जयपुर से प्रशिक्षक बीकानेर आएंगे।

पोलमपोल भायो

'पेपर लीक' बिहार में, यूपी अर गुजरात।
नकल के भर्ती माफिया, बेजा करी छै घात!!

**विश्व संग्रहालय दिवस आज :** महज 9 वर्ष में देश-दुनिया में खास पहचान बना चुका है वार म्यूजियम... एशिया के 25 संग्रहालयों में बनाई जगह, सैलानियों का चहेता

# 1971 की जांबाजी देखनी हो तो जैसलमेर से 10 किमी दूर वॉर म्यूजियम आएं

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जैसलमेर.** सरहद से सटे और धोरों के बीच बसे जैसलमेर का वार म्यूजियम महज नौ वर्षों में ही देश-दुनिया में अपनी खास पहचान बना चुका है। पर्यटन नगरी के तौर पर विख्यात स्वर्णनगरी में अब पर्यटन के लिहाज से पर्यटकों को नया स्पॉट बन चुका है। जैसलमेर जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर जोधपुर-बीकानेर मार्ग पर भारतीय सेना की ओर से नौ वर्ष पहले निर्मित वॉर म्यूजियम पर्यटन सीजन के दौरान पर्यटकों का चहेता पर्यटन स्थल बन चुका है। गौरतलब है कि 25 अगस्त 2016 को शुरू किए गए वॉर म्यूजियम को एशिया के सर्वश्रेष्ठ 25 संग्रहालयों में भी जगह मिल चुकी है। वर्ष 2016 में ट्रिप एडवाइजर ने वार म्यूजियम देखने आने वाले दर्शकों की टिप्पणियों को आधार बनाते हुए इसे शीर्ष संग्रहालयों में शामिल किया था।



जैसलमेर सैन्य क्षेत्र में स्थापित युद्ध संग्रहालय में स्थित इंडियन आर्मी हॉल।

## इसलिए खास है वार म्यूजियम

- भारतीय सेना की गौरव गाथा को संजोने के लिए मुख्यालय से 10 किमी की दूरी पर सैन्य स्टेशन पर जैसलमेर युद्ध संग्रहालय का निर्माण करवाया गया।
- सेना की दक्षिणी कमान और जोधपुर आधारित कोणार्क कोर की कल्पना के साकार रूप का उद्घाटन सेना की दक्षिण कमान के तत्कालीन जीओसी मेजर जनरल अशोक सिंह ने किया था।
- संग्रहालय में भारतीय सेना के अदम्य साहस, सैनिकों की व्यक्तिगत वीरता और उनके द्वारा दिए गए चरम बलिदान की गौरव गाथा को बेहतरीन ढंग से संजोया गया है।
- म्यूजियम में पाकिस्तान के खिलाफ वर्ष 1965 और 1971 के युद्धों में प्राप्त विजय की गाथा का जीवंत प्रदर्शन किया गया है।


वॉर म्यूजियम

## लोंगेवाला युद्ध स्मारक: जहां दफन हुए टैंक, वहीं बना दिया संग्रहालय




**जैसलमेर.** लोंगेवाला युद्ध स्मारक का निर्माण ठीक उसी स्थान पर किया गया है, जहां 4-5 दिसंबर 1971 की रात को भारत के बहादुर सैनिकों ने अदम्य साहस से पाकिस्तान को शिकस्त दी थी। भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान के 179 दुश्मनों को हताहत कर 37 टैंकों को भी ध्वस्त किया था। लोंगेवाला में मिली जीत भारतीय सेना के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए सेना ने यहां युद्ध स्थल को ही संग्रहालय का रूप दिया है, ताकि इसे देखने वाले भारतीय सेना की गौरवमयी विजय को महसूस कर सके। देश के 120 सपूतों की वीरता की याद में बनाए गए युद्ध स्थल पर टी-59 व शेरमन पाकिस्तानी टैंक, 106 एमएम रिकाइलेस गन, आरसीएल जीप रखी गई है। लोंगेवाला के 5 योद्धाओं की चित्रावली, दृश्य-श्रव्य सिनेमाघर, युद्ध दृश्य, बंकरों के साथ टुकड़ी की ओर से प्रतिरक्षित चौकी, आरसीएल जीप इस स्थान की शान है, जो ऐतिहासिक विजय की स्मृति को सजीव बनाए हुए है।

---

## ट्रेंडिंग वीडियो
पत्रिका TV

1. 

मालीवाल का पहला रिएक्शन: लपेटे में आएंगे केजरीवाल

2. 

दिल्ली में सचिन की एंट्री, कन्हैया को बताया मास्टरप्लान

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

## न्यूज शॉर्ट्स

### यूजीसी-नेट के आवेदन अब 19 मई तक

**अजमेर @ पत्रिका.** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने यूजीसी नेट जून 2024 सत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। अभ्यर्थी अब 19 मई तक आवेदन कर सकेंगे। यूजीसी नेट परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 16 मई थी। अभ्यर्थियों की मांग पर इसे 19 मई तक बढ़ाया गया है। आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 20 मई है। आवेदन फॉर्म में करेक्शन 21 से 23 मई तक किया जा सकेंगे।

### मॉडल उत्तरकुंजियों पर आपत्ति आज से

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक प्रतियोगी परीक्षा-2023 के तहत 7 विषयों की मॉडल उत्तरकुंजियां वेबसाइट पर जारी की हैं। अभ्यर्थी शनिवार से मॉडल कुंजी पर ऑनलाइन आपत्ति दे सकेंगे। परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि लाइब्रेरी साइंस, लॉ, जियोलॉजी, पंजाबी, म्यूजिक तबला, मिलिट्री साइंस एवं सिंधी विषय की परीक्षा का आयोजन 31 मार्च को किया गया। अभ्यर्थी इन विषयों की उत्तर कुंजियों पर 20 मई को आपत्ति दे सकेंगे।

### 15 हजार की रिश्वत लेते एएसआई गिरफ्तार



**टोंक @ पत्रिका.** एसीबी कोटा की टीम ने शुक्रवार को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते महिला थाना टोंक के एएसआइ को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दहेज प्रताड़ना के दर्ज मामले का निस्तारण कराने की एवज में यह राशि कोटा के महावीर नगर निवासी परिवादी से ली थी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि आरोपी एएसआइ शंकरलाल है।

---

**ठगी के कॉल सेंटर: ठगों ने गांव-ढाणियों में लगाए मिनी एटीएम**

# पुलिस ने डेढ़ लाख से अधिक सिम करवाए ब्लॉक, देश में यह सबसे अधिक

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अलवर, भरतपुर.** प्रदेश के मेवात क्षेत्र में गांव-गांव में बैठे साइबर ठग देश के कई राज्यों में ठगी कर रहे हैं। तमाम गिरोह झोपड़ियों और जंगल में बैठकर साइबर फ्रॉड कर रहे हैं। मजे की बात है कि ठगी रकम निकालने के लिए ठगों ने मिनी एटीएम भी लगा रखे हैं। भरतपुर पुलिस ने ऐसे दस एटीएम बरामद भी किए हैं।

साइबर ठगों के खिलाफ भरतपुर रेंज ने ऑपरेशन एंटी वायरस चला रखा है। साइबर ठगों का सबसे बड़ा गढ़ झारखण्ड का जामताड़ा माना जाता है, लेकिन मेवात क्षेत्र ने जामताड़ा को भी पीछे छोड़ दिया है। पत्रिका ने पड़ताल की तो सामने आया कि यहां सैकड़ों ऐसे गांव-ढाणी हैं, जहां साइबर ठगी के कॉल सेंटर चल रहे हैं। देश की सुरक्षा एजेन्सियां अब तक मेवात में साइबर ठगों के नेटवर्क को ध्वस्त कर पाने में नाकाम रही हैं। भरतपुर पुलिस की सख्ती के बाद ठग अब हरियाणा इलाके से गैंग ऑपरेट कर रहे हैं। मेवात में करीब 400-500 ठग ऐसे हैं, जो अभी भी ठगी के इस खेल में सक्रिय हैं। यह पुलिस की गिरफ्त में आते हैं और जमानत पर छूटने के बाद फिर से ठगी शुरू कर देते हैं। वर्ष 2023 से अप्रैल 2024 तक राजस्थान पुलिस ने देशभर में सर्वाधिक सिम व आइएमईआइ नबर ब्लॉक कराए हैं। अकेले भरतपुर व अलवर पुलिस ने डेढ़ लाख से अधिक मोबाइल सिम और इतने ही मोबाइल आइएमईआइ नबरों को केंद्र की मदद से ब्लॉक कराया है।

## भरतपुर की गैंग सक्रिय, सरगना गिरफ्तार

### कार्ड बदलकर करते ठगी, 52 एटीएम कार्ड और दो नंबर प्लेट बरामद

**जयपुर.** भरतपुर की एक गैंग राजधानी में सक्रिय थी। मालवीय नगर थाना पुलिस ने गैंग के सरगना को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से 52 एटीएम कार्ड बरामद, कार और दो नंबर प्लेट बरामद की है। इस गैंग ने जवाहर सर्कल, बजाज नगर और मालवीय नगर के सात एटीएम बूथों पर तीस वारदात की हैं। डीसीपी (पूर्व) कावेन्द्र सागर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अजीत कुमार (25) नदबई भरतपुर निवासी है जो यहां रामनगरिया में रहता है। उसे आठ मई को मालवीय नगर निवासी पिंकी देवी के साथ हुई ठगी के मामले में गिरफ्तार किया है। गिरोह ने पिंकी की छोटी बहन से झांसा देकर एटीएम कार्ड बदल लिया था। बाद में उससे 36 हजार रुपए निकाल लिए थे। पुलिस ने सीसीटीवी चैक किए तो दो संदिग्ध युवक नजर आए। इस आधार पर गैंग की पहचान हुई। आरोपी वारदात करने के बाद अपनी कार की नम्बर प्लेट बदलकर फरार हो जाते हैं।



### खुद ही चोर और खुद ही पुलिस

पुलिस भले ही ठगों के पीछे हो, लेकिन ठग खुद ही पुलिस बन कर ठगी कर रहे हैं। ठगी का यह नया तरीका है, जिसमें डिजिटल अरेस्ट या परिवार के किसी सदस्य को पुलिस हिरासत में बताकर लोगों से मोटी रकम वसूली जा रही है। ठगों ने जामताड़ा में ट्रेनिंग लेकर ऐसा करना शुरू किया है। मेवात के ठग दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, सांसद प्रज्ञा ठाकुर, कर्नाटक के डीजीपी, फिल्म स्टार जॉनी लीवर के अलावा केंद्रीय मंत्रियों से ठगी कर चुके हैं।

ऑपरेशन एंटी वायरस ठगों पर भारी पड़ा है। ज्यादातर ठग अब पुलिस की गिरफ्त में हैं। आगे भी सख्त से सख्त कार्रवाई के लिए प्लान तैयार हैं।

**राहुल प्रकाश,** आइजी, भरतपुर रेंज

### पढ़े-लिखों का बना रहे शिकार

मेवात के ज्यादातर ठग कम पढ़े-लिखे या अनपढ़ हैं, लेकिन साइबर ठगी के लिए लैपटॉप और मोबाइल चलाने में माहिर हैं। अंग्रेजी के भी कुछ शब्द अच्छे से बोलना जानते हैं। अपनी शातिर के जरिए ये ठग पढ़े-लिखे लोगों को अपने जाल में फंसा ठगी का शिकार बना रहे हैं।

### भरतपुर में ऑपरेशन एंटी वायरस का असर

- 37 एफआइआर दर्ज
- 116 आरोपी गिरतार
- 28.60 लाख नकद पकड़े
- 252 मोबाइल हैंडसेट व 294 सिम, 134 एटीएम कार्ड व 6 स्वाइप मशीन की जब्त
- 09 एटीएम
- 25 वाहन किए जब्त
- 06 लैपटॉप, एक टेबलेट एवं 6 कप्यूटर और नोट गिनने की मशीन

### ऐसे बदला ठगी का ट्रेंड

**2012** तक पीतल की ईंट को सोने की बताकर बेचना

**2013** के बाद ओएलएक्स पर विज्ञापन देकर वाहन खरीद के नाम पर ठगी

**2017** के बाद कार्ड क्लोन कर राशि निकासी

**2018** में ठगों ने घरों पर एटीएम मशीन लगाकर राशि निकालना शुरू किया

**2019** में सेक्सटॉर्शन के नाम पर ठगी

**2022** से अब तक आवाज बदलकर ठगी, रिश्तेदार बनकर ठगी और अब एआइ के माध्यम से आवाज बदलकर ठगी।

---

**मौके पर पहुंचे वन अधिकारी**

## शाबाश रकमा...छोटी बहन पर हमला कर रहे पैंथर से भिड़ गई


बडी बहन रकमा


अस्पताल में भर्ती छोटी बहन सीता।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**उदयपुर.** उंबरिया गांव में शुक्रवार तड़के पैंथर एक घर में जा घुसा। वह घर के बरामदे में सौ रही दो बालिकाओं में एक के ऊपर बैठ गया और पास सो रही उसकी छोटी बहन पर हमला कर दिया। ऐसे में बड़ी बहन ने बहादुरी दिखाते हुए पैंथर के गर्दन के निचले हिस्से को पकड़कर मुक्के मारे। पैंथर के हमले में घायल बालिका को उदयपुर के महाराणा भूपाल चिकित्सालय में भर्ती कराया गया हैं। जहां उसका उपचार जारी हैं।

कुमारिया खेड़ा निवासी बच्चियों के मामा धनराज अहारी ने बताया कि उसकी बहन लक्ष्मी अपने परिवार के साथ उंबरिया गांव में रहती हैं। परिवार में किसी की मौत होने से लक्ष्मी पीहर आई हुई थी। उसकी बेटियां रकमा (15) और सीता (13) घर के बरामदे में सो रही थी। वहीं उसकी पुत्र वधु बाहर आंगन में सो रही थी। तड़के 4.10 बजे पैंथर घर में घुस आया। वह रकमा के ऊपर बैठ गया और पास सो रही सीता के मुंह पर हमला कर दिया। सीता के चिल्लाने पर रकमा की आंख खुली और उसने बहन के चेहरे को खाने का प्रयास कर रहे पैंथर को गर्दन के निचले हिस्से पकड़कर उसे मुक्के मारे। बहनों की चीख सुनकर बाहर सो रही उनकी भाभी भी जाग गई। शोर मचाने पर पैंथर वहां से भाग निकला। वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीता को अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई हैं।

**पत्रिका अभियान का असर**

## बीमा कम्पनी प्रतिनिधियों के खिलाफ मामला दर्ज

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**चितलवाना (जालोर).** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फर्जी आधार और शपथ-पत्र बनवाकर बीमा राशि हड़प करने के मामले का राजस्थान पत्रिका द्वारा खुलासा करने पर जिला प्रशासन ने बीमा कंपनी प्रतिनिधियों के खिलाफ सांचौर जिले के सरवाना पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है। पत्रिका ने अभियान चलाकर फसल बीमा के नाम पर होने वाले फर्जीवाड़े का खुलासा किया था।

राजस्थान पत्रिका की खबरों पर संज्ञान लेते हुए जिला कलक्टर शक्तिसिंह राठौड़ ने संयुक्त निदेशक कृषि सांचौर भूपेन्द्रसिंह को निर्देश दिए। बुधवार को संयुक्त निदेशक कृषि सांचौर ने बीमा कम्पनी एवं कम्पनी प्रतिनिधि गोरधनलाल देवड़ा व अन्य के खिलाफ सरवाना थाने में धारा 464, 467, 468, 471, 472, 420, 120 बी के तहत मामला दर्ज करवाया गया है।

असर

फर्जी आधार, शपथ-पत्र बनवा खुद ही जमा कराते बीमा किस्त, बाद में उठा लेते क्लेम
राजस्थान पत्रिका

राजस्थान पत्रिका की सिलसिलेवार खबरो को संज्ञान में लेते हुए जांच करवाई गई। जिसमें बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि व अन्य के द्वारा फर्जीवाड़ा किया गया है। जिसके खिलाफ में मामला दर्ज करवाया गया है।

**-शक्ति सिंह राठौड़,** जिला कलक्टर सांचौर

---

**डीड राइटर के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं**

## अब घर बैठे खुद तैयार कर सकेंगे रजिस्ट्री व अन्य दस्तावेज

### पंजीयन व मुद्रांक विभाग का ई-पंजीयन के ऑटो डीड सिस्टम तैयार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** यदि आपको कोई संपत्ति खरीदनी या बेचनी है तो अब पंजीयन कार्यालयों के बाहर बैठे अर्जी नवीसों या (डीड राइटर्स) के चक्कर नहीं लगाने पड़ेगे। ई-पंजीयन प्रक्रिया को और उन्नत बनाते हुए पंजीयन व मुद्रांक विभाग राजस्थान (अजमेर) ने संपत्तियों के क्रय विक्रय या अन्य रूप में किए गए प्रमुख विलेखों के प्रारूप की निर्धारित बुकलेट को अब सॉफ्टवेयर में डाल दिया है। इसके माध्यम से कोई भी विक्रेता अपनी संपत्ति की रजिस्ट्री की इबारत खुद घर बैठे तैयार कर सकेगा।

### अपलोड करने होंगे संपत्ति दस्तावेज

**ई-पंजीयन** में जाकर ऑटो डीड का ऑप्शन खोलने के बाद वांछित दस्तावेज का प्रारूप खुल जाएगा। इसमें संपत्ति संबंधी वांछित दस्तावेजों को ऑनलाइन अपलोड करना होगा। इसमें चेन ऑफ डॉक्यूमेंट, संपत्ति की किस्म खसरा, पूर्व स्वामी, क्रेता का विवरण चारों दिशाएं तथा क्रेता विक्रेता के पहचान पत्र आदि दस्तावेज अपलोड करने के बाद निर्धारित प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जांच के बाद स्टांप ड्यूटी ऑनलाइन अदा कर अपनी संपत्ति की रजिस्ट्री करवा सकेगा। ऐसे में रजिस्ट्री के निर्धारित स्टांप के साथ टाइप खर्च से राहत मिल सकेगी।

**राजस्थान पत्रिका का बड़ा मुद्दा रहा है सूखा बंदरगाह**

## राजस्थान के पर्यटन को विस्तार देगा वाटर-वे, रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**बाड़मेर .** बाखासर से कच्छ के रण तक वाटर-वे के लिए राज्य सरकार ने कमेटी गठित कर दी है। यह पहला कदम आने वाले समय में बाड़मेर को सूखा बंदरगाह की बड़ी सौगात देने का रास्ता तय करेगी। राजस्थान रिवर बेसिन एंड वाटर रिसोर्सेज प्लानिंग कमिश्नर नीरज पवन की ओर से जारी आदेश के अनुसार कमेटी का अध्यक्ष जल संसाधन विभाग के मुख्य सचिव अभय कुमार को बनाया गया है। वहीं सदस्यों में पीडब्ल्यूडी, एनएचएआइ, रेलवे, परिवहन विभाग, मत्स्य विभाग, पर्यटन विभाग के अधिकारी शामिल किए गए हैं। 24 साल पहले बाखासर से गुजरात के मुंद्रा तक 150 किमी कृत्रिम नहर बनाने की योजना बनी।

असर

इजरायल मुंद्रा तक सोच रहा, अब हमारी सरकार सोचे बाखासर रण
राजस्थान पत्रिका

राजस्थान पत्रिका ने पिछले पांच साल में लगातार इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। लोकसभा चुनाव में भी पत्रिका ने सबसे पहला मुद्दा सूखा बंदरगाह रखा। सूखा बंदरगाह को अनार्थिक बताने पर पत्रिका ने इसकी पैरवी करते हुए इसे आर्थिक होने के प्रमाण भी रखे।

**बाड़मेर से इजरायल वाया-गुजरात-अरब:** बाड़मेर में तेल-गैस-कोयला-खनिज के भण्डार हैं।

### इस वाटर-वे की लंबाई 490 किमी

गुजरात से राजस्थान तक वाटर-वे 490 किलोमीटर लंबा होगा। इसके बनने के बाद पर्यटन के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। वाटर-वे में वैसल्स के जरिए राजस्थान से ढाई मिलियन टन तक एक्सपोर्ट हो सकेगा। पिछले दिनों कोलकाता में नेशनल इनलैंड वाटर-वे अथॉरिटी की बैठक में राजस्थान में इनलैंड वाटर-वे टर्मिनल को लेकर चर्चा हुई थी।

प्रतिदिन राज्य को 10 करोड़ का राजस्व तो तेल से मिल रहा है। सूखा बंदरगाह के जरिए बाड़मेर गुजरात, अरब होते हुए सीधा इराजयल तक जुड़ सकता है। राज्य के लिए आयात-निर्यात का बड़ा केंद्र होगा।

**नकली की खपत**

## अब मेहंदी का रंग भी बदरंग


कारखाने में जब्त नकली मेहंदी व इनसेट में खाली कोन।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कोटा.** औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने गुरुवार देर रात कोटा में एक कारखाने पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में नकली मेहंदी बरामद की। यह मेहंदी राजस्थान, मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश में खपाई जा रही थी। ड्रग कंट्रोलर राजाराम शर्मा ने बताया कि कारखाना मोहम्मद यूसुफ का है। उसके पास लाइसेंस नहीं मिला। यहां कैमिकल के जरिए मेहंदी के कोन तैयार किए जा रहे थे। टीम ने 10 रुपए वाले 1248 और 15 रुपए वाले 10 हजार कोन बरामद किए हैं। यह सजनी गोल्ड दुल्हन मेहंदी के नाम से बेची व सप्लाई की जा रही थी।

---

**50 प्लस लंगोटिया ग्रुप** | **1973 से 75 तक साथ पढ़े, सहयोग के लिए रहते हैं हमेशा साथ**

# देश-विदेश में रहकर भी अपनी जन्मभूमि की माटी से नहीं छूटा लगाव

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सिरोही.** बचपन में साथ पढ़े, खेले-कूदे 54 दोस्त व्यवसाय व नौकरी के लिए देश के कई राज्यों व विदेश तक पहुंच गए, लेकिन उनका आज भी अपनी जन्मभूमि सिरोही से मोह नहीं छूटा हैं। उनका मानना है कि पेड़ तब तक खड़े हैं, जब तक अपनी जड़ों से जुड़े हैं। यहां बपचन बीता है, हम अपनी मातृभूमि को कैसे भूल सकते हैं। हम विदेश या अन्य जगहों पर चले गए, कितनी भी सुख-सुविधा में जीयें पर हमें वापस आकर अपनी जन्मभूमि में ही शांति मिलती है। इस धरती ने हमें बहुत कुछ दिया है, अब हमारा फर्ज है कि हम भी इसके लिए कुछ करें। इसी सोच के साथ सभी दोस्तों से मिलकर 2008 में 50 प्लस लंगोटिया ग्रुप बनाया। इस ग्रुप से जुड़े सभी 54 सदस्य 50 वर्ष से अधिक आयु के हैं, इसलिए इसका नाम 50 प्लस लंगोटिया ग्रुप रखा। ग्रुप के अधिकांश सदस्य प्रवासी हैं और कुछ सिरोही में भी रहते हैं। सभी दोस्त सामाजिक सरोकारों से जुड़े हैं और सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।


लंगोटिया ग्रुप के सदस्य।

### 30 वर्ष तक दूर रहे दोस्तों को वापस जोड़ा

**सभी** दोस्तों ने एक वाटसऐप ग्रुप बनाया और 1973 से 1975 में साथ-साथ पढ़ने वाले दोस्तों को जोड़ा। 20 से 30 साल तक दोस्तों से दूर रहे सभी साथी अब नियमित रूप से वार्तालाप करते हैं। वर्तमान में ग्रुप में 54 सदस्य हैं। ग्रुप के सभी सदस्य आज अलग-अलग पदों पर एवं देश-विदेश में अलग-अलग जगह पर व्यावसाय-नौकरी कर रहे हैं एवं संपन्न समाज का हिस्सा है।

### जहां बिताया बचपन, वहां बनवाई प्याऊ

ग्रुप के सदस्य जिस स्कूल में पढ़े और बपचन बिताया, उस स्कूल में प्याऊ बनवाई हैं। कोरोना महामारी के दौरान भी सिरोही में आर्थिक सहयोग दिया। गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए पानी के टैंकर, अनाथ बच्चों को राशन सामग्री, कपड़े सहित अन्य जरूरतमंदों की सहायता की।

**तीन दिन के लिए लौटते है बचपन में:** राजू भाई रावल के मुताबिक सदस्य दो साल में एक बार स्नेहमिलन करते हैं। 3 दिन के लिए मोबाइल फोन बंद रखकर खो-खो, कबड्डी, गिल्ली डंडा खेलते हैं।

### देश-विदेश में पहुंचे

ग्रुप के सदस्य विमल गहलोत ऑस्ट्रेलिया में चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, मनीष मरडिया अमरीका में इंजीनियर, दिनेश सिंघी दुबई में चार्टर्ड अकाउंटेंट, मोहन टेकवानी दुबई में उद्योगपति, महेंद्र मेवाड़ा सभापति नगर परिषद सिरोही, संजय सेठ दिल्ली में उद्योगपति, भारत भूषण हेल्दी चाचा के नाम से फेमस यूटयूबर, पुरुषोत्तम खंडेलवाल चार्टर्ड अकाउंटेंट, हितेंद्र शाह मुंबई में टेक्सटाइल व्यवसायी, विक्रम मुद्रा मुंबई में उद्योगपति है। ग्रुप के कुछ सदस्य आर्थिक रूप से कमजोर भी है तो उनकी सहायता को भी तत्पर रहते हैं।

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। **–वाल्तेयर**



राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# घातक कीटनाशकों से संकट में भारतीय मसाले

रासायनिक खाद व कीटनाशकों की मार घरों की रसोई में मसालों तक भी पहुंच गई है। कुछ भारतीय ब्राण्ड वाले मसालों में कैंसर का कारण बनने वाले घातक कीटनाशक ज्यादा मात्रा में पाए गए हैं। इस कारण कुछ देशों में ये मसाले प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। वहीं कुछ अन्य देशों ने इन्हें जांच के दायरे में ले लिया है। इनमें कुछ ब्राण्ड तो ऐसे भी हैं जिसके मसाले हमारे यहां रसोई में प्राथमिकता से काम में आते हैं। देश की ये नामी मसाला कम्पनियां भी जब लोगों की सेहत से जुड़े मामले में सतर्क नहीं दिखें, तो चिंता होना स्वाभाविक है।

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण हालांकि विवादों में आए मसाला ब्राण्डों में कैंसरकारक कीटनाशक पाए जाने की अपने स्तर पर जांच करा रहा है इसलिए नतीजे आने से पहले इस बारे में कुछ कहना जल्दबाजी होगा, लेकिन दुनिया के दूसरे देशों में भारतीय मसाला ब्राण्डों को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं वे निश्चित ही देश के तेजी से बढ़ते मसाला निर्यात कारोबार पर विपरीत असर डाल सकती हैं। यह इसलिए क्योंकि वैश्विक मसाला निर्यात में भारत की हिस्सेदारी करीब 12 फीसदी है। हमारा मसाला निर्यात 14.15 मिलियन टन का है। ऐसे में मसाला निर्माता कम्पनियों को यह तो ध्यान रखना ही होगा कि वे लोगों की सेहत से जुड़े मोर्चे पर खास सतर्कता बरतें। वैसे भी मसाला कारोबार में सौ प्रतिशत शुद्धता के साथ उत्पादों का निर्माण करना होता है, क्योंकि यह जीवन से जुड़ा मसला होता है। जिस तरह का विवाद उठा है उससे यह तो लगता ही है कि भारतीय मसाला कम्पनियों ने सेहत से जुड़े अहम बिन्दुओं की अनदेखी की है। हैरत की बात यह है कि दुनिया के दूसरे देश जब एक के बाद एक मसालों की जांच करवाकर तुरत-फुरत रिपोर्ट रखते जा रहे थे, तब हमारे यहां से कहा गया कि जांच बीस दिन बाद हो पाएगी। इसके बाद जब कुछ देशों ने मसाले वापस भेजने शुरू किए तो जिम्मेदारों ने इसे काफी हल्के में लिया और मामले की गंभीरता को समझा ही नहीं। जाहिर है कि नासमझी भरे ऐसे रवैये से परहेज किया जाना चाहिए था। चिंता यह करनी चाहिए थी कि भारतीय ब्राण्डों पर इस तरह का अविश्वास हमारे समूचे मसाला निर्यात को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त है। न केवल मसाला उद्योग और इससे जुड़े निर्यात पर, बल्कि दूसरी खाद्य वस्तुओं के उद्योगों और उनके निर्यात पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

हमारे देश में खाने-पीने के सामान और खास तौर से मसालों में मिलावट की समस्या पुरानी है। हालांकि मिलावट की रोकथाम के लिए जांच की एक तय प्रक्रिया भी है और कानून-कायदे भी, पर समस्या इन्हें सख्ती से लागू करने की ही है। ऐसे आरोपों के बीच देश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच व निगरानी व्यवस्था को तत्काल और पुख्ता करने की जरूरत है।

**सोम ही बीज है, विष्णु है, पालक भी है।** बीज नष्ट नहीं होता- नया बीज तैयार करने की क्षमता रखता है। पेड़ उसको मार्ग देता है। बीज पुरुष संस्थान का होकर भी सोम रूप में ही निर्माण करता है। पुरुष बीज को तैयार करने वाला है, किन्तु आज इसका ज्ञान लुप्त हो गया। स्त्रैण की भूमिका का ज्ञान भी लुप्त हो गया।

# सोम ही जीवनी शक्ति



गुलाब कोठारी
प्रधान संपादक
पत्रिका समूह
@patrika.com



**शरीर ही ब्रह्माण्ड**

तकनीक और कार्यशैली ने संवेदनाविहीन कर दिया। मन भी जीवन से बाहर निकल गया। विषय रह गए और तर्क करने के लिए बुद्धि रह गई। व्यक्ति गौण हो गया। शरीर का प्राकृत स्वरूप नहीं रहा। यहां तक कि स्त्री-पुरुष यज्ञ भी परम्परा बनकर रह गया।

सम्पूर्ण जगत ही माया है, सोम है। ब्रह्म जाग्रत रहता है। स्वयं की लीलाएं देखता रहता है। माया चतुर है। ब्रह्म को एक शरीर से निकालकर दूसरे में धकेल देती है। जीव जिस देह में जीता है, उसी में व्यस्त रहकर जी जाता है। शायद माया के साथ समझौता है ब्रह्म का कि वह अपनी मर्जी नहीं चलाएगा। न माया याद रख पाती है कि प्रत्येक शरीर के केन्द्र में ब्रह्म ही प्रतिष्ठित है। माया भी ब्रह्म को आसानी से कहां समझ पाती है!

ब्रह्म का नया शरीर पाना एक यज्ञ ही है। शरीर एक और ब्रह्म दो-दो। एक ईश्वर ब्रह्म और दूसरा जीव ब्रह्म। प्रवेश का मार्ग दोनों का एक। एक द्रष्टा, एक कर्ता-भोक्ता। एक को शरीर में छिपाना है- आकृति देकर, दूसरा निराकार है। आत्मा पर आकृति का आवरण भी यज्ञ है। अग्नि में सोम की आहुति ही यज्ञ है। स्त्री शरीर सोम है, भीतर अग्नि है। अतः यह यज्ञ भीतर की ओर होता है। उसका स्त्रैण भाव भीतर ही निर्मित होता है। अतः स्त्री तत्त्व को बाहर समझना कठिन है। नारी देह को समझ सकते हैं। इसी प्रकार पुरुष आग्नेय है, भीतर में सोम है। उसका विकास बाहर की ओर होता है। उसका विकास स्त्री की ओर तथा स्त्री का विकास भीतर की ओर। दोनों की दिशा एक ही हो जाती है। स्त्री का सोम पुरुष की ओर भी बहता है और स्वयं के भीतर भी। बाहर पुरुष का निर्माण करती है, भीतर उसकी सन्तान का। पुरुष में पौरुष भाव का निर्माण होता है। वह पुरुषार्थ में लग जाता है। स्त्री उसमें भीतर समाहित रहती है, किन्तु बाहर वेष्टन (आवरित) करती है। ऋत रूपा है। वेष्टन करने के कारण ही सोम के अधिष्ठाता विष्णु कहलाते हैं। हमारे चारों ओर का वायुमण्डल ही परमेष्ठी समुद्र है, सोम है। इसी में से पृथ्वी गुजरती है। यही सोम हमारे शरीर की अग्नि में आहूत होकर इसके स्वरूप की रक्षा करता है। सोम की यही उपलब्धता शरीर के अग्नि की जीवनी शक्ति है।

विपरीत भाव, प्रारब्ध और अहंकार (अस्तित्व) ही मूलरूप से अग्नि-सोम के मध्य आकर्षण के कारक हैं। आकर्षण क्रिया विहीन कामना है। कामना इन्द्रियों के माध्यम से प्रवेश करती है। इन्द्रियों की सभी क्रियाएं प्राणों द्वारा निष्पन्न होती हैं। प्राण को जीवन कहा है। बिना प्राणायाम के कोई यज्ञ सिद्ध नहीं हो सकता। ब्रह्म में लीन हो जाना योग कहा जाता है। इस योग की प्राप्ति यज्ञ के द्वारा ही सम्भव है। मन और इन्द्रियों का निग्रह आवश्यक है। कृष्ण कह रहे हैं कि योगीजन संयम रूपी अग्नि में समस्त इन्द्रियों को हवन करते हैं। दूसरे शब्दादि विषयों को इन्द्रिय रूप अग्नि में हवन करते हैं। अन्य योगी इन्द्रियों की सम्पूर्ण क्रियाओं को प्राणों की समस्त क्रियाओं के ज्ञान से प्रकाशित आत्मसंयम रूप अग्नि में हवन करते हैं–

**श्रोत्रादीनीन्द्रियाण्यन्ये संयमाग्निषु जुह्वति।**
**शब्दादीन्विषयानन्य इन्द्रियाग्निषु जुह्वति।।** (4.26)

**सर्वाणीन्द्रियकर्माणि प्राणकर्माणि चापरे।**
**आत्मसंयमयोगाग्नौ जुह्वति ज्ञानदीपिते।।** (4.27)

इसके साथ ही एक रहस्य भी खोल दिया कि अन्य योगीजन अपान वायु में प्राणवायु को हवन करते हैं। कुछ प्राणवायु में अपान वायु को हवन करते हैं। कई नियमित आहार करने वाले प्राणायाम परायण पुरुष प्राण और अपान की गति को रोककर प्राणों में प्राणों का हवन करते हैं। सभी जानते हैं कि यज्ञों द्वारा पापों का नाश होता है–

**अपाने जुह्वति प्राण प्राणेऽपानं तथाऽपरे।**
**प्राणापानगती रुद्ध्वा प्राणायामपरायणाः।।**(4.29)
**अपरे नियताहाराः प्राणान्प्राणेषु जुह्वति।**
**सर्वेऽप्येते यज्ञविदो यज्ञक्षपितकल्मषाः।।** (4.30)

इन सबका मूल मन्तव्य यही है कि यज्ञ से कैसे ब्रह्म को प्राप्त किया जा सकता है। इसके विषय में कृष्ण कह रहे हैं कि स्रुवा (आहुति डालने की लकड़ी की कड़छी) आदि उपकरण ब्रह्म हैं। हवन किए जाने योग्य द्रव्य भी ब्रह्म है। ब्रह्म रूप कर्ता के द्वारा ब्रह्म रूप अग्नि में आहुति-क्रिया भी ब्रह्म है- उस ब्रह्म कर्म में स्थित रहने वाला योगी जो फल प्राप्त करता है- वह भी ब्रह्म है–

**ब्रह्मार्पणं ब्रह्म हविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्।**
**ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्मसमाधिना।।** (4.24)

अग्नि-सोम का यह स्वरूप ही तय करता है कि कब-कौनसा प्राण अग्नि के समान कार्य करेगा अथवा सोम के समान। जब तक सोम उपलब्ध है, अग्नि प्रज्वलित रहता है। भीतर जब इस प्रकार के यज्ञ होते हैं तब उनके परिणाम भी स्पष्ट नहीं होते। प्रजनन यज्ञ भी इस प्रकार का उदाहरण है। स्त्री का सौम्य प्राण भीतर के अग्नि प्राणों तक कैसे पहुंच रहा है- समझा जा सकता है। वैसे सृष्टि के सभी यज्ञ पांच अवयव वाले ही होते हैं–पांक्तो वै यज्ञ। यह प्रजनन यज्ञ भी पांच ही आहुतियों के साथ भीतर से भीतर विस्तारित होता है।

पुरुष की आहुति (आधान) नया निर्माण नहीं करती। ब्रह्म का स्थानान्तरण मात्र करती है। इस बीज को कोई यज्ञ नष्ट नहीं कर सकता। इसमें दो प्रकार की आत्माएं (ईश्वरात्मा-जीवात्मा) स्त्री शरीर में प्रवेश पाती हैं जिनको आवरित करके स्वरूप देने का कार्य गर्भ में होता है। इसमें सभी देव-असुरों (प्राणों) की भूमिका रहती है। माता की योनि के अनुरूप जीवात्मा के वस्त्र तैयार होते हैं। मां भी जीव को पैदा नहीं करती। मात्र उसे गर्भ में रखकर पालन-पोषण व शिक्षण का कार्य करती है ताकि मानव योनि के अनुरूप परिवार में सद्गुणों से युक्त सन्तान का जन्म हो सके।

**जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च** (गीता 2.27)– जन्म और मृत्यु दोनों ही निश्चित हैं। आत्मा अमर है। शरीर में रहकर भी करता कुछ नहीं है। प्रकृति-माया ही चलाती है। जब तक माया प्रभावी है, ब्रह्म छिपा है। जैसे ही माया गई, ब्रह्म प्रकट हुआ। जीवन के मोक्ष को भी इसी सिद्धान्त से प्राप्त कर सकते हैं।

सोम की यही दिव्यता है। जलता हुआ- आहूत हुआ- दिखाई देता है, किन्तु आहूत होकर ही निर्माण कर सकता है। स्वतंत्र रहकर निर्माण नहीं कर सकता है। सोम ही बीज है, विष्णु है, पालक भी है। बीज नष्ट नहीं होता- नया बीज तैयार करने की क्षमता रखता है। पेड़ उसको मार्ग देता है। बीज पुरुष संस्थान का होकर भी सोम रूप में ही निर्माण करता है। पुरुष बीज को तैयार करने वाला है, किन्तु आज इसका ज्ञान लुप्त हो गया। स्त्रैण की भूमिका का ज्ञान भी लुप्त हो गया। बिना ज्ञान की इच्छा रह गई। दिशा हाथ से छूट गई। तब इच्छित वस्तु मन तक कैसे पहुंची।

दूसरी ओर तकनीक और कार्यशैली ने संवेदनाविहीन कर दिया। मन भी जीवन से बाहर निकल गया। विषय रह गए और तर्क करने के लिए बुद्धि रह गई। व्यक्ति गौण हो गया। शरीर का प्राकृत स्वरूप नहीं रहा। यहां तक कि स्त्री-पुरुष यज्ञ भी परम्परा बनकर रह गया। इसकी सारी विशेषताएं विकास के गर्त में चली गई। चर्या में जुड़कर रह गया। भोगवाद ने मानव को भी भोग की वस्तु बना दिया, उपकरण बना दिया। दिव्यता चर्चा से उठ गई। सोम का ऋत भाव बिखर गया, अग्नि की मर्यादा विषाक्त हो चली है। आहुतियों के मंत्र और माला के मणिये बिखर गए। नई वेदियां बनाने के लिए उपयुक्त स्थान का चयन एक दुर्लभ प्रयास बनकर रह गया है।

**क्रमशः**

gulabkothari@epatrika.com

**आर्ट एंड कल्चर**

# कला विरासत में भविष्य की दृष्टि

आज अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस है। इस बार यह दिवस 'शिक्षा और अनुसंधान के लिए संग्रहालय' विषय पर केन्द्रित रखा गया है। संग्रहालय का मूल ध्येय ही शिक्षा और अनुसंधान है। सीखने, नवीन कुछ पाने की चाह और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने में संग्रहालयों की भूमिका अहम है, बशर्ते इनके निहितार्थ में हम जाएं। पर हमारे यहां संग्रहालय जड़ता में आबद्ध हैं। कारण, शायद हमने कलाओं की अन्तर्दृष्टि में उन्हें संवारा नहीं। क्या ही अच्छा होता, संग्रहालय कला-संवाद के हेतु बनते। वहां संग्रहित पुरा महत्व की वस्तुएं इतिहास और हमारी संस्कृति का आलोक बनतीं। अपनी ही बात कहूं तो जब कभी किसी संग्रहालय पहुंचा हूं, अनुभव हुआ है जैसे किसी टाइम मशीन में पहुंच गया हूं। अतीत में झांकने की दृष्टि वहां पाई है तो बीते समय के पदचिह्नों में भविष्य की आहटें भी निरंतर सुनी हैं।



डॉ. राजेश कुमार व्यास
संस्कृतिकर्मी, कवि और कला समीक्षक
@patrika.com

पेरिस के लूव्र और दूसरे संग्रहालयों के बाहर बच्चों की इंतजार करती लंबी कतारों को देखने के बाद मुझे लगता है शिक्षण का बड़ा आधार भी संग्रहालय बन सकते हैं, बशर्ते वहां फैली उदासीनता को दूर किया जाए। वहां पसरे सन्नाटे में संवाद संभव किया जाए। संग्रहालय क्या है? अतीत का वातायन ही तो! काशी विश्वविद्यालय प्रांगण में स्थित भारत कला भवन, आरंभ में जिसका नाम 'भारतीय कला परिषद्' था, के उद्घाटन के समय महात्मा गांधी ने विजिटर बुक में लिखा था, 'भारतीय संस्कृति के अध्ययन की दृष्टि से यह अनुपम है।' उन्होंने बाकायदा 'यंग इंडिया' में इसके लिए कलापूर्ण या ऐतिहासिक वस्तुएं देकर आम जन से सहायता की विज्ञप्ति भी प्रकाशित की। शिक्षाविद देवी प्रसाद की एक महती पुस्तक है, 'शिक्षा का वाहन कला।' इसमें उन्होंने अपने अनुभवगत ज्ञान के आलोक में लिखा है कि कला जीवन को समृद्ध बनाती है। नंदलाल बोस ने कला-शिक्षा की दृष्टि से इस पुस्तक को बहुत महती माना था। शिक्षा के जिस वाहन रूप में कलाओं की बात पुस्तक में है, मुझे लगता है उस वाहन के पहिए संग्रहालय हैं।

**बतंगड़**

# ...ठुकराने पर ठीकरा फोड़ने का सुख

हरीश पाराशर

ठीकरा। जी हां। ...ठीकरों में इन दिनों बेचैनी है। उन्हें फोड़ने वाले जो तैयार बैठे हैं। दहशत इसकी भी कि कोई एक तो फूटेगा नहीं। पता नहीं कौन-किस पर और कहां-कहां पर इन्हें फोड़ेगा? ...यों तो सब 4 जून के बाद ही होना है, क्योंकि कई की दो जून की रोटी पर प्रश्नचिह्न लग जाएगा। कुछ को घी लगी मिलेगी और कुछ की बंद भी हो सकती है। फूल वालों से लेकर हाथी, हाथ वालों और लालटेन से लेकर साइकिल वालों तक ने अपने घर और कार्यालयों में ठीकरे जमा करने शुरू कर दिए हैं। वैसे ठुकराए जाने पर ठीकरा फोड़ने में मजा है। कहते भी हैं ना कि हर गलती कीमत मांगती है... इसलिए ठीकरा फोड़ना ही पड़ता है। पांच साल में एक बार होने वाले इस ओलम्पिक में गलती के हिसाब से ही कीमत होगी। तभी तो ठीकरों को भी लगता है कि उन्हें फोड़ने वाले कोई अचानक तो आएंगे नहीं। पहले पता लगाएंगे कि गलती किसकी है और कितनी है? दल-बदलने से लेकर चुनाव क्षेत्र बदलने तक की ये गलतियां हो सकती हैं। याद करो! पांच साल पहले पीएम रह चुके एक नेताजी से लेकर खुद को महाराज कहलाना पसंद करने वालों तक को जनता ने नकार दिया था। नर्सरी की बजाय सीधे यूनिवर्सिटी में दाखिला चाहने वाले कई 'शहजादों' के मंसूबों पर भी पानी फिर गया था। 4 जून को क्या होगा? सोच-सोच कर दिल बैठा जा रहा है। अलबत्ता ठीकरे दोनों तरफ से फोड़े जाएंगे। 'आर-पार' का नारा नहीं चला तो फूल वाले फोड़ेंगे और चल गया तो फिर हाथ के साथ वाले एकजुट होकर फोड़ेंगे। बहरहाल, सब धड़ाधड़ ठीकरे जमा कर रहे हैं ताकि वक्त जरूरत काम आ जाएं। कई ने 'देवतुल्यों' के आगे भी ठीकरे जमा कर दिए हैं। कुछ ने तो 'वोटों की मशीन' में पहले ही ठीकरे घुसा दिए हैं ताकि वे खुद ही फूट जाएं। ठीकरों की मार से बचाव के लिए कई ने तो अभी से ही आइएसआइ मार्का हेलमेट का ऑर्डर दे दिया है। लेकिन जिन्हें फोड़ना है वे तो ठीकरे फोड़ेंगे ही, चाहे निशाना कहीं और ही हो।

*चार जून को क्या होगा? ठीकरे दोनों तरफ से फोड़े जाएंगे। आर-पार का नारा नहीं चला तो फूल वाले फोड़ेंगे और चल गया तो फिर दूसरे वाले एकजुट होकर फोड़ेंगे।*

harish.parashar@epatrika.com

**महाराष्ट्र:** क्या आज के दोस्त कल के दुश्मन और आज के दुश्मन फिर से बनेंगे दोस्त!

# विधानसभा चुनाव की बिसात के मोहरे भी तय होंगे महाराष्ट्र के नतीजों से



मुंबई से
दौलत सिंह चौहान

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के नतीजे इसी साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के लिहाज से भी अहम रहने वाले हैं। यह चुनाव भाजपा के नेतृत्व में शिवसेना शिंदे और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) अजित पवार की महायुति और शिवसेना उद्धव के नेतृत्व में कांग्रेस और एनसीपी शरद पवार के महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच हो रहा है।

इसके नतीजे तय करेंगे कि आगामी विधानसभा चुनावों में महायुति और एमवीए की क्या यही सूरत बनी रहेगी या नतीजे इनका मौजूदा स्वरूप बदल देंगे। यह तय है कि जो दल ज्यादा सीटें जीतेगा उसी का विधानसभा की ज्यादा सीटों पर दावा होगा और वही चुनाव में गठबंधन का नेतृत्व करेगा। ऐसे में सीटों के बंटवारे के सवाल पर संभव है कि पार्टियां फिर से पाला बदलें और आज के दोस्त कल के दुश्मन और आज के दुश्मन कल दोस्त बन जाएं।

पिछला लोकसभा चुनाव जब भाजपा और टूटने से पहले की शिवसेना ने मिलकर लड़ा, तब भाजपा 25 सीटों पर लड़ कर 23 पर जीती थी, वहीं शिवसेना 23 सीटों पर चुनाव लड़ कर 18 पर जीती थी। इस बार के गणित के हिसाब से देखा जाए तो सबसे ज्यादा 28 लोकसभा सीटों पर भाजपा, दूसरे नंबर पर 21 सीटों पर शिवसेना उद्धव के प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा इस बार 3 ज्यादा सीटों पर तो शिवसेना के दोनों धड़े (21+15) कुल 36 सीटों पर मैदान में हैं। सीटों के बंटवारे के अनुसार महायुति में शिवसेना शिंदे 15, एनसीपी अजित पवार 4 सीटों पर मैदान में है तो महा विकास अघाड़ी में कांग्रेस 17 और एनसीपी शरद पवार 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। शिवसेना के दोनों धड़ों का अपने-अपने गठबंधन में भविष्य, जीती जाने वाली सीटों की संख्या पर निर्भर करेगा।



### फिर मच सकता है घमासान

**लोकसभा** चुनाव के 4 जून को आने वाले नतीजे तय करेंगे कि आगामी विधानसभा चुनावों में महायुति और महा विकास अघाड़ी में किस दल की चलेगी, कौन बड़ा भाई और कौन छोटा भाई होगा। लोकसभा चुनाव में सीटों का बंटवारा करते समय जिस दल ने जितनी और जो-जो सीटें ली हैं उनमें से ज्यादातर पर जीत दर्ज नहीं कर पाता है तो उस दल की विधानसभा चुनावों में सीटों पर दावेदारी कमजोर होगी। इस पर सीटों को लेकर फिर घमासान मच सकता है। ऐसे में कौन-सा दल किस गठबंधन में रहेगा और कौन-सा छोड़ जाएगा यह देखना दिलचस्प होगा।

### क्या इतिहास खुद को दोहराएगा

पिछला विधानसभा चुनाव भाजपा और टूटने से पहले की शिवसेना ने मिलकर लड़ा था, लेकिन नतीजे आने के बाद मुख्यमंत्री पद के विवाद के चलते शिवसेना ने भाजपा का साथ छोड़ दिया। ऐसे में राज्यपाल ने 288 सदस्यों की विधानसभा में 105 सीटें जीतने वाले सबसे बड़े दल भाजपा के नेता देवेंद्र फडणवीस को रातों-रात मुख्यमंत्री और एनसीपी के अजित पवार को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिला दी थी। हालांकि अजित पवार के साथ एनसीपी के विधायक नहीं आने से बहुमत नहीं हो पाया और फडणवीस को इस्तीफा देना पड़ा। बाद में उद्धव के नेतृत्व में एमवीए की सरकार बनी। करीब ढाई साल तक चलने के बाद यह सरकार एकनाथ शिंदे के शिवसेना तोड़ कर भाजपा के साथ मिल जाने से गिर गई। विडंबना यह रही कि इस तोड़फोड़ के बाद जो सरकार बनी, उसमें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे बने जबकि मुख्यमंत्री रह चुके देवेंद्र फडणवीस ने उप मुख्यमंत्री का पद स्वीकार कर लिया। ऐसे में लोकसभा चुनाव में यदि शिवसेना शिंदे पर्याप्त सीटें नहीं जीत पाई तो मुख्यमंत्री पद से उसे हाथ धोना पड़ सकता है। तब क्या शिंदे भाजपा के मुख्यमंत्री के साथ खुद उप मुख्यमंत्री बनना स्वीकार करेंगे और भाजपा के साथ महायुति में बने रहेंगे या सत्ता के लिए फिर समीकरण बदलेंगे। यह सवाल अहम होगा।

इसी तरह एमवीए में सबसे ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ रही शिवसेना उद्धव की स्थिति इन चुनावों में कमजोर हुई तो विधानसभा चुनावों में उसका ज्यादा सीटों पर दावा कमजोर हो जाएगा और एमवीए में कांग्रेस और एनसीपी (शरद पवार) हावी होने की कोशिश करेगी। ऐसे में शिवसेना (उद्धव) एमवीए में रहेगी या नहीं, यह सवाल अहम रहेगा। एमवीए में शिवसेना उद्धव के बाद कांग्रेस सबसे ज्यादा 17 सीटों पर किस्मत आजमा रही है, जो पिछले लोकसभा चुनाव में 25 सीटों पर लड़ कर सिर्फ एक ही जीत पाई थी। टूटने से पहले की एनसीपी ने उस समय 19 सीटों पर चुनाव लड़ा और चार सीटें जीती थीं।

**पत्रिका साक्षात्कार**

**जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस के नेता जावेद हसन बेग से बातचीत**

# 'भाजपा जिसे शांति कहती है, वह एक आदेश की पालना है'

*जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद शांति कायम होने के भाजपा के दावे पर नेशनल कांफ्रेंस के नेता जावेद हसन बेग कहते हैं कि कश्मीर में शांति केवल भाजपा को ही दिखती है। प्रस्तुत हैं पत्रिका संवाददाता **अनिल कैले** की उनसे बातचीत के अंश:*

**Q बारामूला लोकसभा क्षेत्र में मतदान होने वाला है। चुनावी माहौल के बारे में क्या कहेंगे?**
नेशनल कांफ्रेंस जम्मू-कश्मीर में घर-घर जाना जाने वाला नाम है। इस पार्टी से इतिहास जुड़ा है। पांच साल से जम्मू-कश्मीर के लोगों की आवाज दबी हुई है। इसे लोकसभा में पहुंचाना उत्तरी कश्मीर के लोगों का मिशन बन गया है।

**Q श्रीनगर क्षेत्र को नेशनल कांफ्रेंस का गढ़ माना जाता है। फिर उमर अब्दुल्ला बारामूला से चुनाव क्यों लड़ रहे हैं?**
ये बातें वो लोग कर रहे हैं जिन्हें राजनीति की समझ नहीं है। लोगों के लिए राजनीतिक सीमा हो सकती है। हमारे लिए ऐसी सीमा नहीं है। उमर अब्दुल्ला की पूरे मुल्क में पहचान है।

**Q एनसी और पीडीपी 'इंडिया' गठबंधन में हैं, फिर कश्मीर में एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव क्यों लड़ रहे हैं?**
जमीनी कार्यकर्ताओं का हमारे पार्टी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला के पास फीडबैक पहुंचा कि हम एक-दूसरे को वोट ट्रांसफर नहीं कर पाएंगे। महबूबा मुफ्ती को आक्रामक रवैया अपनाने के बजाए वक्त की नजाकत और जरूरत को समझना चाहिए था। नेशनल कांफ्रेंस की प्रदेश के हर हिस्से में मौजूदगी है। इसलिए नेशनल कांफ्रेंस का सभी सीटों पर चुनाव लड़ना जरूरी था।



**Q अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में राहत मिली है?**
**बेग:** हम अनुच्छेद 370 को जम्मू और कश्मीर के लोगों को भारत सरकार की ओर से दिया गया एक भरोसा समझते थे। अब लगता है कि कुछ चीजें जबरन की जाएंगी।

**Q क्या कश्मीर में इस बार अनुच्छेद 370 ही प्रमुख मुद्दा है?**
यह बात सही है कि 5 अगस्त 2019 के बाद हिंसा पूरी तरह बंद हो गई है। पर शांति के दावों और आदेश की पालना में बड़ा अंतर है। शांति स्वेच्छा से कायम होती है, आदेशों से लोगों को खामोश कर दिया जाता है। सूबे में निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव की जरूरत है।

**Q यहां बेरोजगारी, महंगाई, व्यापार पर बात क्यों नहीं होती ?**
हम नौजवानों को यकीन दिलाते हैं कि उनकी इज्जत व उनके रोजगार के लिए संघर्ष ही पार्टी का मिशन है।

**आपकी बात**

### मरीज की बात ध्यान से सुनी जाए

**कभी-कभी** चिकित्सकों के पास मरीजों का काफी दबाव होता है। मरीजों को कम समय देने की वजह से वे उनकी बात को ध्यान से नहीं सुन पाते। चिकित्सक के पास समय कम होने की वजह से मरीज भी अपनी बात को पूरी तरह या अच्छी तरह नहीं कह पाता। चिकित्सक मरीज की आधी-अधूरी सुनते हैं और लापरवाही कर बैठते हैं। **- प्रियव्रत चारण 'लव'**, जोधपुर

### संवेदनशीलता दिखाएं चिकित्सक

**मरीज** के लिए चिकित्सक भगवान का रूप है। मरीजों को उस पर भरोसा होता है कि वही उसे बीमारी से निजात दिलाएगा और स्वस्थ रखेगा। पर कई बार जल्दबाजी और लापरवाही से गलत इलाज के आरोप भी लगते हैं। उंगली की जगह जीभ की सर्जरी करना गंभीर लापरवाही को प्रमाणित करता है। चिकित्सकों को संवेदनशीलता दिखानी होगी। **- साजिद अली**, इंदौर

**आज का सवाल**

**अदालतें नियमित जमानत याचिकाओं पर फैसले में क्यों देरी करती हैं?**

कल का सवाल: उंगली की जगह जीभ की सर्जरी जैसी लापरवाही के मामले कैसे रोके जा सकते हैं?

**ईमेल करें:** edit@epatrika.com

### लापरवाही के लिए दण्डित हों डॉक्टर

इसके लिए ऑपरेशन रूम के बाहर बैठे मरीज के निकटतम संबंधी को ऑनलाइन ऑपरेशन देखने की सुविधा हो। लापरवाह चिकित्सक व टीम को दंडित करने का प्रावधान होना चाहिए। गलती के लिए चिकित्सक से क्षतिपूर्ति वसूलने का प्रावधान होना चाहिए। संभव हो तो कुछ समय के लिए उसे सस्पेंड भी किया जा सकता है। **- मुकेश भटनागर**, भिलाई, छत्तीसगढ़

### सर्जरी की प्रक्रिया का हो पूर्ण सत्यापन

सर्जरी से पहले की जाने वाली प्रक्रियाओं में कोताही बरती जाती है तो ही इस तरह की गलतियां सामने आती हैं। ये सरासर मरीज की जिंदगी के साथ खिलवाड़ है। ऐसे में सही व्यक्ति, प्रक्रिया और सर्जरी से पहले सर्जरी की साइट का सत्यापन होना चाहिए। सत्यापन के दौरान रोगी को शामिल किया जाना चाहिए। **- डॉ. अजिता शर्मा**, उदयपुर



**बिलासपुर:** किसान से जमीन सीमांकन के बदले मांगी थी घूस

# आरआई को 1 लाख की रिश्वत लेते एंटी करप्शन ब्यूरो ने किया गिरफ्तार

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**बिलासपुर.** जमीन सीमांकन को लेकर तोरवा के किसान से 1 लाख रुपए रिश्वत मांग रहे आरआई को तहसील कार्यालय में एसीबी बिलासपुर की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। दोपहर करीब 12 बजे हुई इस कार्रवाई के बाद कार्यालय में हड़कम्प मंच गया।

मोपका क्षेत्र निवासी किसान ने एसीबी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी जमीन के सीमांकन को लेकर आरआई संतोष कुमार देवांगन लंबे समय से टालमटोल कर रहा है। 1 लाख रुपए लिए बिना वह जमीन का सीमांकन करने को तैयार नहीं है।

शिकायत के बाद एसीबी टीम जमीन मालिक के साथ शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे तहसील कार्यालय पहुंची। किसान ने जेब से रुपए निकाल कर रेवेन्यू इंस्पेक्टर संतोष कुमार देवांगन को दे दिया। किसान के जाते ही एसीबी डीएसपी राहुल सिंह व उनकी टीम ने आरआई देवांगन को पकड़ लिया और पास से किसान के दिए हुए नकद 1 लाख भी बरामद किया है।



**बिलासपुर.** आरआई को कोर्ट ले जाते एसीबी के अफसर।

**कोंडागांव:** एनीकट निर्माण को एक्सटेंशन देने मांगे थे 7 लाख

# 50000 की घूस लेते जल संसाधन विभाग के ईई को दबोचा

**पत्रिका ब्यूरो @ कोंडागांव.** जल संसाधन विभाग में पदस्थ कार्यपालन अभियंता टी.आर. मेश्राम को 50 हजार रुपए की घूस लेते पकड़ा गया है। ईई मेश्राम को रिश्वत की यह रकम लेते उसके सरकारी निवास में एंटी करप्शन ब्यूरो ने शुक्रवार की दोपहर रंगे हाथों गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत ओटेन्डा में एनीकट निर्माण का एक्सटेंशन देने के एवज में ईई मेश्राम ने ठेकेदार से 7 लाख की मांग की थी। जिसके तहत ठेकेदार के द्वारा शुक्रवार को पहली किस्त के रूप में 50 हजार की राशि देना तय हुआ था। ठेकेदार ने इसकी शिकायत एसीबी से कर दी थी। एसीबी ने मेश्राम के निवास में यह डील करने की योजना पर अमल किया। जैसे ही ठेकेदार ने घूस की रकम मेश्राम को दी, एसीबी की टीम ने दबिश दे दी। टीम ने रकम व उसके हाथ में लगे कैमिकल का परीक्षण कर उसे गिरफ्त में ले लिया है।



ईई मेश्राम को एंटी कप्शन ब्यूरो ने गिरफ्तार किया।

**अंबिकापुर:** एनओसी देने के बदले मांगी थी राशि

# 35 हजार की रिश्वत लेते सहायक संचालक और मानचित्रकार पकड़े गए

**पत्रिका ब्यूरो @ अंबिकापुर.** एसीबी ने नगर निवेश कार्यालय में शुक्रवार की दोपहर दबिश देकर सहायक संचालक व मानचित्रकार को 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। अंबिकापुर के मोमिनपुरा निवासी वसीम बारी को अपने रिश्तेदार की भूमि की उपयोगिता के एनओसी की जरूरत थी। इसके लिए नगरीय निकाय कार्यालय अंबिकापुर में पदस्थ सहायक संचालक बालकृष्ण चौहान व मानचित्रकार निलेश्वर कुमार धुव्र द्वारा 35 हजार रुपए की डिमांड की। प्रार्थी ने इसकी शिकायत एसीबी से की। इस आधार पर एसीबी टीम ने योजनाबद्ध तरीके से शुक्रवार की दोपहर नगर निवेश कार्यालय में दबिश देकर सहायक संचालक व मानचित्रकार को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।



निलेश्वर धुव्र बालकृष्ण चौहान

# रायपुर: कीचड़ से सोना निकालने की कोशिश, ताकि जिंदगी चलती रहे



**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** खारून नदी में इन दिनों पानी कम और कीचड़ ज्यादा है। नदी में भंयकर बदबू भी है। ऐसे में एक व्यक्ति नदी में कीचड़ में बर्तन लेकर सोना ढूंढने की कोशिश करता हुआ। घंटों की मेहनत के बाद कभी कभार एक छोटा सा सोने का कण इनके हाथ लग जाता है यही इनके जीवन जीने का जरिया बनता है। **फोटो : त्रिलोचन मानिकपुरी**

**रायगढ़ :** पुरानी रंजिश के चलते ग्रामीण ने दिया वारदात को अंजाम

# डिप्टी रेंजर की मौत हादसा नहीं, हत्या

- धरमजयगढ़ पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझाया मामला
- आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायगढ़.** डिप्टी रेंजर की बीते गुरुवार को हुई मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। दरअसल यह सड़क हादसा नहीं बल्कि सुनियोजित तरीके से एसयूवी से कुचल कर उनकी हत्या की गई थी। यह मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा हुआ है। धरमजयगढ़ पुलिस ने घटना को 24 घंटे के भीतर सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि धरमजयगढ़ के काष्टागर फॉरेस्ट कॉलोनी निवासी सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी संजय तिवारी पिता गोकुल प्रसाद तिवारी (53) 16 मई की दोपहर करीब 3 बजे धरमजयगढ़ मेन रोड़ कृषि उपज मंडी के पास पहुंचे थे। इस समय एक अज्ञात एसयूवी की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में भर्ती कराया गया था। प्रारंभिक जांच के बाद ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। धरमजयगढ़ पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के धारा 304 ए आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

**मामले में बदला गया धारा :** प्रारंभिक रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में धारा 304 ए आईपीसी का प्रकरण दर्ज किया था। वहीं मामले की जांच के बाद आरोपी पर धारा 302 आईपीसी लगाया गया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन एवं उसके दस्तावेज जब्त कर लिया है। वहीं शुक्रवार को आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

**इससे पूर्व भी हुई थी रेंजर की हत्या :** धरमजयगढ़ वन मंडल के लैलूंगा रेंज में इससे पूर्व वर्ष 2016 में एक रेंजर डीआर लदेर की हत्या हुई थी। यह घटना तब हुई थी जब शाम के समय रेंजर अपने दफ्तर से निकल कर पास ही अपने सरकार आवास पर जा रहे थे। इस करीब चार लोग वहां पहुंचे और धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर दिया। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया था। यह मामला लकड़ी तस्करी से जुड़ा था। वहीं डिप्टी रेंजर की हत्या का मामला दूसरा है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## सीसीटीवी की फुटेज से मिला क्लू

**विवेचना** के दौरान प्रत्यक्षदर्शी एवं सीसीटीवी फुटेज से अज्ञात एसयूवी का पता लगाया गया। इसमें वाहन (सीजी 13 यूई 0377 ) द्वारा घटना किए जाने का साक्ष्य मिला। ऐसे में पुलिस टीम तत्काल ग्राम बेहरापारा में दबिश देकर वाहन चालक बसंत कुमार यादव को हिरासत में लिया। हिरासत में लेकर संदेही से पूछताछ की गई। प्रारंभिक पूछताछ में तो वह टालमटोल करते रहे, लेकिन पुलिस ने जब सख्ती बरती तो बसंत कुमार यादव ने यह बताया कि डिप्टी रेंजर संजय तिवारी के साथ उनकी पुरानी रंजिश थी। इस बात को लेकर उनके हत्या की साजिश रची। धरमजयगढ़ के बेहरामार निवासी आरोपी बसंत कुमार यादव पिता बालमुकुंद यादव (50) ने पुलिस की पूछताछ पर बताया कि कुछ समय पहले से डिप्टी रेंजर संजय तिवारी के साथ झगड़ा विवाद चला आ रहा था। ऐसे में वह उनकी हत्या का मौका तलाश रहा था।

## गाड़ी रिवर्स कर दोबारा मारी ठोकर

**16 मई** की दोपहर बसंत यादव बोलेरो से नागदरहा जा रहा था। उसी समय उसने बाइक पर संजय तिवारी को धरमजयगढ़ की ओर से आते देखा। इस समय उसने अपनी एसयूवी को मोड़कर संजय तिवारी का पीछा किया और कृषि उपज मंडी के पास संजय तिवारी की बाइक को बोलेरो से ठोकर मार दी। इससे संजय तिवारी रोड में गिर गए। आरोपी ने साइड ग्लास से डिप्टी रेंजर को देखा तो उन्हें ज्यादा चोटें नहीं आई थी। आरोपी ने फिर अपने वाहन को बैक कर संजय तिवारी की बाइक के पीछे से ठोकर मारी। इससे संजय तिवारी के सिर, माथे में गंभीर चोटें आई। इसके बाद आरोपी फरार हो गया।

मामले की जांच में खुलासा हुआ कि पुरानी रंजिश पर डिप्टी रेंजर की हत्या की गई थी। ऐसे में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।
**सिद्धांत तिवारी,** एसडीओपी, धरमजयगढ़

भैरमगढ़ ब्लॉक में चिपकाए पॉम्पलेट

# नक्सलियों ने दी 10 डीआरजी जवानों को सजा देने की धमकी

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**बीजापुर.** भैरमगढ़ ब्लॉक के उसपरी और बैल गांव के आंगनबाड़ी और शासकीय राशन दुकान में नक्सलियों ने लोकतंत्र विरोधी पॉम्पलेट चिपका रखे हैं। इन पॉम्पलेट में चुनाव का बहिष्कार करने, कांग्रेस-भाजपा के नेताओं को मार भगाने के डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआजी) के 10 जवानों का नाम लिखकर उन्हें सख्त सजा भुगतने की चेतावनी दी है। नक्सलियों का आरोप हैं कि इन जवानों ने मुठभेड़ में निरीह ग्रामीणों को मार दिया था। हालांकि यह पॉम्पलेट कब चिपकाए गए हैं इस पर संशय है क्योंकि विधानसभा व लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया खत्म हो गई है। इसके बाद यह पॉम्पलेट उजागर हुए हैं। इंद्रावती एरिया कमेटी के नाम से जारी इस पॉम्पलेट में डीआजी के मोटू ओयाम, राजू ओयाम, अर्जुन ओयाम, मोटू हपका, फागु मुचाकी, वेंजाम शिवनाथ, शिवराम डोडी, लालू, पदम मोहन, कर्मा चमराल के नाम छपे हैं। दावा किया गया है कि ये उन्हीं जवानों के नाम हैं, जिन्होंने ग्रामीणों को मारा हैं।

## पुल निर्माण में लगे मजदूरों को भी दी धमकी

**नक्सलियों** ने इन भवनों के सामने स्थित पेड़ों पर पर्चा चस्पा कर पुल निर्माण में जुटे मजदूरों को भी धमकी दी है। मजदूरों को सड़क और पुल-पुलिया निर्माण में काम न करने हिदायत दी गई है। जिस जगह यह पर्चा देखा गया है वहां से कुछ किमी दूर इंद्रावती नदी पर फुंडरी और बेदरे में 2 बड़े पुल भी बन रहे हैं। नक्सली इस पुल के बनने का विरोध कर रहे हैं।

बीजापुर जिले के भैरमगढ़ इलाके में सादे कागज में लिखे कुछ पर्चे बरामद हुए हैं विभाग इनकी तस्दीक करवा रहा है। पुलिस सतर्क है स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है इस मामले में पुलिस उचित कदम उठाएगी।
**चंद्रकांत गर्वना,** एडि.एसपी बीजापुर

# लकड़ी तस्करों ने 600 यूकेलिप्टस पेड़ काटे



**जनकपुर @ पत्रिका.** भरतपुर विकासखंड में वन और राजस्व एरिया में लकड़ी तस्करों का आतंक से फॉरेस्ट व ग्रामीण परेशान हैं। तस्करों ने राजनैतिक दल के संरक्षण में दो दिन पहले निजी भूमि पर आठ साल पहले लगे यूकेलिप्टस के 600 पेड़ जबरन काट डाले हैं। जिसकी कीमत 4-5 लाख होने का अनुमान लगाया गया है। मामले में जमीन मालिक भीमसेन गुप्ता ने थाना प्रभारी एवं तहसीलदार को शिकायत सौंपी है। जिसमें बताया कि ग्राम मसौरा स्थित निजी भूमि खसरा क्रमांक 184/4 रकबा 0.23 हेक्टेयर में आठ साल पहले 1000 यूकेलिप्टस के पौधे लगवाए गए थे। जो बड़े पेड़ बन गए थे। लेकिन लकड़ी तस्करों ने जबरन करीब 600 तक पड़े काट डाले हैं और लकड़ी बेचने की तैयारी थी। मामले में लकड़ी तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने मांग रखी है।

## क्रेन, ट्रक व लाखों की पकड़ाई थी लकड़ी

जानकारी के अनुसार राजस्व अमले ने जनवरी 2023 में वनपरिक्षेत्र बहरासी के शेरी से जोलगी जाने वाले रास्ते पर भूमका डोल के पास जंगल से कटी अवैध लकड़ी लोड ट्रक पकड़ा था। जिसे वन अमले को सौंप गया था। वहीं फरवरी 2023 में बहरासी वनपरिक्षेत्र के रामगढ़ जंगल में लकड़ी लोड ट्रक, क्रेन, ऑटो, दो बाइक सहित 50 लाख का माल लकड़ाया था। इमारती लकड़ी को अवैध तरीके से मध्यप्रदेश भेजी जा रही थी। मनेंद्रगढ़ वनमंडल के कुंवारपुर, बहरासी, जनकपुर, कोटाडोल परिक्षेत्र में लकड़ी तस्कर सक्रिय हैं। चोरी-छिपे जंगल से इमारती लकड़ी काटकर मध्यप्रदेश भेजते हैं।

## वसूली के लिए व्यवसायियों को धमका रही सरकार: बैज

**रायपुर@पत्रिका.** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया है कि पांच माह की भाजपा सरकार वसूली के लिए व्यापारियों को धमका रही है। अवैध वसूली से व्यापार और उद्योग जगत के लोग परेशान हो गए है। बिल्डर, जमीन व्यापारी, राइस मिलर, छोटे-बड़े व्यवसायी सभी भाजपा सरकार की भयादोहन वाली नीति से परेशान हो गए है। कृषि के बाद सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला रियल स्टेट सेक्टर भाजपा सरकार की वूसली वाली नीति के कारण छत्तीसगढ़ में बर्बाद होने लगा है। बैज का आरोप है कि व्यापारियों को धमकाने, जीएसटी के छापे मरवाएं जा रहे हैं। उनसे सेटलमेंट के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। छोटे-छोटे व्यापारियों तक के यहां जीएसटी के छापे मार कर परेशान किया जा रहा है। राज्य का व्यापारिक माहौल खराब हो चुका है।

# ओडिशा में बनेगी भाजपा की सरकार: विष्णुदेव

**रायपुर@पत्रिका.** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को ओडिशा में चुनाव प्रचार के दूसरे दिन शुक्रवार को तीन जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने सुंदरगढ़ लोकसभा के बीरमित्रपुर, राजगांगपुर और सुंदरग में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया। उन्होंने कहा कि 4 जून को बीजेडी सरकार का एक्सपायरी डेट है और 10 जून को यहां पर भाजपा की सरकार बनेगी।

साय ने जनसभा में कहा कि भाजपा ने ओडिशा में जो घोषणा पत्र बनाया है, उसमें वादा किया है कि सरकार बनने पर यहां किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान की कीमत मिलेगी। माताओं को पचास हजार रुपए का वाउचर मिलेगा। बुजुर्ग, विकलांग और बुनकरों को तीन हजार रुपए भत्ता मिलेगा। छोटे-मोटे काम कर जीवन-यापन करने वालों सरकार पचास हजार रुपए का लोन देगी। ओडिशा की 25 लाख दीदीयों को लखपति दीदी बनाया जाएगा। घोषणा पत्र में पांच लाख रोजगार देने की बात भी है। यहां पंद्रह लाख प्रधानमंत्री आवास बनाए जाएंगे।

**विकास से कोसों दूर है ओडिशा:** चुनावी सभा में बीजेडी सरकार को घेरते हुए सीएम साय ने कहा, यहां चौबीस वर्षो से नवीन पटनायक की सरकार है, मगर दुर्भाग्य है कि वे ओड़िया नहीं सीख पाए। वे ओडिशा के लोगों की तकलीफ को कैसे समझेंगे। लोग कहते हैं कि ओडिशा की सरकार को नवीन बाबू नहीं, कोई दूसरा चला रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना का लाभ आम आदमी को न मिलने का आरोप लगाया।

वाणिज्यिक कर(पंजीयन) विभाग राजस्व के नुकसान पर गंभीर

# संपत्ति का मूल्यांकन गाइडलाइन से कम दर पर हुई तो होगी कार्रवाई

**रायपुर@पत्रिका.** वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग संपत्ति के मूल्यांकन से होने वाले नुकसान को लेकर गंभीर होता दिख रहा है। इस संबंध में जिला पंजीयकों को पत्र लिखकर संपत्ति के न्यूनतम मूल्यांकन के फलस्वरूप होने वाली राजस्व हानि को रोकने के साथ प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने का निर्देश दिया है। विभाग द्वारा जिला पंजीयकों को जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित गाइडलाइन कीमतों से कम कीमत पर संपत्ति का मूल्यांकन नहीं किया जाए। यदि किसी प्रकरण विशेष में ऐसा प्रतीत होता है कि संपत्ति की कीमत गाइडलाइन दर से भी कम हो सकता है, तो नियमों के तहत साक्ष्यों के साथ प्रस्ताव भेजकर अनुमोदन के उपरांत आगे की कार्रवाई करें। यही नहीं, नई आवासीय, व्यावसायिक या औद्योगिक परियोजना का मूल्य निर्धारण करते समय छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों को आधार बनाते हुए नियमों के अनुसार कार्रवाई करने निर्देशित किया है।

**गलत जानकारी देकर करोड़ों की** ...

## प्रकरणों का एक माह में करें निराकरण

पत्र में कलेक्टर ऑफ स्टाम्प के समक्ष दर्ज प्रकरणों का निराकरण एक माह के भीतर सुनिश्चित करने कहा गया है। वहीं, ऐसे प्रकरण में जहां जांच आवश्यक हो, कारण बताते हुए अधिकतम तीन माह के भीतर निराकरण करने कहा गया है। यही नहीं जिला पंजीयकों द्वारा निराकृत प्रकरणों की सूची 15 दिन में एक बार, महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक छत्तीसगढ़ को निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से भेजने के लिए निर्देशित किया गया है। इन निर्देशों का उल्लंघन करते पाए जाने पर गंभीर कदाचार मानते हुए कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**स्टाम्प ड्यूटी चोरी:** मकान की जगह प्लॉट, बाजार की जगह मोहल्ला और हाईवे की जगह सामान्य सड़क दर्शाकर स्टाम्प ड्यूटी चोरी का खेल पंजीयन कार्यालय में लंबे समय से चल रहा है। गलत जानकारी देकर सरकारी खजाने को लाखों रुपए की चपत लगाया गया है।

**योजना** | परिवार सहित जुटे रहते है तेंदूपत्ता संग्रहण में

# संग्राहकों के लिए वरदान बना तेंदूपत्ता संग्रहण, कई जरूरतें हो सकेंगी पूरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जांजगीर-चांपा.** जिले के तीनों वन रेंज में अप्रैल के अंतिम सप्ताह में तेंदूपत्ता का तोड़ने का कार्य शुरू हो गया है। तेंदूपत्ता वनवासियों व ग्रामीणों के आर्थिक स्त्रोत का बहुत बड़ा जरिया है। इसके संग्रहण से मिलने वाले पैसों से ही वनवासियों की साल भर की जरूरतें पूरी होती है।

बलौदा क्षेत्र में तेंदूपत्ता बहुत ज्यादा मात्रा में उत्पन्न होता है। ग्रामीण इसका संग्रहण के महीने भर पूर्व से तैयारी करना शुरू कर देते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उनके लिए तेंदूपत्ता वरदान हैं। इसे तोड़ने के लिए रस्सी, राशन सामग्री के अलावा अन्य आवश्यक तैयारियां एक माह पूर्व से करते हैं ताकी पत्ते तोड़ते समय कोई समस्या न हो। पत्ता तोड़ने पूरा घर जुट जाता है, क्योंकि सब कुछ समय पर करना होता है। ग्रामीणों ने बताया कि पूरे गांव के लोग पहले जंगल से पत्ता तोड़ते हैं, फिर इसके बाद अपने खेत, बाड़ी में तेंदुपत्ता का संग्रहण करते हैं। खाने की जरूरत तो खेतों में धान उगा कर हो जाती है, लेकिन साल भर अन्य खर्च के लिए पैसा तेंदूपत्ता तोड़ने से ही होता है। छात्रों के अनुसार वे भी परिवार के साथ पत्ता तोड़ाई करते हैं और अपना अलग हिसाब रखते हैं। इससे मिलने वाली राशि का अपनी पढ़ाई के लिए पुस्तकें, कापी, यूनिफार्म आदि खरीदने में करते हैं। बलौदा रेंज के अंतर्गत अकलतरा, बलौदा, खिसोरा, पंतोरा, पहरिया के जंगलों में सबसे अधिक तेंदूपत्ता संग्रहण किया जाता है। जिले में सबसे अधिक यहीं तेंदूपत्ते का संग्रहण किया जाता है। जिले में 4 हजार रुपए प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता की खरीदी की जाती है।



## अब तक 75 प्रतिशत तेंदूपत्ते का संग्रहण

तेंदूपत्ता संग्रहण का काम अप्रैल के अंतिम सप्ताह से शुरू हो गया है। तीन रेंज में बढ़ी संख्या में ग्रामीण हर रोज संग्रहण करने सुबह से ही पहुंच जाते है। अब तक 75 प्रतिशत तेंदूपत्ते का संग्रहण हो चुका है। ज्ञात हो कि 8 हजार 400 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। इस साल मौसम साथ देने की वजह से बहुत तेज गति से तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य हो रहा है।इस साल तेज गर्मी पड़ने की वजह से लक्ष्य पूरा होने की संभावना है। अब तक सबसे अधिक पत्ता बलौदा रेंज में ही खरीदी गई है। ग्रामीण सुबह पत्ता तोड़ने जंगल की ओर निकल जाते हैं। दोपहर में तोड़े हुए पत्तों को गड्डी बनाकर शाम को बिक्री करते हैं।

अब तक 75 प्रतिशत तेंदूपत्ता संग्रहण कर लिया गया है। इस वर्ष गर्मी अच्छी पड़ रही हैं। इसलिए पिछले बार की अपेक्षा माल अच्छा मिल रहा है। सप्ताह भर में ही लक्ष्य पूरा होने की संभावना है।
**एचआर शर्मा,** एसडीओएफ

# प्रेमी से मिलकर पति को मार डाला

**मनेंद्रगढ़ @ पत्रिका.** मनेंद्रगढ़ के चनवारीडांड़ मौहारीपारा में मिली युवक की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पत्नी ने ही अपने प्रेमी व उसके दोस्त के साथ मिलकर 15 मई की रात पति का बेरहमी से कत्ल कराया था। 16 मई की सुबह उसकी लाश उसकी लाश मौहारीपारा में मिली थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि प्रेमी व उसके दोस्त को तलाश करने झारखंड गई है। पत्नी ने ही 3 महीने पहले पति की हत्या की साजिश रची थी। 16 मई की सुबह 6.15 बजे मनेंद्रगढ़ पुलिस को मोबाइल से सूचना मिली कि मौहारीपारा चनवारीडांड ग्राउण्ड फॉरेस्ट डिपो के पीछे एक व्यक्ति का शव पड़ा है। मौके पर पहुंच कर मुआयना किया गया। इस दौरान मृतक रईस अहमद 40 वर्ष को अज्ञात आरोपी ने हाथ-मुक्का, लात तथा हथियार से मारपीट कर हत्या करना प्रथम दृष्टया पाया गया।

इटावा : प्रबंधन की लापरवाही परलक्षित होती दिखी, समयपूर्व हुआ था प्रसव

# सफारी में रूपा ने जन्मे 4 शावक, सभी की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इटावा.** इटावा सफारी पार्क स्थित लाइन सफारी में शेरनी रूपा ने शुक्रवार को चार शावकों को जन्म दिया, लेकिन जन्म के कुछ देर बाद ही एक-एक करके चारों की मौत हो गई। शावकों की मौत को लेकर प्रारंभिक तौर पर सफारी प्रबंधन की लापरवाही परलक्षित होती हुई दिख रही है, लेकिन सफारी प्रबंधन का कोई भी अधिकारी लापरवाही स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

इटावा सफारी पार्क के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पटेल ने चार शावकों की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि 16/17 मई की रात्रि में लायन सफारी में 5 साल की रूपा नामक शेरनी ने ब्रीडिंग सेंटर में अपने गर्भकाल के पूर्ण होने के लगभग 20 दिन पूर्व ही चार मरे हुए शावकों को जन्म दिया। बब्बर शेरनी रूपा की मेटिंग लॉयन सफारी क्षेत्र में कान्हा नामक बब्बर शेर से फरवरी माह में हुई थी, मेटिंग के बाद शेरनी रूपा को ब्रीडिंग सेंटर में रखा गया था। जहां इसकी पूरी देख रेख की जा रही थी तथा इसकी समुचित देख रेख के लिए एक विशेषज्ञ पशु चिकित्सक की विशेष तैनाती भी की गई थी। ब्रीडिंग सेंटर में शेरनी के प्रसव के लिए संभावित तिथि 5/6 जून के लिए पूर्ण तैयारी की गई थी, परन्तु समय से पूर्व ही प्रसव हो गया। बब्बर शेरनी रूपा ने दूसरी बार गर्भधारण किया है। इससे पहले उसने दो शावक को जन्म दिया था, जिसमें से एक मृत शावक था तथा दूसरे को शेरनी ने नहीं अपनाया था।



## बरेली में जांच के लिए सैंपल भेजा

**प्रधान मुख्य** वन संरक्षक वन्य जीव एवं मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक उत्तर प्रदेश लखनऊ से प्राप्त निर्देश के क्रम में शावकों के मृत्यु की वास्तविक कारणों की जानकारी एवं इन पर विशेष शोध के लिए सभी मृत शावकों को आई.वी.आर.आई. बरेली भेजा गया है। इटावा लायन सफारी में चार शावकों की एकाएक हुई मौत वाकई में सफारी प्रबंधन की लापरवाही या फिर कोई और वजह है। इसका वास्तविक खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा।

सीतामढ़ी में एनडीए और इंडिया गठबंधन में सीधा मुकाबला

# राजद : 2019 की तरह मल्लाह वोट हासिल करना आसान नहीं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सीतामढ़ी.** सीतामढ़ी लोकसभा सीट में एनडीए और इंडिया गठबंधन में सीधा मुकाबला है। बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर जदयू के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं और उनके प्रतिद्वंदी राजद के अर्जुन राय हैं। ठाकुर तुलनात्मक रूप से ग्रीनहॉर्न हैं, क्योंकि वह पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। मौजूदा सांसद सुनील कुमार पिंटू का टिकट काटकर उनको मैदान में उतारा है। अर्जुन राय ने 2009 में जदयू के टिकट पर यह सीट जीती थी, लेकिन 2014 में हार गए। 2019 में वह राजद में शामिल हो गए और लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन फिर से हार गए।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि राजद के लिए 2019 की तरह मल्लाह वोट हासिल करना आसान नहीं होगा। अयोध्या में राम मंदिर बनने के साथ ही सीतामढ़ी में राम जानकारी को केंद्र में रखकर विकास की जो घोषणा हुई हैं, उससे अपर कास्ट का वोट एकमुश्त एनडीए को जाता दिख रहा है। रुन्नीसैदपुर इलाके में समाज के वोटरों पर पकड़ रखने वाले अधिकांश नेता एनडीए के साथ दिख रहे हैं। सीतामढ़ी के नसरुल्लाह का कहना है कि हर पांच साल बाद बदलाव जरूरी है। इस बार मुस्लिम ही नहीं, हिंदू भी बदलाव चाहते हैं।

युवा मतदाता सुमित कुमार कहते हैं यहां अगड़ी जाति के लोग तो मोदी के नाम पर वोट देने की बात करते हैं। मुसलमान और यादवों का अर्जुन राय की तरफ रुझान अधिक है और बाकी जातियां जदयू के साथ खड़ी दिखती हैं। चिरैया बरही के राजेश मिश्रा विकास और क्षेत्रीय समस्याओं को ध्यान रखकर मतदान करने की बात करते हैं। हालांकि, उनका कहना है कि मतदान से एक दिन पहले का माहौल और स्थिति ही तय करती है कि किसका वोट किसे जा रहा है।




## विधानसभा में दलीय स्थिति

**सीतामढ़ी लोकसभा** क्षेत्र के तहत छह विधानसभा सीट सीतामढ़ी, बथनाहा (सुरक्षित), सुरसंड, रुन्नीसैदपुर, बाजपट्टी और परिहार आते हैं. इनमें भाजपा के पास तीन, जनता दल (यूनाइटेड) के पास दो तथा राजद के पास एक सीट है। सीतामढ़ी से बीजेपी के मिथिलेश कुमार, बथनाहा से अनिल कुमार और परिहार से बीजेपी की गायत्री देवी विधायक हैं। सुरसंड से दिलीप राय और रुन्नीसैदपुर से पंकज कुमार मिश्रा दोनों जदयू के विधायक हैं। बाजपट्टी से राजद के मुकेश यादव विधायक हैं।

## न्यूज विंडो

### चित्रकूट में धूमधाम से मनाई सीता नवमी

**चित्रकूट@पत्रिका.** पौराणिक तीर्थ स्थल में शुक्रवार को सीता नवमी का कार्यक्रम सभी मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छप्पन भोग का प्रसाद लगा और श्रद्धालुओं ने आरती के बाद प्रसाद ग्रहण किया। चित्रकूट में शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने जानकी नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया, दोपहर 12:00 बजे जन्म कार्यक्रम हुआ, ढोल ताशा घड़ी घट की आवाज से पूरा चित्रकूट गूंज गया। सभी साधु संतों ने नाच गाकर के सीता मैया के जन्म को धूमधाम से मनाया। माता की प्राकट्य आरती के बाद सभी श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। सभी श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह और एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला काफी देर तक जारी रहा।

### सपा विधायक मनोज भाजपा में शामिल

**रायबरेली@पत्रिका.** रायबरेली संसदीय क्षेत्र के दौलतपुर गांव इलाके में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में आए गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में सपा के ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र से चुने गए बागी विधायक मनोज कुमार पांडेय भाजपा में शामिल हो गए हैं। मनोज पांडे के राजनीतिक कद का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता हैं कि इधर चंद दिनों पहले गृह मंत्री यहां स्थित निवास स्थान पर भी गए थे। इसके पहले उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मनोज पांडे के निवास पर उनसे मिलने जा चुके हैं।

### प्रत्याशियों की हार जीत पर शर्त लगाने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**संभल@पत्रिका.** जिले के रजपुरा क्षेत्र में सपा एवं भाजपा प्रत्याशियों की हार जीत पर शर्त लगाने वाले दो व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने बताया कि बीते दिन थाना रजपुरा में बदायूं लोकसभा क्षेत्र से भाजपा एवं सपा के प्रत्याशियों की हार जीत पर दो व्यक्तियों के शर्त लगाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर पुलिस ने दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की है। जिला संभल के अंतर्गत थाना रजपुरा का ग्राम पतेई नासिर गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में हैं और गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र, लोकसभा क्षेत्र बदायूं के अंतर्गत आता है। बदायूं लोकसभा क्षेत्र से सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य यादव सपा के प्रत्याशी हैं और उनका मुकाबला भाजपा के दुर्विजय सिंह शाक्य से है।

भाजपा उम्मीदवार सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के समर्थन में जनसभा

# रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है लोकसभा चुनाव : योगी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बलरामपुर.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच हैं, जिसमें रामभक्तों की जीत सुनिश्चित है।

बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा क्षेत्र के रेहरा बाजार में गोण्डा लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा "अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि पर रामलला विराजमान की रणनीति बलरामपुर जिले में ही 1949 में बनाई गई थी। इसलिए सही मायने में रामलला पर पहला हक बलरामपुर जिले का है।"

उन्होंने विपक्षी दलों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि रामलला का मंदिर बनाना कांग्रेस और सपा के बस की बात नहीं थी, क्योंकि वे रामद्रोही है। रामलला विराजमान का कार्य सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में ही संभव था और ये ताकत जनता ने भाजपा को दी है।

सीएम योगी ने कहा कि 2024 के इस चुनाव के पूरे हुए चार चरणों में 285 सीटों पर मतदान हो चुका है और सम्पूर्ण देश में बस एक ही नारा गूंज रहा है अबकी बार, चार सौ के पास एक बार फिर मोदी सरकार।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना की विजय का अबकी बार 400 पार का नारा एक नया उद्घोष भी है।

योगी ने बाराबंकी की लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत और मोहनलालगंज के लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के पक्ष में वोट की अपील की और कहा कि देश में पिछले 10 वर्षों में हुए विकास कार्यों को देखते हुए देश के आमजन ने एक बार फिर मोदी सरकार के विजय श्री के साथ खुद को जोड़ा है। ऐसे में हमें बाराबंकी और मोहनलालगंज समेत उत्तर प्रदेश की 80-80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान देना है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, कौशल किशोर, प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश चंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।



## जनघोष बन गया अबकी बार 400 पार का नारा

**बाराबंकी.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे देश में एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार का नारा गूंज रहा है। यह उद्घोष अब जनघोष बन गया है। देश में अब तक चार चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं, जबकि तीन चरण बाकी हैं। इसके बावजूद पूरे देश की जनता जनार्दन 4 जून के परिणाम को लेकर पहले से ही आश्वस्त है। वह जानते हैं कि इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही जीत होगी। जैदपुर मार्ग पर बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आम जनमानस ने खुद को "एक बार फिर मोदी सरकार" के विजयश्री से जोड़ा है।

विश्वनाथगंज में जनसभा का आयोजन

## भाजपा की नाटकबाजी, जुमलेबाजी अब समझ गई जनता : मायावती

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**प्रतापगढ़.** जिले में पहुंची बसपा सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा की नाटक बाजी, जुमले बाजी को देश की जनता समझ गई है। अब जवाब देने का समय आ गया है, इस बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली नहीं है। प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र के समर्थन में विश्वनाथ गंज कस्बे के पास आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि ब्राह्मणों पर सरकार ने बहुत अत्याचार किया है, इस सरकार ने गरीबों, मजदूरों और व्यापारियों का जीना मुहाल कर दिया है। चुनावी घोषणा पत्र जुमला होता है, जिसे



कोई भी पार्टी कभी भी अमल में नहीं लाती है। इसलिए हम चुनावी घोषणापत्र में काम करने में विश्वास नहीं करते हैं।

मायावती ने कहा कि बसपा बिना गठबंधन के दमदारी से चुनाव लड़ रही है। बसपा ने सर्वसमाज की भागीदारी टिकट बंटवारे में करते हुए सबका सम्मान किया है। इस अवसर पर बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र ने मायावती को चांदी का हाथी देकर सम्मानित किया।

मुंबई के भिवंडी से किया था गिरफ्तार

## पत्रकार आशुतोष हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता हिरासत से फरार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जौनपुर.** जनपद के शाहगंज थाना क्षेत्र स्थित इमरानगंज बाजार में पत्रकार एवं भाजपा नेता आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या के आरोपी गौ-तस्कर जमीरूद्दीन मुंबई से जौनपुर लाते समय पुलिस को चकमा देकर मध्य प्रदेश के खंडवा रेलवे स्टेशन से फरार हो गया है। लापरवाही बरतने के आरोप में एक उपनिरीक्षक और एक सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पत्रकार की हत्या के मुख्य आरोपी जमीरुद्दीन को पुलिस कस्टडी में मुंबई से ट्रेन के द्वारा जौनपुर लाया जा रहा था, जैसे ही ट्रेन मध्य प्रदेश के खंडवा रेलवे स्टेशन पर रुकी। आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पत्रकार के हत्या के आरोपी के फरार होने की खबर मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक डॉ अजयपाल शर्मा ने कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक मंसा राम गुप्ता और कांस्टेबल बृजेश मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एसपी ने बताया कि मुंबई और आस पास के पुलिस से संपर्क करके आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे फिर से गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गौरतलब है कि 13 मई की सुबह अज्ञात बदमाशों ने एक न्यूज़ चैनल के पत्रकार एवं भाजपा नेता आशुतोष श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मुख्य साजिशकर्ता जमीरउद्दीन को मुंबई के भिवंडी से गिरफ्तार किया था।

## ट्रक की टक्कर से मां-बेटी व भांजी की मौत, तीन घायल

**बागपत@पत्रिका.** कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से जुगाड़ में सवार एक मां-बेटी और महिला की भांजी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए हैं। इस दुर्घटना में जुगाड़ में सवार महिला स्वाति (24), बेटी रिया (06) व महिला की भांजी जाहनवी (01) की मौके पर ही मृत्यु हो गई। महिला का पति राजा, बेटा विराज व ननद शालू गंभीर रूप से घायल हो गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के खामपुर लुहारी निवासी राजा अपने परिवार के साथ बागपत कोतवाली थाना क्षेत्र में नौरोजपुर गांव में आदेश के भट्टे पर ईंट पथाई का काम करता है। उसी के साथ उसकी बहन शालू का परिवार भी भट्टे पर ही काम करता है। राजा की तबीयत खराब थी और परिजन उसे जुगाड़ में बिठाकर सिसाना गांव में चिकित्सक के यहां लेकर जा रहे थे। जैसे ही ये सब लोग हाइवे पर पहुंचे, तो तेज गति से आ रहे ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे जुगाड़ के परखच्चे उड़ गए।

टक्कर के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया, लेकिन लोगों ने पीछा कर उसे राष्ट्र वंदना चौक पर पकड़ लिया।

## सुपौल में मिट्टी धंसी, दो महिलाओं की दबने से मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सुपौल.** जिले में निर्मली थाना क्षेत्र में शुक्रवार को मिट्टी धंसने से दो महिलाओं की दबकर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि तिलयुगा नदी के किनारे कुछ महिलाएं चिकनी मिट्टी खोद रही थी। इस दौरान मिट्टी धंसने से दो महिला की दबकर मौत हो गई। मृतकों की पहचान जरौली गांव निवासी अमृता देवी (35) और प्रीति कुमारी (17) के रूप में की गई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

बाइक सवार को बचाने के दौरान पलटी थी कार

## सड़क हादसे में महिला की मौत, दो अन्य घायल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**छपरा.** सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में शुक्रवार को मोटरसाइकिल सवार को बचाने के दौरान कार पलटने से महिला की मौत हो गई तथा दो लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गोपालगंज जिले के बरौली थाना क्षेत्र के नदवा गांव निवासी मनोज सिंह अपने पत्नी और पुत्र के साथ कार से तरैया रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। इसी दौरान मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा गांव के पेट्रोल पंप के समीप मोटरसाइकिल सवार को बचाने के दौरान कार गड्ढे में पलट गई।

हादसे में कार सवार महिला इंदू देवी (60) की मौत हो गई। जबकि उसके पति और बेटा घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कार से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है। घायलों की चिकित्सा मशरक स्वास्थ्य केंद्र में की जा रही है। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

खंडकाव्य, महाकाव्य, प्रबंध काव्य आदि रचनाएं ख्याति प्राप्त

## अंगिका के कवि हीरा प्रसाद का निधन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**गोड्डा.** अंगिका भाषा साहित्य संघ के राष्ट्रीय महामंत्री और ख्याति प्राप्त कवि हीरा प्रसाद का निधन हो गया। हीरा प्रसाद 74 वर्ष के थे। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने अंगिका भाषा में खंडकाव्य, महाकाव्य, प्रबंध काव्य आदि रचनाएं की। अंगिका साहित्य के जिला अध्यक्ष डॉक्टर राधे श्याम चौधरी ने कहा कि बिहार के तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में हीरा प्रसाद की कई रचनाएं आज भी छात्र-छात्राएं पठन-पाठन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अंगिका के ख्याति प्राप्त कवि हीरा प्रसाद के असामयिक निधन से अंगिका भाषा को अपूरणीय क्षति हुई है। अंगिका भाषा साहित्य संघ प्रदेश के महासचिव डॉ. प्रदीप प्रभात, डॉ कैयूम अंसारी, डॉ मनोज राही, डॉ ब्रह्मदेव कुमार, धनेश्वर पंडित सहित कई गणमान्य विद्वानों हीरा प्रसाद के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। डॉ. प्रदीप प्रभात ने कहा कि हीरा बाबू ने सही मायने में अंगिका भाषा को उत्कर्ष तक पहुंचाने में अमूल्य योगदान दिया है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

### नदी में डूबने से 5 बच्चों की मौत की आशंका

**सुपौल@पत्रिका.** जिले के मरोना थाना क्षेत्र के बसखैड़ा गांव के समीप दो बच्चों के डूब मरने की आशंका है। पुलिस ने बताया कि कमरैल पंचायत के वार्ड संख्या दस निवासी गोलू कुमार और रमन कुमार अन्य दो बच्चों के साथ तिलयुगा नदी में नहाने गया था। इस बीच गोलू और रमन गहरे पानी में चला गया और डूबने से तेज धारा में बह गए। अन्य दो बच्चों ने घर लौट कर जानकारी दी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे लेकिन नदी की गहराई और पानी के तेज धारा में बच्चों को ढूंढने में नाकामयाब रहे।

## दरभंगा में जानकी पूजनोत्सव सह मैथिली दिवस समारोह का आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**दरभंगा.** श्री सीता प्राकट्य दिवस जानकी नवमी के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विद्यापति सेवा संस्थान के तत्वावधान में यहां 'जानकी पूजनोत्सव सह मैथिली दिवस समारोह' आयोजित किया गया।

संस्थान के प्रधान कार्यालय परिसर स्थित मिथिला भवन के सभागार में राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि हम भाग्यशाली हैं, जो हम मिथिला में जन्म लिए, क्योंकि मिथिला मां जानकी की है और मां जानकी मिथिला की। मां जानकी का जन्म मिथिला में होना हम सभी का सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में मिथिला के पाहुन राम का भव्य मंदिर बनने के बाद माता सीता की प्राकट्य भूमि पुनौरा धाम में भी मंदिर निर्माण की कवायद अब तेज हो गई है और वह दिन दूर नहीं जब भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम बनाने वाली मिथिला की सिया की प्राकट्य स्थली पुनौरा धाम में भी भव्य मंदिर निर्माण होगा।

राजद सुप्रीमो के गढ़ से चुनाव मैदान में उतरी राबड़ी की बेटी

# चार सीट पर परिवार की विरासत आगे बढ़ाने के लिए उतरेंगे प्रत्याशी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**पटना.** बिहार में लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) के प्रत्याशी चार सीट सारण, हाजीपुर (सु), मुजफ्फरपुर और मधुबनी में अपने परिवार की राजनीतिक विरासत को आगे ले जाने के लिए चुनावी संग्राम में उतरेंगे। बिहार लोकसभा चुनाव में पांचवे चरण का मतदान 20 मई को सारण, हाजीपुर (सु) मुजफ्फरपुर, मधुबनी और सीतामढ़ी में होने जा रहा है। इनमें से सारण , हाजीपुर (सु), मुजफ्फरपुर और मधुबनी संसदीय सीट पर राजग और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अपने परिवार की राजनीतिक विरासत को आगे ले जाने के लिए चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगे।

हाजीपुर (सु) सीट से पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिवंगत राम विलास पासवान के पुत्र जमुई के सांसद चिराग पासवान राजग में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के टिकट पर चुनावी संग्राम में उतरे हैं। इस सीट से ही राम विलास पासवान ने वर्ष 1977 में अपने संसदीय सफर की शानदार शुरूआत की थी। राम विलास पासवान हाजीपुर सीट से आठ बार सांसद बने।

सारण संसदीय सीट राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव का गढ़ रहा है। छपरा (सारण) सीट से लालू यादव ने वर्ष 1977 में अपनी सियासी पारी की शानदार शुरूआत की थी। इसके बाद लालू यादव ने छपरा सीट पर वर्ष 1989, 2004 और सारण से 2009 में जीत हासिल की। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव-राबड़ी देवी की पुत्री डॉ.रोहिणी आचार्य सारण सीट से राजद के टिकट पर अपनी सियासी पारी की शुरूआत करने जा रही हैं। राजद प्रत्याशी डॉ. रोहिणी का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूड़ी से होगा।

मुजफ्फरपुर संसदीय सीट से कैप्टन जय नारायण निषाद ने 1996,1998,1999 और 2009 में जीत हासिल की थी। इसके बाद निषाद के पुत्र अजय निषाद ने वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में भाजपा के टिकट पर मुजफ्फरपुर से जीत हासिल की। इस बार अजय निषाद को बेटिकट कर दिया है, जिससे नाराज होकर अजय निषाद ने भाजपा का साथ छोड़ इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस का 'हाथ' थाम लिया है और चुनावी संग्राम में उतर आए हैं।

खुशखबर | प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर भी आ रहे पीलीभीत टाइगर रिजर्व

# सैलानियों को रोमांचित कर रही 'सुल्तान' के कुनबे की दहाड़

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पीलीभीत.** पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में कुछ बाघ ऐसे हैं, जो सैलानियों की पहली पसंद बने हुए हैं। उनका शांत स्वभाव और विशाल शरीर देखने के लिए देश-विदेश के न सिर्फ सैलानी बल्कि प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर भी यहां आ रहे हैं। इसमें सबसे प्रसिद्ध बाघ सुल्तान का परिवार है, जिसमें तीन युवा बाघ शामिल हैं, जो यहां स्वचछंद विचरण करते कभी भी देखे जा सकते हैं।

पिछले सत्रों के दौरान जंगल सफारी के मार्गों पर एक विशाल बाघ अक्सर सैलानियों को दिखता था। सैलानियों ने उसका नामकरण सुल्तान किया और इसी नाम से वह प्रसिद्ध हो गया। इसके अब दो शावकों ने भी बड़े होकर सुल्तान का रूप ले लिया, जिन्हें एस (सुल्तान) टू और एस (सुल्तान) थ्री नाम दिया गया है। यह दोनों बाघ भी शांत स्वभाव और विशाल शरीर के लिए जाने जाते हैं।

पिछले माह पीटीआर आने वाले वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ने एस थ्री बाघ की कई तस्वीरें सोशल मीडिया एकाउंट पर शेयर भी कीं। जिन्हें देश और विदेश के लोगों ने खूब पसंद किया। बता दें कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व के आंकड़ों में बाघों की संख्या 75 है। पर्यटन के दौरान सैलानी चूका बीच और जंगल की खूबसूरती को देखना तो पसंद करते ही हैं, साथ ही उनकी तमन्ना बाघ के दीदार की भी रहती है। इस समय जंगल सफारी के दौरान बाघ आसानी से देखने को मिल भी रहे हैं। मौसम अनुकूल है।



## बाघों के दीदार में भी पीटीआर आगे

**पीटीआर के** पर्यटन सत्र के दौरान जंगल सफारी का आनंद लेने आने वाले सैलानियों में पिछले सत्र से मुकाबले इस बार बाघ के खूब दीदार हो रहे हैं। ऐसे में पीटीआर ने देश के अन्य नेशनल पार्कों को पीछे छोड़ दिया है। इस बार सैलानियों की बढ़ती संख्या भी यही एक कारण है। डीएफओ पीटीआर मनीष सिंह ने बताया कि बाघों का विभाग की ओर से नामकरण नहीं होता है लेकिन गाइड, चालक और सैलानी सुविधा अनुसार नाम रख देते हैं। यह बात सही है कि एस टू और एस थ्री बाघ सैलानियों को काफी पसंद आ रहे हैं।

जीवन में संतुलित होकर चलना जरूरी



*जीवन एक साइकिल की तरह है, जिसमें आपको बैलेंस भी बनाना है और लगातार चलते रहना भी जरूरी है।* - अल्बर्ट आइंस्टीन

विपरीत परिस्थितियों में कैसे पाई सफलता, सुनिए टॉपर की जुबानी
वीडियो देखने के लिए स्कैन करें...

## OFFICE CULTURE

### वर्कप्लेस पर रहें माइंडफुल, न करें ये 4 गलतियां



1. ***पर्सनल कॉल्स:*** वर्कप्लेस पर इमरजेंसी या किसी खास जरूरत पर पर्सनल कॉल करना ठीक है, लेकिन घंटों घर के मामले ऑफिस में सुलझाना ठीक नहीं है।
2. ***तेज आवाज में बात:*** फोन पर बात करते समय ध्यान रखें कि आपकी वजह से दूसरे कर्मचारी डिस्टर्ब नहीं होने चाहिए। इसलिए तेज आवाज में बात न करें।
3. ***सबकी नजर है, गॉसिप से बचें:*** कई कर्मचारियों को लगता है कि वे कुछ भी छिपकर करें, किसी को पता नहीं चलेगा, लेकिन ऐसा नहीं है। किसी न किसी की आप पर नजर रहती है, इसलिए गॉसिप से बचें।
4. ***बीमार हैं तो छुट्टी लें:*** अगर आप बीमार हैं या सर्दी-खांसी से जूझ रहे हैं तो बेहतर होगा कि घर पर ही रहें। साथी कर्मचारी परेशान हो सकते हैं।

## HELPING CAREER

18-37 वर्ष वालों के लिए

### एनएलसी में इंडस्ट्रियल ट्रेनी के 239 पदों पर भर्ती

नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन (एनएलसी) लिमिटेड ने इंडस्ट्रियल ट्रेनी के 239 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। ये आवेदन 31 मई तक ऑनलाइन किए जा सकते हैं। सामान्य वर्ग के लिए अधिकतम उम्र 37 साल है। वहीं ओबीसी कैंडिडेट के लिए 40 और एसटी के लिए 42 साल है।



#### तीन साल की ट्रेनिंग

इंडस्ट्रियल ट्रेनी के लिए कैंडिडेट को 3 साल की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह भर्ती दो सेक्शन के लिए है। पहली एमएमई एंड टेक्निकल और दूसरी माइंस एंड माइंस सपोर्ट सर्विस। एमएमई एंड टेक्निकल में 100 और माइंस एंड माइंस सपोर्ट सर्विस के लिए 139 इंडस्ट्रियल ट्रेनी की भर्ती होगी। इनमें सैलरी में प्रत्येक साल बढ़ोतरी होगी। अधिक जानकारी के लिए एनएलसी लिमिटेड की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं।

https://www.nlcindia.in/

## CAREER-OPTION

सिपेट के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 मई, 2024 तक किए जा सकते हैं।

# सिपेट: प्लास्टिक टेक्नोलॉजी में हैं कई मौके

12वीं के बाद प्लास्टिक टेक्नोलॉजी में कॅरियर बनाना चाहते हैं तो सिपेट एडमिशन टेस्ट के लिए आवेदन कर सकते हैं। सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) की ओर से आयोजित होने वाले सिपेट 2024 की आवदेन प्रक्रिया जारी है। इसकी अंतिम तिथि 31 मई है। परीक्षा 9 जून, 2023 को आयोजित होगी। अगर प्लास्टिक टेक्नोलॉजी में कॅरियर बनाना चाहते हैं तो इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। जानिए इस फील्ड में कैसे बनाएं कॅरियर...

### कैसा है भविष्य?

पिछले कुछ समय में लोगों की जरूरतों को पूरा करने और प्लास्टिक टेक्नोलॉजी का दायरा बढ़ा है। पीपी किट, फेस शील्ड, हैंड ग्लव्स से लेकर बच्चों के खिलौने तक प्लास्टिक टेक्नोलॉजी के जरिए हम तक पहुंचे हैं। वर्तमान में प्लास्टिक इंडस्ट्री कई सेक्टर के लिए काम कर रही है। जैसे- ऑटोमोबाइल, विमानन, निर्माण, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी। इंडस्ट्री के विस्तार होने के साथ यहां काम करने वाले पेशेवरों की मांग भी बढ़ रही है। इस क्षेत्र में आना चाहते हैं, तो सिपेट का हिस्सा बन सकते हैं।



### एंट्रेंस ये योग्यता है जरूरी

1. पीजीडी-पीपीटी के लिए बीएससी (साइंस में तीन साल की डिग्री) होनी अनिवार्य है।
2. कैड-कैम के साथ पीडी-पीएमडी के लिए मेकेनिकल/पॉलीमर/टूल/टूल एंड डाई मेकिंग/प्रोडक्शन/ इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता होनी अनिवार्य है।
3. डीपीएमटी एवं डीपीटी के लिए 10वीं पास होना अनिवार्य है।
4. योग्यता से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए संस्थान की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आधिकारिक नोटिफिकेशन देखें।



### कई तरह के कोर्स में एडमिशन

सिपेट के जरिए कई तरह के कोर्स में एडमिशन मिलता है। जैसे- दो साल के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक प्रोसेसिंग एंड टेस्टिंग (पीजीडी-पीपीटी), डेढ़ वर्षीय पोस्ट डिप्लोमा इन प्लास्टिक मोल्ड डिजाइन के साथ सीएमडी/सीएएम (पीडी-पीएमडी विद कैड/कैम)। इसके अलावा तीन वर्षीय डिप्लोमा इन प्लास्टिक मोल्ड टेक्नोलॉजी (डीपीएमटी) और तीन वर्षीय डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी (डीपीटी) में एडमिशन का मौका मिलता है।

### एक्सपर्ट व्यू

#### इस क्षेत्र में पेशेवरों की मांग

*देश तरक्की कर रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में निवेशक भारत में नई-नई कंपनियों की नींव रख रहे हैं। नए प्लांट्स लगाए जा रहे हैं, जिससे रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। पिछले कुछ साल में देखा गया है कि तकनीकी संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों में सीटें रिक्त रही हैं। नतीजा, प्लेसमेंट के लिए आने वाली कंपनियों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। आने वाले समय को देखते हुए युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखकर देश को स्किल्ड मैनपावर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से भारत सरकार की संस्था (सिपेट) रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार, पॉलीमर एवं उससे संबंधित उद्योगों के विकास हेतु कौशल विकास, प्रोद्योगिकी सहायता, शैक्षणिक एवं अनुसन्धान आदि कार्य कर रही है।*



**संजय चौधरी,**
प्रधान निदेशक एवं प्रमुख,
सिपेट जयपुर

## CAREER TECH

### कोटक महिंद्रा बैंक में कई पदों पर भर्ती



प्राइवेट सेक्टर के कोटक महिंद्रा बैंक ने कई पदों पर भर्तियां निकाली हैं। इनकी जानकारी लिंक्डइन के ऑफिशियल पेज से ले सकते हैं। यहां पर पद, क्वालिफिकेशन और जॉब लोकेशन की जानकारी दी गई है। यहीं से आवेदन भी किया जा सकता है।

#### इन पदों पर हैं नौकरियां

- ***एवीपी कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन:*** ये भर्ती मुंबई के लिए हैं। इन्हें प्रोडक्ट और सर्विस टीम के साथ मिलकर काम करना होगा।
- ***क्रेडिट एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर:*** यह भर्ती नोएडा के लिए है। कैपिटल ऑपरेशन में एक साल का अनुभव है तो अप्लाई कर सकते हैं।
- ***ट्रेड फाइनेंस मैनेजर:*** यह भर्ती मुंबई, दिल्ली और लखनऊ के लिए है। ट्रेड डेस्क ऑपरेशन में एक साल का अनुभव जरूरी है।
- ***एवीपी ट्रेजरी:*** क्लाइंट, बिजनेस, रिस्क मैनेजमेंट की जानकारी है, तो आवेदन करें।

## JOBS ALERT

**टेक्सटाइल कमेटी**
**पद:** प्रोजेक्ट असिस्टेंट
**पद संख्या:** कुल 40 पद
**अंतिम तिथि:** 31 मई, 2024
https://textilescommittee.nic.in/

**एनएचपीसी लिमिटेड**
**पद:** आइटीआइ
**पद संख्या:** कुल 64 पद
**अंतिम तिथि:** 30 मई, 2024
https://www.nhpcindia.com/

**रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मणिपुर**
**पद:** सीनियर रेजिडेंट
**पद संख्या:** कुल 11 पद
**वॉक-इन-इंटरव्यू:** 23 मई, 2024
https://www.rims.edu.in/

## WOMEN JOBS

महिलाओं के लिए बेहतर ऑप्शन

### सोशल मीडिया पर फैशन से लेकर ब्यूटी इंफ्लुएंसर तक कई अवसर

कॅरियर बनाने के लिए महिलाओं के पास सोशल मीडिया का विकल्प है। बस, जरूरी है तो अपने टैलेंट को पहचानने और उसे सोशल मीडिया पर सलीके से पेश करने की। पिछले कुछ समय में सोशल मीडिया पर महिला इंफ्लुएंसर की संख्या बढ़ी है।



#### ऐसे चुनें सब्जेक्ट

ब्यूटी, फूड, फैशन, मदर्स केयर और शॉपिंग टिप्स समेत कई ऐसे सेक्शन हैं जहां महिलाएं बेहतर काम कर रही हैं। घर-घर पॉपुलर होने के साथ अच्छी कमाई भी कर रही हैं। अपने टैलेंट को पहचानकर उसे यहां नई दिशा दे सकती हैं।

**इन बातों का रखें खासतौर पर ध्यान**

**एक** इंफ्लुएंसर बनने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखें। जैसे-किसी ऐसे सब्जेक्ट को चुनें जिसके बारे में लोग जानना चाहते हैं, लेकिन उनके पास कम जानकारी है। ये खूबी फॉलोअर्स संग अर्निंग बढ़ाएगी।

## UPSC IFS-TOPPER TALK

### परीक्षा में सफलता के लिए संकल्प और जुनून है बेहद जरूरी

हाल में यूपीएससी आइएफएस 2023 फाइनल का रिजल्ट जारी हुआ। इस परीक्षा में महाराष्ट्र की प्रतीक्षा नानासाहेब काले ऑल इंडिया सेकंड टॉपर बनीं। प्रतीक्षा वर्तमान में मेलघाट टाइगर प्रोजेक्ट में बतौर असिस्टेंट फॉरेस्ट कंजर्वेटर काम कर रही हैं। महाराष्ट्र के लातूर के राजर्षि शाहू कॉलेज और पुणे से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने वाली प्रतीक्षा ने अपनी सफलता का सीक्रेट बताया।

#### जीत की जिद

वह कहती हैं, परीक्षा में सफलता के लिए दो चीजों ने मदद की। पहली जिद और दूसरी प्रण। तय कर लिया था कि परीक्षा में सफल ही होना है। सच्ची सफलता भविष्य में नजर आएगी।

#### सपोर्ट है जरूरी

**वह** कहती हैं, सफलता हासिल करने के लिए संकल्प और जुनून होना जरूरी है। इस परीक्षा के लिए इन दोनों बातों का खासतौर पर ध्यान रखा।



प्रतीक्षा नानासाहेब
यूपीएससी 2023

**वह** कहती हैं, पब्लिक सर्विस के लिए काम करना एक मौका है जो मेरी लिए एक बड़ी जिम्मेदारी की तरह है।

**वह** कहती हैं मेरे पिता, मां, बहन और गुरु मेरे लिए वो स्तम्भ हैं, जिन्होंने मुझे हमेशा सपोर्ट दिया।

**परीक्षा** की तैयारी के दौरान फैमिली मेंबर्स और टीचर्स का सपोर्ट मिला, जो काफी जरूरी है।

**शॉर्ट रीड** **50** *हजार एमबीबीएस की सीटें 2014 तक थीं, अब देश में इनकी संख्या बढ़कर 1,07,000 पहुंच चुकी है।* (केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया)

## EARNING APPS

### गेम खेलें और न्यूज पढ़ें, रोज धन ऐप देगा आपको पैसे



1. ***अगर*** आप घर बैठे-बैठे कमाई करना चाहते हैं तो रोज धन डाउनलोड कर सकते हैं। यह एक एंड्रॉयड ऐप है, जिसे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।
2. **इस** ऐप पर कमाई करने के कई तरीके हैं। जैसे गेम्स खेल सकते हैं। खबरें पढ़ सकते हैं। अलग-अलग तरह की कॉन्टेस्ट में हिस्सा लेकर रिवॉर्ड जीत सकते हैं।
3. **ऐप** को डाउनलोड करने के बाद सबसे पहले साइन अप करने पर 50 रुपए का रिवॉर्ड मिलता है। इसके बाद अलग-अलग टास्क में हिस्सा लेने पर रिवॉर्ड मिलता है।
4. ध्यान रखें इसे नीचे दिए गए गूगल प्ले स्टोर से ही डाउनलोड करें और अपनी प्रोफाइल को कम्पलीट करें।

https://play.google.com/

## LEARNING TOOLS

15-40 वर्ष वालों के लिए

### कोडिंग मुश्किल नहीं, इन प्लेटफॉर्म से आसानी से सीखें

कोडिंग अब समय की जरूरत बन गई है। यह ऐसी स्किल है, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक को बहुत कुछ सिखा रही हैं। आइटी सेक्टर में यह एक जरूरी स्किल बन गई है। अगर आप भी कोडिंग सीखना चाहते हैं तो कई प्लेटफॉर्म मौजूद हैं जो इसे फ्री में सिखाते हैं।



#### ये हैं फ्री कोडिंग लर्निंग प्लेटफॉर्म

**फ्री-कोड कैम्प:** यह एक गैर-लाभकारी संगठन है जो आपको कोडिंग से जुड़े कई कोर्स करने का मौका देता है।

**कोड एकेडमी:** शुरुआती दौर की कोडिंग के लिए यह फ्री में ट्रेनिंग देता है।

**कोडवार्स:** यह प्लेटफॉर्म भी आपको फ्री में कोडिंग सीखने का मौका देता है।

*आपके सुझाव और जिन विषयों के बारे में पढ़ना चाहते हैं हमें बताएं। आपके सवाल हमें वाट्सऐप करें 9057531584*

## EARNING-MANTRA

मोबाइल फोटोग्राफी का शौक है, तो स्टॉक पिक्चर्स कंपनियों से जुड़ सकते हैं

# मोबाइल फोटो से करें अर्निंग, ये हैं प्लेटफॉर्म

मोबाइल से फोटोग्राफी का शौक भला किसे नहीं होता। आप इससे कमाई भी कर सकते हैं। आपको बता दें कई ऐसी स्टॉक पिक्चर्स से जुड़ी इंटरनेशनल कंपनियां हैं जो आपको आपकी तस्वीरों के लिए उचित मानदेय देती हैं। बशर्ते आपको उनकी गाइडलाइन के मुताबिक तस्वीरों को क्लिक करना होगा और उन्हें उस प्लेटफॉर्म पर अपलोड करना होगा। जब भी तस्वीर को कोई खरीदता है या इस्तेमाल करता है तो कंपनी आपके द्वारा अपलोड की गई हर फोटो और वीडियो पर एक तय अमाउंट आपके खाते में भेजती है। आइए जानते हैं कैसे मोबाइल फोटो से कमाई की शुरुआत करें और किन बातों का ध्यान रखें।

### कैसी होनी चाहिए फोटो

ध्यान रखें जो भी फोटो होनी चाहिए वो 4 मेगापिक्सल या इससे ऊपर की होनी चाहिए। कैमरा हाई क्वॉलिटी सेटिंग में रखें। फोटो का फाइल साइज 50 एमबी या इससे कम होना चाहिए। ईपीएस फाइल है तो 100 एमबी से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इसके अलावा कोई भी तस्वीर धुंधली नहीं होनी चाहिए और जानकारी के लिए प्लेटफॉर्म की गाइडलाइंस पढ़ लें।

**डिजिटल अर्निंग : अपना कंट्रीब्यूटर अकाउंट बनाएं**

### क्या करें, क्या न करें

इन प्लेटफॉर्म पर कंट्रीब्यूटर अकाउंट बनाने के बाद शर्तें पढ़ें। शर्तों के मुताबिक फोटो और वीडियो अपलोड करें। ध्यान रखें, इसके साथ ही सही नाम, की वर्ड का इस्तेमाल करें। कंटेंट अपलोड होने के बाद टीम इनका रिव्यू करती है, इसके बाद इन्हें वेबसाइट पर रिलीज कर दिया जाता है। इस तरह वो उन यूजर्स तक पहुंचती हैं जो उसे खरीदना चाहते हैं।



### ये हैं प्लेटफॉर्म

कई प्लेटफॉर्म हैं जो यूजर्स की फोटो का पेमेंट करते हैं। इनमें शटरस्टॉक इमेज, एडोब स्टॉक, अलामी, स्मगमग, स्नेप्डफॉरयू, फोटो शेल्टर, फोटो मोटो शामिल हैं। यहां से कमाई के लिए आपको कंट्रीब्यूटर अकाउंट बनाना होगा। इसके बाद इनकी शर्तों के मुताबिक, यहां पर तस्वीरों को अपलोड करना होगा और अगले प्रोसेस को फॉलो करना होगा।

### कैसे होती है कमाई?

**इन** स्टॉक पिक्चर्स प्लेटफॉर्म पर बतौर कंट्रीब्यूटर्स आप जो भी फोटो-वीडियो अपलोड करते हैं, वो जब कोई दूसरा खरीदता है या सब्सक्राइबर डाउनलोड करता है तो कंपनी उसका 40 फीसदी तक अमाउंट आपको ऑनलाइन भेजती हैं। कुछ कंपनियों में यह अमाउंट कम या ज्यादा भी हो सकता है, इसलिए गाइडलाइन ध्यान से पढ़ें।

### सर्चिंग में आना जरूरी

**जब** आप फोटो को अपलोड करते हैं तो उसके साथ कुछ जानकारियां भी भरनी होती हैं। इसे बहुत ध्यान से भरें। जैसे- उसके नाम, कीवर्ड, कैटेगरी और दूसरी जरूरी चीजें। इसका फायदा यह होगा कि आपका कंटेंट आसानी सर्च में आ सकेगा और डाउनलोड होने पर ज्यादा पैसा दिला सकेगा। जितनी आसान सर्चिंग में आपका कंटेंट आएगा उतना ज्यादा पैसा मिलेगा।

### यहां मिलेगा हर सवाल का जवाब

**ऐसे** सभी प्लेटफॉर्म पर हेल्प सेंटर का विकल्प दिया गया है। जहां आप अपने किसी भी सवाल का जवाब जान सकते हैं या फिर ईमेल करके पूछ सकते हैं।

## INNOVATION-NEWS

### किचन के कचरे को मात्र 7 दिन में बनाएं खाद



**अगर** आप भी कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया को बोरिंग मानते हैं तो यह खबर आपकी सोच बदल सकती है। दरअसल 26 साल की पावनी लोला ने ऐसा कम्पोस्टर तैयार किया है जो गीले कचरे से 7 दिन के अंदर खाद बना सकता है। हैदराबाद की रहने वाली पावनी कॉलेज में पढ़ाई के दौरान ग्रीन क्लब की चेयरपर्सन हुआ करती थीं। उन्होंने देखा कि लोगों को गीला और सूखा कचरा अलग करने में दिक्कत होती है। इसके बाद उन्हें कम्पोस्टर बनाने का खयाल आया। कम्पोस्टर एक रोटेटिंग जार के रूप में है, जो मिक्सिंग पाउडर के साथ प्रयोग में लिया जाता है। इसे कम जगह में भी लगाया जा सकता है। वह कहती हैं, उन लोगों के लिए बहुत अच्छा है, जो बदबू के कारण घर में कचरे से खाद नहीं बना पाते।

## TURNING-POINT

### 800 रुपए से शुरू किया सेकंड हैंड बुक्स का कारोबार, लाखों रहे कमा

अक्षय कश्यप जब जेईई की तैयारी के लिए पटना पहुंचे, तो सेकंड हैंड बुक को ढूंढने में बहुत मेहनत लगी। सफलता न हासिल होने पर उन्होंने एंटरप्रेन्योरशिप में हाथ आजमाया। पढ़ाई के दौरान उन्होंने महसूस किया कि मिडिल क्लास से आने वाले स्टूडेंट्स को किताबों के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ता है। यही अनुभव अक्षय के लिए किताबों की दुनिया में एंटरप्रेन्योरशिप शुरू करने का टर्निंग पॉइंट बना। उन्होंने अपने दोस्त सृजन के साथ मिलकर किताबवाला डॉट कॉम के नाम से प्लेटफॉर्म शुरू किया। यहां वाजिब कीमत पर पढ़ी जा चुकी किताबों को उपलब्ध कराया गया।

इस प्लेटफॉर्म पर स्कूल, कॉलेज और प्रतियोगी परीक्षाओं समेत कई किताबें उपलब्ध कराई जाने लगीं। 2 साल के अंदर इस प्लेटफॉर्म्स पर करीब 6 हजार किताबें बिकीं। कभी 800 रुपए की राशि से खुला यह प्लेटफॉर्म 8 लाख रुपए सालाना की कमाई तक पहुंच गया।




#### किताबों के लिए संघर्ष नहीं

अक्षय कहते हैं, मैं नहीं चाहता कि स्टूडेंट्स किताबों के लिए संघर्ष करें। मेरे पिता किसान रहे हैं और उनकी प्राथमिकता हमेशा मेरी शिक्षा रही है। मेडिकल क्लास से होने के कारण अक्षय ने हाई स्कूल से सेकंड हैंड किताबें खरीदीं। जेईई की तैयारी में पुरानी किताबों के अनुभव ने इन्हें यह प्लेटफॉर्म बनाने के लिए प्रेरित किया।

## TECH KNOWLEDGE

कुछ तरीकों से आप मुफ्त में जीपीटी-4 का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# जीपीटी-4 को मुफ्त में एक्सेस करने के तरीके

ओपनएआइ का जीपीटी-4 एआइ मॉडल मशहूर है, लेकिन इसे एक्सेस करने के लिए 20 डॉलर प्रतिमाह खर्च करने की जरूरत हो सकती है। ऐसे कुछ तरीके, जिनसे आप मुफ्त में जीपीटी-4 का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट

माइक्रोसॉफ्ट ओपनएआइ के साथ सीधे काम करने वाली पहली कंपनियों में से एक थी, जिसने कंपनी और उसकी एआइ रिसर्च में अरबों डॉलर लगाए। इसी का नतीजा है कि माइक्रोसॉफ्ट एज की बिंग चैट मुफ्त में जीपीटी-4 का इस्तेमाल करने की सुविधा दी। इस पर प्रति दिन 300 चैट तक कर सकते थे और हर बिंग चैट में 30 राउंड के सवाल किए जा सकते थे। फिर माइक्रोसॉफ्ट ने बिंग चैट को कोपायलट में बदल दिया, हर दिन 300 चैट की सीमा को हटा दिया और अन्य माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में कोपायलट सपोर्ट रोल आउट कर दिया।




### मर्लिन

मर्लिन क्रोम ब्राउजर एक्सटेंशन है, जो मुफ्त में जीपीटी-4 एक्सेस मुहैया करवाता है। यहां प्रतिदिन 102 अनुरोध मिलते हैं। जीपीटी-4 पर 30 अनुरोध खत्म करने होते हैं। हर दिन मुफ्त में 3 प्रश्न पूछ सकते हैं। क्रोम एक्सटेंशन की मदद से जीमेल और एक्स पर ऑटो रिप्लाई भी तैयार कर सकते हैं।

### हगिंग फेस

यह ओपन-सोर्स मशीन लर्निंग और एआइ डवलपमेंट वेबसाइट है। इसके जीपीटी-4 एक्सेस मॉडल में नेचरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, कंप्यूटर विजन और टैक्स्ट जनरेशन हित कई कामों के लिए हजारों मॉडल उपलब्ध हैं। मॉडल को ट्यून और कस्टमाइज कर सकते हैं।

### पर्प्लेक्सिटी डॉट एआइ

पर्प्लेक्सिटी का मुफ्त संस्करण विशेष रूप से यह नहीं बताता कि आप जीपीटी-4 का इस्तेमाल कर रहे हैं, हालांकि इसके कोपायलट मोड को टॉगल करने से आपको जीपीटी-4 तक सीमित पहुंच मिलती है। आप हर चार घंटे में पांच प्रश्न इस पर पूछ सकते हैं। इसका टूल उन लोगों के लिए बढ़िया विकल्प है जो टर्बो-चार्ज सर्च एक्सपीरियंस चाहते हैं। **- आशीष खंडेलवाल**

स्वतंत्र व जिम्मेदार बनाती है शिक्षा



*शिक्षा हमें स्वतंत्र व जिम्मेदार नागरिक बनने और बेहतर दुनिया बनाने के लिए प्रेरित करती है। - **मौलाना अबुल कलाम आजाद,** देश के पहले शिक्षा मंत्री*

91.4% अंक लाई मानसिक रूप से कमजोर छात्रा, जानिए सक्सेस स्टोरी, स्कैन करें...

## MOCK TEST-1

### करंट अफेयर्स क्लियर करने वाले सवाल-जवाब



**Q1 रूस का वार्षिक व्यापार कार्यक्रम कहां आयोजित किया जाता है?**

*__सेंट पीटर्सबर्ग__ वह शहर है जिसमें यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम एक वार्षिक व्यापार कार्यक्रम है, जिसे रूसी दावोस भी कहा जाता है। इसमें भारत सहित 120 देशों के प्रतिभागी शामिल होते हैं।*

**Q2 टीबी रोगियों को पोषण संबंधी जरूरतों के लिए वित्तीय सहायता देने वाली सरकारी योजना कौनसी है?**

*__निक्षय पोषण योजना__ (एनपीवाई) की शुरुआत अप्रेल, 2018 में टीबी रोगियों को उनकी पोषण संबंधी जरूरतों के लिए वित्तीय सहायता देने संबंधी प्राथमिक उद्देश्य के साथ शुरू की गई थी।*

**Q3 किस देश ने आधिकारिक तौर पर डिजिटल खानाबदोश वर्केशन वीजा लांच किया है?**

*__दक्षिण कोरिया__ ने एक जनवरी, 2024 को डिजिटल खानाबदोश वीजा पेश किया है जो विदेशियों को काम करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य के साथ तैयार किया गया है। यह वर्क वीजा के तौर पर एक साल के लिए है।*

**Q4 देश के पहले गर्ल्स मिलिट्री स्कूल की स्थापना कहां की गई है?**

*__उत्तरप्रदेश__ के वृंदावन में पहले गर्ल्स मिलिट्री स्कूल की स्थापना की गई। इसका उद्घाटन उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इसकी स्थापना वात्सल्य ग्राम में साध्वी ऋतंभरा ने की है।*

**Q5 किस राज्य ने 2024 में 108 स्थानों पर एक साथ सबसे ज्यादा लोगों के सूर्य नमस्कार करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया?**

*__गुजरात__ ने इस साल के पहले दिन 108 स्थानों पर 50 हजार से भी ज्यादा लोगों के एक साथ सूर्य नमस्कार करने का रिकॉर्ड बनाया है। इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है।*

## Course-choice

आर्ट्स को लेकर कई बार स्टूडेंट्स समझ नहीं पाते कि इस क्षेत्र में कौनसे अवसर मौजूद हैं!

# 12वीं के बाद इन क्षेत्रों में बनाएं आर्ट्स में कॅरियर



**12वीं आर्ट्स स्ट्रीम से पढ़ाई के बाद अक्सर स्टूडेंट्स उलझन में रहते हैं कि बेहतर भविष्य के लिए वे कौनसा कोर्स करें। कई बार तो वे यह सोचकर निराश हो जाते हैं कि आर्ट्स में क्या कॅरियर है! यहां कुछ ऐसे विकल्प की जानकारी दी जा रही है, जिनसे आपको मिल सकती है सही दिशा।**

### सोशियोलॉजी में बैचलर डिग्री

आप सोशियोलॉजी में बीए कर सकते हैं। देश की कई यूनिवर्सिटीज में ये कोर्स संचालित किए जाते हैं। सोशियोलॉजी से बीए करने के बाद आप पीजी और पीएचडी कर असिस्टेंट प्रोफेसर बन सकते हैं। जहां आप सम्मान के साथ काम कर सकते हैं।

### इकोनॉमिक्स में ग्रेजुएशन

आप इकोनॉमिक्स में ग्रेजुएशन कर सकते हैं। बीए इन इकोनॉमिक्स करने के बाद आप एमबीए, पीएचडी जैसे कोर्स कर सकते हैं या फिर खुद का स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा कई कंपनियों की ओर से बीए इकोनॉमिक्स की पढ़ाई कर चुके युवाओं की हायरिंग भी की जाती है। इसमें भी टीचिंग का विकल्प चुन सकते हैं।

### अंग्रेजी के साथ बैचलर्स

12वीं आर्ट्स स्ट्रीम से पढ़ाई करने के बाद आप अंग्रेजी में बैचलर्स कर सकते हैं। इसके बाद पोस्टग्रेजुएशन और पीएचडी कर सकते हैं और असिस्टेंट प्रोफेसर बन सकते हैं। इसके अलावा स्टूडेंट्स इंग्लिश से पढ़ाई करने के बाद लिंग्विस्टिक के क्षेत्र में भी करियर बना सकते हैं। आप अनुवादक के रूप में भी काम कर सकते हैं। सेल्फ ट्यूशन्स भी शुरू कर सकते हैं।

### प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी

आर्ट्स में 12वीं के बाद आप एसएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। इससे आपको तुरंत ही सरकारी नौकरी मिलने के मौके भी मौजूद होते हैं। तैयारी भी आसानी से कर पाएंगे।

### बीए एमबीए

12वीं के बाद स्टूडेंट्स बीए एमबीए कर सकते हैं। 5 वर्षीय एमबीए का कोर्स कई कॉलेज ऑफर करते हैं। इसके लिए आप क्लैट का एग्जाम भी दे सकते हैं।

### बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए)

फाइन आर्ट्स में बैचलर डिग्री कोर्स करना आपको एक अलग पहचान दिला सकता है। इससे जुड़ी स्किल्स विकसित करने से आप मजबूती से अपने आपको तैयार भी कर पाएंगे।

### बैचलर इन फैशन डिजाइनिंग

बैचलर इन फैशन डिजाइनिंग का भी कोर्स किया जा सकता है। आप फैशन के क्षेत्र में जॉब्स से लेकर एंटरप्रेन्योरशिप तक कर सकते हैं। अच्छे डिजाइनर बनने के लिए फील्ड पर पकड़ होना जरूरी है। इसलिए खुद को अपडेट रखें।

### बैचलर ऑफ मास कम्युनिकेशन

मास कम्युनिकेशन के क्षेत्र में आप अपने कॅरियर को विस्तार दे सकते हैं। आप पत्रकारिता एवं जनसंचार में यूजी-पीजी और पीएचडी कोर्स कर सकते हैं। मीडिया इंडस्ट्री में आपके पास जॉब और स्टार्टअप के अवसर मौजूद होते हैं।

### इवेंट मैनेजमेंट

आप इवेंट मैनेजमेंट की पढ़ाई कर सकते हैं। इवेंट मैनेजर और वेडिंग प्लानर बन सकते हैं। आप इवेंट प्लानर के रूप में किसी फर्म से जुड़ सकते हैं या फिर अपनी कंपनी भी शुरू कर सकते हैं।

### बीए एलएलबी

12वीं बाद स्टूडेंट्स बीएएलएलबी की पढ़ाई कर सकते हैं और वकील बन सकते हैं। आप वकालत कर सकते हैं या फिर तैयारी कर एडीजे जैसे विकल्प भी चुन सकते हैं। आप टीचिंग भी कर सकते हैं।



*__अजय श्रीवास्तव,__ ट्रेनिंग व प्लेसमेंट अधिकारी, IIIT भोपाल*

### आर्ट्स के साथ स्किल्स सीखना भी जरूरी

**आर्ट्स** को लेकर यह न मानें कि कम अंक वाले बच्चे ही इसे चुनते हैं, बल्कि इसके साथ कम्प्यूटर जैसी स्किल्स अगर सीख ली जाएं तो बिजनेस सेक्टर में भी कदम बढ़ाए जा सकते हैं।

## KNOWLEDGE-CORNER

### आखिर कैसे बनी चुनाव आचार संहिता?

प्रमोद जोशी, वरिष्ठ पत्रकार



चुनाव आचार संहिता का मतलब है चुनाव आयोग के वे निर्देश जिनका पालन चुनाव खत्म होने तक हर पार्टी और उसके उम्मीदवार को करना होता है। चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ ही चुनाव आचार संहिता भी लागू हो जाती है। चुनाव आचार संहिता के लागू होते ही सरकार और प्रशासन पर कई अंकुश लग जाते हैं। सरकारी कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर काम करते हैं। सरकार न तो कोई नई घोषणा कर सकती है, न शिलान्यास, लोकार्पण और न ही कोई भूमिपूजन।

#### 1960 से हुई इसकी शुरुआत

देश में आदर्श आचार संहिता की शुरुआत 1960 के केरल विधानसभा चुनाव से हुई। शुरू में यह सामान्य से दिशा-निर्देश थे कि क्या करें और क्या न करें। उस समय कल्याण सुन्दरम देश के पहले विधि सचिव और दूसरे चुनाव आयुक्त थे।

#### दुनिया में कितनी भाषाएं हैं?

एथनोलॉग कैटलॉग के अनुसार, दुनिया में 7164 जीवंत भाषाएं हैं, पर केवल 23 भाषाएं ऐसी हैं, जिन्हें दुनिया की आधी से ज्यादा आबादी बोलती है। साथ ही कुल भाषाओं में तकरीबन 40 प्रतिशत भाषाएं ऐसी हैं, जिन्हें बोलने वालों की संख्या एक हजार से भी कम है। भाषाओं के अलावा क्षेत्रों के अनुसार बोलियों का चलन अलग है। इन भाषाओं का अस्तित्व संकट में है।

## ADMISSION ALERT

सर्टिफिकेट से पीजी कोर्स तक

### इग्नू में जुलाई 2024 सत्र के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू



इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2024 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस हेतु स्टूडेंट्स विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट ignouadmission.samarth.edu.in और ignouiop.samarth.edu.in पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

#### ओपन व डिस्टेंस लर्निंग मॉड्यूल

विश्वविद्यालय के अधिकतर कोर्स ओपन एवं डिस्टेंस लर्निंग मॉड्यूल के आधार पर विकसित किए गए हैं। ऐसे में घर बैठे ही विभिन्न विषयों में कोर्स किए जा सकते हैं। दरअसल इग्नू की स्थापना पढ़ाई छोड़ चुके या कॉलेज जाने में असमर्थ लोगों को योग्य बनाना है।

#### इस तिथि तक करें आवेदन

इग्नू में प्रवेश हेतु 30 जून, 2024 तक आवेदन किया जा सकता है। इसमें सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट जैसे कोर्स ऑफर किए जा रहे हैं। आवेदन से पहले वेबसाइट से सभी जानकारियां जरूर जुटा लें।

## SELF-HELP

### परीक्षा के दौरान स्ट्रेस फ्री रहें, परिजनों से बातचीत करें



**परीक्षा** के दौरान ज्यादातर स्टूडेंट लगातार पढ़ाई करते रहते हैं। इससे उन्हें तनाव होने लगता है। उनके मन के साथ ही शरीर पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ने लगता है। इससे परीक्षा परिणाम प्रभावित होता है। ये टिप्स आजमाएं और परीक्षा का डर भगाएं।

- **परीक्षा** से डरें नहीं। सामना करने के लिए खुद को तैयार करें।
- **किसी** तरह का तनाव न लें। खुद पर विश्वास रखें।
- **समस्या** होने पर छिपाएं नहीं, बल्कि परिजनों को बताएं।
- **हर** दिन कुछ समय परिजनों के साथ बिताएं। इससे मानसिक संबल मिलेगा।
- **रात** में देर तक पढ़ने के बजाय सुबह जल्दी उठकर समय निकालें।
- **हड़बड़ी** में न रहें। खुद को अवसर दें।

**शॉर्ट रीड 17.3%** *लड़कियां सैकंडरी स्तर तक आते ही पढ़ाई छोड़ देती हैं देश में, प्राथमिक स्तर तक यह आंकड़ा 4.74 फीसदी है। (महिला एवं बाल विकास विभाग, भारत सरकार की 2018-19 की रिपोर्ट)*

## EXAM CALENDAR

### SSC की एसआइ भर्ती की परीक्षाएं अब 27 से 29 जून तक



**स्टाफ** सलेक्शन कमीशन (एसएससी) की ओर से दिल्ली पुलिस और सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज (सीएपीएफ) एग्जाम 2024 की तिथियां बदली गई हैं। दरअसल, लोकसभा चुनाव के चलते इन तिथियों में बदलाव किया गया है। एसएससी की ओर से जारी की गई एक सूचना के अनुसार, 9, 10 और 13 मई, 2024 को प्रस्तावित परीक्षाओं के लिए अब 27, 28 और 29 जून, 2024 निर्धारित किए गए हैं। हालांकि इस संदर्भ में अंतिम निर्णय एसएससी का ही है। इसलिए कमीशन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर वहां से अधिकृत जानकारी प्राप्त करें।

www.ssc.nic.in/

## READERS REQUEST

### एलएलबी के बाद यह करें

**ममता बघेल, भोपाल, मध्यप्रदेश- मैंने एलएलबी किया है। मैं फिलहाल प्रैक्टिस नहीं कर रही हूं। इसमें क्या संभावनाएं हैं एवं कौनसे कोर्स किए जा सकते हैं?**

**कॅरियर काउंसलर, दीपक सक्सेना**

**एलएलबी** के बाद अवसरों की कोई कमी नहीं है। आप बार काउंसिल में रजिस्टर कर अपनी प्रैक्टिस शुरू कर सकती हैं। आप किसी सीनियर लॉयर के साथ जुड़कर अपनी स्किल्स डवलप कर सकती हैं। साथ ही आप विभिन्न कॉर्पोरेट कंपनियों के साथ जुड़कर कॉर्पोरेट लॉयर के रूप में अपने कॅरियर को विस्तार दे सकती हैं। आप सिविल, क्रिमिनल, फैमिली जैसे मामले देखकर इन क्षेत्रों में विशेषज्ञ वकील के रूप में खुद को स्थापित कर सकती हैं। आप महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों पर काम करते हुए अलग पहचान बना सकती हैं। इस क्षेत्र में सर्टिफिकेट से लेकर पीएचडी कोर्स तक कर सकती हैं। यह आपको तय करना होगा कि आप करना क्या चाहती हैं। आप अपने पेशे को टीचिंग से जोड़ सकती हैं। मीडिया संस्थानों के साथ कोर्ट रिपोर्टिंग कर सकती हैं। एक विशेषज्ञ वकील बनने के लिए अपनी नजर पारखी रखें और लगातार मेहनत करती रहें।

*__आपके सुझाव__ और जिन विषयों के बारे में पढ़ना चाहते हैं हमें बताएं। आपके सवाल हमें वाट्सऐप करें __9057531584__*

## BANK EXECUTIVE

इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एग्जीक्यूटिव के रूप में कर रहे हैं तैयारी तो यह बड़ा अवसर हाथ से न निकले।

# इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक दे रहा अवसर, बनें एग्जीक्यूटिव



**बैंक एग्जीक्यूटिव के रूप में अपने कॅरियर को विस्तार देना चाहते हैं, तो इससे जुड़ी जानकारियां जुटाएं। इसके बाद इसके लिए अप्लाई करें।**

बैंक एग्जीक्यूटिव के रूप में अच्छा कॅरियर बनाया जा सकता है। गौरतलब है कि एक बैंक एग्जीक्यूटिव के रूप में आप बैंक के अधिकतर ऑपरेशंस से जुड़े होते हैं और कहीं न कहीं बैंक को रिप्रजेंट भी करते हैं। ऐसे में आपको बैंकिंग सेक्टर को लेकर अपडेट रहना होगा। इससे आप इस सेक्टर में अच्छी पोजिशन बना सकेंगे और अपनी दावेदारी को भी मजबूत कर पाएंगे। बैंक एग्जीक्यूटिव पद आपको अच्छी स्केल की सैलरी भी ऑफर करता है। इसमें सेक्टर में अच्छी ग्रोथ करने के कई मौके आपको मिल सकते हैं।

**फिलहाल निकली है यह भर्ती**

फिलहाल इंडियन पोस्ट पेमेंट्स बैंक में एग्जीक्यूटिव (इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) के 54 पदों पर भर्ती की जा रही है। इसके लिए आप इसकी ऑफिशियल वेबसाइट ippbonline.com पर जाकर 24 मई, 2024 तक अप्लाई कर सकते हैं। आवेदन के संदर्भ में और ज्यादा जानकारी आप बैंक की वेबसाइट से जुटा सकते हैं। खास बात यह है कि इन पदों के लिए बेहतर पैकेज भी ऑफर किया गया है। ऐसे में आवेदन करने से पहले आपको इसके नियम जानने के लिए नोटिफिकेशन अच्छी तरह से पढ़ लेना चाहिए।

**नोट्स तैयार करें :** एक बैंक एग्जीक्यूटिव के रूप में कॅरियर विस्तार के लिए आपको इससे जुड़े नोट्स तैयार कर लेने की जरूरत है। बैंकिंग सेक्टर को लेकर आप कितने उत्साहित हैं, आपको खुद भी इससे पता चल पाएगा।

**अपडेट रहें :** इस सेक्टर में सामान्यत: नए अपडेट्स आना नई बात नहीं है, ऐसे में खुद को अपडेटेड रखें। नॉलेज के साथ ही गैजेट्स पर भी आपको पकड़ बनानी होगी। साथ ही अपनी कम्युनिकेशन स्किल भी डवलप करनी होगी।

### ये टिप्स होंगे सहायक

- **इंटरव्यू** की तैयारी के लिए गाइडेंस जरूरी लगे तो जरूर लें।
- **बैंकिंग** सेक्टर को अच्छी तरह समझें और पहले हुए इंटरव्यूज को ध्यान में रखें।
- **इस** क्षेत्र की जानकारी जुटाएं और अपने कार्य के बारे में अच्छी नॉलेज विकसित करें।
- **बैंकिंग** के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों से मिलें। उनसे इस कार्य का नेचर समझें और इसके बाद रुचि होने पर अप्लाई करें।
- **बैंक** एग्जीक्यूटिव के रूप में अपनी स्किल्स जरूर विकसित करें।
- **खुद** पर भरोसा रखें। आत्मविश्वास जगाएं और अपनी दावेदारी मजबूत करें।

## SCHOLARSHIP ALERT

### सैनिक स्कूल छात्रवृत्ति योजना



सैनिक स्कूल कालीबंगा की ओर से विज्ञप्ति जारी कर सीबीएसई एवं स्टेट बोर्ड की दसवीं परीक्षा (2023-24) में 80 फीसदी या इससे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स से इस योजना के तहत आवेदन मांगे गए हैं। इसमें भागीदारी के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। चयनित स्टूडेंट्स को 11वीं व 12वीं कक्षाओं के लिए हर साल 90 फीसदी या ज्यादा अंक पर दो लाख रुपए वार्षिक, 85 से 90 फीसदी अंक तक 1.20 लाख रुपए वार्षिक और 80 से 85 फीसदी अंक पर 80 हजार रुपए वार्षिक स्कॉलरशिप देय होगी।

#### यह है योग्यता

- ***दसवीं*** क्लास में 80 प्रतिशत या इससे ज्यादा अंक होने पर अप्लाई कर सकते हैं।
- ***2024-25*** में 11वीं क्लास में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले स्टूडेंट्स ही दावेदारी कर सकते हैं।
- ***इस*** योजना के तहत केवल ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।
- ***स्कॉलरशिप*** हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई, 2024 निर्धारित की गई है।
- विजिट करें - skalibangan.com

## STUDY ABROAD

दक्षिण कोरिया सरकार के साथ ही भारतीय दूतावास, कंपनियां एवं कई संगठन स्कॉलरशिप ऑफर करते हैं।

# दक्षिण कोरिया में उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति विकल्प

**दक्षिण कोरिया में उच्च शिक्षा के लिए भारतीय छात्रों को कई छात्रवृत्तियां उपलब्ध हैं। इन छात्रवृत्तियों को दक्षिण कोरिया सरकार वहां के विश्वविद्यालय और अन्य संगठन ऑफर करते हैं। यहां इससे जुड़ी जानकारी साझा की जा रही है, जो आपके विदेश में शिक्षा के सपने को साकार करने में मददगार साबित हो सकती है।**

### यूजी-पीजी स्कॉलरशिप

दक्षिण कोरिया सरकार की ओर से ऑफर की जाने वाली इन प्रतिष्ठित छात्रवृत्तियों के तहत यहां के किसी भी विश्वविद्यालय में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी स्तर पर अध्ययन करने के लिए दी जाती है। इन छात्रवृत्तियों में पूर्ण पाठ्यक्रम शुल्क, मासिक भत्ता, स्वास्थ्य बीमा और अन्य लाभ शामिल हैं।

### कंपनियां-संगठन स्तरीय छात्रवृत्तियां

दक्षिण कोरिया में कई भारतीय कंपनियां एवं कई संगठन अपने स्वयं के छात्रवृत्ति कार्यक्रम ऑफर करती हैं। इनमें पूर्ण पाठ्यक्रम शुल्क, मासिक भत्ता, स्वास्थ्य बीमा और अन्य लाभ शामिल किए जाते हैं। दक्षिण कोरिया-भारत व्यापार परिषद, दक्षिण कोरिया-भारत व्यापार संघ, दक्षिण कोरिया-भारत सांस्कृतिक संगठन आदि भी छात्रवृत्तियां ऑफर करते हैं।

### भारतीय दूतावास छात्रवृत्ति

यहां भारतीय दूतावास भारतीय छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए कई छात्रवृत्ति प्रदान करता है। इसके लिए स्टूडेंट्स को भारतीय दूतावास में जाकर पहले इसकी जानकारी जुटानी चाहिए।

### ऐसे करें आवेदन

इन छात्रवृत्तियों के लिए आवेदन करने हेतु संबंधित संगठन की वेबसाइट पर मौजूद आवेदन पत्र भरना होगा। आवेदन पत्र में छात्रों को अपने शैक्षणिक विवरण, व्यक्तिगत जानकारी और वित्तीय स्थिति के बारे में जानकारी देनी होगी। पात्रता एवं छात्रवृत्ति के बारे में जानकारी प्राप्त करें। आवेदन पत्र को ध्यान से भरें। ये स्कॉलरशिप आपको विदेश में शिक्षा प्राप्त करने के लिए सहायक साबित हो सकती हैं।



### छात्रवृत्ति : आवश्यक योग्यता

- भारतीय नागरिकता
- उच्च शैक्षणिक योग्यता
- अंग्रेजी भाषा दक्षता
- वित्तीय आवश्यकता

***जरूरी दस्तावेज :*** आवेदन पत्र, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, वित्तीय स्थिति का प्रमाण, अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रमाण-पत्र और अन्य प्रासंगिक दस्तावेज।

### रिसर्च के बाद तय करें

**दक्षिण** कोरिया या किसी भी देश में अध्ययन के लिए पहले रिसर्च करें और देखें कि वहां आपकी जरूरतें फुलफिल होंगी या नहीं। इसके बाद ही आवेदन प्रक्रिया का हिस्सा बनें।



**प्रो. अशोक कुमार,** शिक्षाविद्

## ALERT ADMISSION

**बीआईटी जयपुर**
**कोर्स:** बीसीए एवं बीबीए
**अंतिम तिथि:** 22 जून, 2024
bitmesra.ac.in/bitjaipur

**चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी चंडीगढ़**
**कोर्स:** यूजी-पीजी व लेटरल एंट्री कोर्सेज
**अंतिम तिथि:** 31 मई, 2024
https://www.cuchd.in/

**आइआइएचएमसीए हैदराबाद**
**कोर्स:** यूजी कोर्सेज इन कलिनरी आर्ट्स
**अंतिम तिथि:** 20 जुलाई, 2024
https://www.iihmca.org/

**आज का मुकाबला :** बेंगलूरु में खेला जाएगा मैच, इसके साथ आइपीएल-2024 की शीर्ष चार टीमों का फैसला हो जाएगा

## प्लेऑफ की आखिरी जंग

# चेन्नई और आरसीबी के बीच होगा निर्णायक मैच

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेंगलूरु.** आइपीएल-2024 अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। कोलकाता नाइटराइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी हैं। अब सिर्फ एक स्थान बाकी रह गया है। प्लेऑफ की चौथी टीम का फैसला शनिवार को मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु (आरसीबी) के बीच होने वाले मैच से तय होगा, जो बेंगलूरु में खेला जाएगा।



**661** रन विराट ने ठोके, ***13 मैचों में, 01 शतक***




***आरसीबी की जबरदस्त वापसी :*** कप्तान फाफ डुप्लेसिस की कप्तानी वाली आरसीबी की शुरुआत इस सीजन बेहद निराशाजनक रही थी। आरसीबी को शुरुआत के आठ मैचों में सात में हार झेलनी पड़ी। लेकिन इसके बाद टीम ने जोरदार वापसी की और लगातार पांच मैच जीतकर प्लेऑफ की होड़ में कायम हुई।

***यह होगा समीकरण*** समीकरण के हिसाब से अगर आरसीबी पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन बनाती है, तो उनको यह मुकाबला कम से कम 18 रन से जीतना होगा। यदि आरसीबी 200 रन के लक्ष्य का पीछा करती है तो उसे 18.1 ओवर में जीत हासिल करनी होगी। वहीं, चेन्नई यदि यह मैच किसी भी अंतर से जीत जाती है तो वह प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बन जाएगी।

***सीएसके के प्रदर्शन में रहा उतार-चढ़ाव :*** मौजूदा चैंपियन चेन्नई के प्रदर्शन में इस सीजन उतार-चढ़ाव रहा है। नए कप्तान रुतुराज गायकवाड की कमान में चेन्नई की टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखी है। टीम ने अब तक कुल 13 मैच खेले हैं। इसमें सात जीते, छह हारे और 14 अंकों के साथ वह चौथे स्थान पर है।



**136** रन बनाए 13 मैचों में, ***226 का स्ट्राइक रेट***

## संकट : बारिश कर सकती है मैच का मजा किरकिरा

**आरसीबी** और चेन्नई के बीच बेंगलूरु में खेले जाने वाले इस मैच पर बारिश का साया मंडरा रहा है। मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार शनिवार को बेंगलूरु में 44 फीसदी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। इस सीजन दो मैच बारिश के कारण पहले ही रद्द हो चुके हैं।

***मैच रद्द हुआ तो क्या होगा :*** यदि बारिश की वजह से मैच रद्द हुआ तो दोनों टीमों को एक-एक अंक मिलेगा। ऐसी स्थिति में चेन्नई की टीम 15 अंकों के साथ प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। वहीं, आरसीबी की टीम 13 अंकों संग अंतिम चार में जगह बनाने से चूक जाएगी।

**दावा :** बोर्ड ने किया पूर्व बल्लेबाज से संपर्क

# गौतम गंभीर बन सकते हैं टीम इंडिया के मुख्य कोच

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** 2007 टी-20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप चैंपियन टीम के सदस्य रहे पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बनाए जा सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआइ गंभीर को मुख्य कोच बनाने पर विचार कर रहा है और इसके लिए उनसे संपर्क भी किया गया है।

गंभीर अभी आइपीएल 2024 में कोलकाता नाइटराइडर्स टीम के मेंटोर हैं और उनकी टीम का इस सीजन बेहद शानदार प्रदर्शन रहा है। शुक्रवार को प्रकाशित रिपोर्ट के तहत, आइपीएल में कोलकाता का अभियान पूरा होने के बाद बीसीसीआइ आगे की चर्चा के लिए गंभीर से बातचीत करेगा। आइपीएल का फाइनल 26 मार्च को है जबकि मुख्य कोच पद के लिए उम्मीदवार 27 मई तक आवेदन कर सकते हैं।



***द्रविड़ का हटना तय :*** राहुल द्रविड़ अभी भारतीय टीम के मुख्य कोच हैं लेकिन वह आगे इस पद पर नहीं बने रहना चाहते हैं। भारतीय टीम का नया कोच एक जुलाई 2024 से 31 दिसंबर 2027 तक इस पद पर रहेगा।

***ये दिग्गज भी होड़ में कायम*** भारतीय टीम का कोच बनने की राह में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग का नाम भी चर्चा में है। रिकी पोंटिंग दिल्ली कैपिटल्स और फ्लेमिंग चेन्नई सुपरकिंग्स टीम के कोच हैं।

**आइपीएल मैच :** मुंबई के खिलाफ लखनऊ ने 18 रन से जीत हासिल की

# लखनऊ का जीत से और मुंबई का हार के साथ सफर समाप्त हुआ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** लखनऊ सुपरजायंट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को यहां खेले गए आइपीएल मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से शिकस्त दी। इस जीत से लखनऊ के 14 मैचों में 14 अंक हो गए हैं लेकिन खराब नेट रन रेट के कारण उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। वहीं, मुंबई का सफर हार के साथ खत्म हो गया। मुंबई को 14 मैचों में 10वीं हार झेलनी पड़ी।

इस मैच में मुंबई ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कप्तान लोकेश राहुल और निकोलस पूरन के अर्धशतक से लखनऊ की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 214 रन का स्कोर बनाया। जवाब में मुंबई की टीम 06 विकेट पर 196 रन ही बना सकी। लखनऊ के कप्तान लोकेश राहुल ने 41 गेंदों में तीन चौकों और तीन छक्कों के साथ 55 रन की पारी खेली। निकोलस पूरन ने इस सीजन का तीसरा अर्धशतक लगाया। उन्होंने 29 गेंदों में पांच चौकों और आठ छक्कों के साथ ताबड़तोड़ 75 रन की पारी खेली।



शुक्रवार को मुंबई इंडियंस का विकेट गिरने के बाद खुशी मनाते लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाड़ी।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जायंट्स | 20 ओवर 214/06 | | | |
|---|---|---|---|---|
| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4 | 6 |
| राहुल कॉ तुषारा बो चावला | 55 | 41 | 03 | 03 |
| पेडिकल एलबीडब्ल्यू बो तुषारा | 00 | 01 | 00 | 00 |
| स्टोइनिस एलबीडब्ल्यू बो चावला | 28 | 22 | 05 | 00 |
| दीपक कॉ वढेरा बो चावला | 11 | 09 | 01 | 00 |
| पूरन कॉ यादव बो तुषारा | 75 | 29 | 05 | 08 |
| अरशद कॉ वढेरा बो तुषारा | 00 | 01 | 00 | 00 |
| आयुष नॉट आउट | 22 | 10 | 01 | 02 |
| कुणाल पांड्या नॉट आउट | 12 | 07 | 01 | 01 |

**अतिरिक्त :** 11. **विकेट पतन :** 1-1, 2-49, 3-69, 4-178, 5-178, 6-178.

**गेंदबाजी :** तुषारा 4-0-28-3, अर्जुन 2.2-0-22-0, कंबोज 3-0-48-0, चावला 4-0-29-3, वढेरा 2-0-13-0, हार्दिक 2-0-27-0, नमन 0.4-0-17-0, शेफर्ड 2-0-30-0.

| मुंबई इंडियंस | 20 ओवर 196/06 | | | |
|---|---|---|---|---|
| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4 | 6 |
| रोहित कॉ मोहसिन बो बिश्नोई | 68 | 38 | 10 | 03 |
| ब्रेविस कॉ कुणाल बो हक | 23 | 20 | 01 | 02 |
| सूर्यकुमार कॉ बिश्नोई बो कुणाल | 00 | 03 | 00 | 00 |
| ईशान बो हक | 14 | 15 | 01 | 00 |
| हार्दिक कॉ हक बो मोहसिन | 16 | 13 | 01 | 01 |
| वढेरा कॉ कुणाल बो बिश्नोई | 01 | 03 | 00 | 00 |
| नमन नॉट आउट | 62 | 28 | 04 | 05 |
| शेफर्ड नॉट आउट | 01 | 01 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त :** 11. **विकेट पतन :** 1-88, 2-89, 3-97, 4-116, 5-120, 6-188.

**गेंदबाजी :** अरशद खान 2-0-11-0, हेनरी 2-0-24-0, कुणाल 4-0-29-1, मोहसिन खान 4-0-45-1, हक 4-0-50-2, बिश्नोई 4-0-37-2.

### अंक तालिका

| रैंक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोलकाता | 13 | 9 | 3 | 19 | +1.428 |
| 2. | राजस्थान | 13 | 8 | 5 | 16 | +0.273 |
| 3. | हैदराबाद | 13 | 7 | 5 | 15 | +0.406 |
| 4. | चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | +0.258 |
| 5. | दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | -0.377 |
| 6. | लखनऊ | 14 | 7 | 7 | 14 | -0.667 |
| 7. | बेंगलूरु | 13 | 6 | 7 | 12 | -0.387 |
| 8. | गुजरात | 14 | 5 | 7 | 12 | -1.063 |
| 9. | पंजाब | 13 | 5 | 8 | 10 | -0.347 |
| 10. | मुंबई | 14 | 4 | 10 | 8 | -0.318 |

अंकतालिका 17 मई तक की है। बारिश के कारण दो मैच रद्द हुए और टीमों को 1-1 अंक मिला।

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| विराट | बेंगलूरु | 661 |
| रुतुराज | चेन्नई | 583 |
| ट्रेविस | हैदराबाद | 533 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल | पंजाब | 22 |
| बुमराह | मुंबई | 20 |
| वरुण | केकेआर | 18 |

***सचिन के बेटे अर्जुन को मिला मौका :*** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को मुंबई इंडियंस ने अपनी अंतिम एकादश में जगह दी। वह इस सीजन अपना पहला मैच खेलने उतरे। इस मैच से मुंबई ने अंतिम एकादश में बुमराह को आराम देने का फैसला किया।

**मुक्केबाजी :** वाडा ने लिया कड़ा फैसला

# परवीन निलंबित, भारत ने गंवाया ओलंपिक कोटा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** महिला मुक्केबाज परवीन हुड्डा को विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की ओर से अस्थायी तौर पर निलंबित किए जाने के बाद भारत ने पेरिस ओलंपिक 2024 का अपना एक मुक्केबाजी कोटा खो दिया है। परवीन डोप टेस्ट के लिए अपना पता-ठिकाना नहीं बताया था। परवीन 57 किग्रा वर्ग में ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली थीं। रिपोर्ट के तहत, बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया अगले महीने क्वालीफायर में कोटा हासिल करने के लिए अब परवीन की जगह 57 किग्रा में एक और मुक्केबाज को भेजेगा।



परवीन हुड्डा, भारतीय बॉक्सर।

**तीरंदाजी :** पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 की तैयारी

# दीपिका लेंगी दक्षिण कोरिया में प्रशिक्षण, वित्तीय प्रस्ताव मंजूर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारत की अनुभवी महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी अगले महीने तुर्किए के अंताल्या में होने वाले आखिरी ओलंपिक विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट से पहले दक्षिण कोरिया में प्रशिक्षण लेंगी। खेल मंत्रालय ने यह फैसला लिया।

***खेल मंत्रालय से प्रशिक्षण से जुड़ी हर मदद मिलेगी :*** खेल मंत्रालय उनके टिकट, खाने से लेकर रहने और प्रशिक्षण से जुड़ी हर चीज की व्यवस्था करेगा। इसके अलावा महिला व पुरुष टीम के लिए फिजियोथेरेपिस्ट उपकरणों की खरीद के लिए वित्तीय सहायता की भी मंजूरी दी।

**तैयारी :** 57 साल की उम्र में बॉक्सर

# माइक टायसन रिंग में करेंगे वापसी



**टेक्सास @ पत्रिका.** अमरीका के दिग्गज मुक्केबाज माइक टायसन 57 साल की उम्र में रिंग में वापसी करने की तैयारी कर रहे हैं। टायसन 20 जुलाई को टेक्सास के एर्लिंग्टन में स्थित स्टेडियम में मशहूर यूट्यूबर जैक पॉल से भिड़ने के लिए उतरेंगे। 1980-90 के दशक में अपने खेल से आंतकित करने वाले टायसन ने कहा है कि उन्हें दो दशक बाद फिर रिंग में उतरने में कोई परेशानी नहीं है।

### आज का पोल

**क्या आरसीबी की टीम अपने घर में चेन्नई को शिकस्त दे पाएंगी?**

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

शुक्रवार का जवाब

हां **45%** नहीं **55%**

***पिछला सवाल :*** क्या लखनऊ की टीम मुंबई इंडियंस को मात देने में सफल हो पाएगी?

**मतदान से फैसला :** यह टूर्नामेंट का 10वां संस्करण

# ब्राजील पहली बार महिला विश्व कप फुटबॉल की मेजबानी करेगा

**बैंकॉक @ पत्रिका.** ब्राजील की मेजबानी में 2027 महिला विश्व कप का आयोजन किया जाएगा। फीफा कांग्रेस में शुक्रवार को मतदान के आधार पर मेजबानी को लेकर निर्णय हुआ। ब्राजील ने जहां 119 मत प्राप्त किए, वहीं बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी की संयुक्त बोली को महज 78 मत प्राप्त हुए। यह पहली बार है जब दक्षिण अमरीका में महिला विश्व कप का आयोजन किया जाएगा। ब्राजील 1950 और 2014 में पुरुष विश्व कप का आयोजन कर चुका है। यह विश्व कप का 10वां संस्करण होगा, जिसमें 32 टीमें शिरकत करेंगी।




फीफा अध्यक्ष इन्फेंटिनो।

**अनोखी रेस :** बेड को गाड़ी में तब्दील कर सड़क पर उतरे



**सरे.** ब्रिटिश कोलंबिया में हर साल होने वाली क्लोवरडेल बेड रेस का शुक्रवार को आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागी बेड को गाड़ी में तब्दील करते हैं और उसपर बिस्तर भी लगाते हैं। इसके बाद, प्रतिभागी एक टीम के तौर पर सड़क पर उतरते हैं। यह रेस 1977 से हो रही है।

**पैसों की बारिश** // पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर अपने करियर में चौथी बार इस सूची में शीर्ष पर पहुंचे

# रोनाल्डो सर्वाधिक कमाई करने वाले एथलीट, 12 महीने में कमाए ₹2167 करोड़

## फोर्ब्स ने जारी की है यह सूची

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली,** पुर्तगाल के 39 वर्षीय दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का जलवा ना सिर्फ मैदान के अंदर रहता बल्कि बाहर भी रहता है। हाल ही में फोर्ब्स ने पिछले 12 महीने में सर्वाधिक कमाई करने वाले खिलाड़ियों की सूची जारी की है, जिसमें रोनाल्डो शीर्ष पर हैं। वह करियर में चौथी बार इस सूची में शीर्ष पर पहुंचे हैं। वहीं, अर्जेंटीना टीम के कप्तान लियोनल मेसी तीसरे स्थान पर कायम है।



**50,000** ***करोड़ से ज्यादा नेट वर्थ :*** रोनाल्डो को दुनिया का सबसे अमीर एथलीट में माना जाता है। उनकी कुल नेट वर्थ 50 हजार करोड़ रुपए से भी ज्यादा है।

## सूची में शामिल चार खिलाड़ियों की किस्मत सऊदी अरब जाने से पलटी

रोनाल्डो के अलावा अन्य तीन खिलाड़ी ऐसे हैं, जो पिछले कुछ साल में सऊदी अरब से जुड़े हैं। उन्हें जमकर पैसा दिया गया है।

***स्पेनिश गोल्फर राहेम दूसरे नंबर पर :*** स्पेन के 29 वर्षीय स्टार गोल्फर जॉन राहेम इस सूची में 1817 करोड़ रुपए के साथ दूसरे पायदान पर हैं। उन्होंने फुटबॉलर लियोनल मेसी को पीछे छोड़ा। राहेम की किस्मत एलआइवी गोल्फ टूर में खेलने के बाद बदली है। इस टूर्नामेंट को सऊदी अरब से फंडिंग मिलती है।

***नेमार और बेंजेमा को भी हुआ काफी फायदा :*** ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार और फ्रांस के करीम बेंजेमा ने भी पिछले साल सऊदी प्रो लीग से जुड़ने का फैसला किया था। इससे उनपर भी काफी धनवर्षा हुई। नेमार 900 करोड़ रुपए के साथ सातवें और बेंजेमा 883 करोड़ रुपए के साथ आठवें पायदान पर है।

### ये 10 खिलाड़ी सूची में शीर्ष पर...

| खिलाड़ी | खेल | कमाई |
|---|---|---|
| रोनाल्डो | फुटबॉल | 2,167 |
| जॉन राहेम | गोल्फ | 1,873 |
| लियोनल मेसी | फुटबॉल | 1,125 |
| लिबोर्न जेम्स | बास्केटबॉल | 1,067 |
| जियानिस | बास्केटबॉल | 925 |
| किलियन एम्बाप्पे | फुटबॉल | 917 |
| नेमार | फुटबॉल | 900 |
| करीम बेंजेमा | फुटबॉल | 883 |
| स्टीफन कैरी | बास्केटबॉल | 850 |
| लेमार जैकसन | अमरीकन फुटबॉल | 837 |

आंकड़े करोड़ रुपए में

***अल नासार के साथ 2023 में जुड़े थे :*** रोनाल्डो ने पिछले 12 महीने में 2167 करोड़ रुपए की कुल कमाई की है। वह 2023 में सऊदी प्रो लीग के साथ **1834 करोड़ रुपए में जुड़े थे।**

## CROSSWORD 6987...



**बाएं से दाएं...** 1. राशियों के मान को बराबर सिद्ध करना (5), 4. मेल, मिश्रण, संगम (3), 6. स्वीकारा (2), 7. चिराग की बत्ती (3), 8. प्राचीर (5), 11. कंठ, गरदन (2), 12. आना, पदार्पण (4), 13. लड़ाई-झगड़ा (2), 14. कक्षा, समुदाय(3), 15. बकरी (2), 16. ओट, यवनिका (3), 17. पानी, जल (2), 18. परीक्षा, परीक्षण (3), 19. उत्तराधिकारी (3), 20. दिन, तारीख (2), 22. निर्धन, दीन (3), 23. दुख, शोक (2), 24. आवाज (2), 25. लक्ष्मी (3)

**ऊपर से नीचे...** 1. खबर (4), 2. लंबा ऊंचा खंभा, लाट (3), 3. रक्षक, पहरेदार (4), 4. आपस में किसी के विरुद्ध रचा पाया षड्यंत्र (5), 5. बेल, वल्लरी, (2), 9. दूसरा, अन्य (3), 10. लोगों की सोच (2-3), 12. उद्यत, तत्पर (3), 13. नृप, भूपति (2), 14. धन देकर खरीदा हुआ (2-3), 15. मुकदमा, दावा (4), 16. अनेक गांवों वाला भू-भाग (4), 17. नतीजा, फल (4), 21. मेरा (2)

**हल 6986**



## SUDOKU 6722...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 8 | 3 | |
| 1 | 7 | | | | | | | |
| | | 6 | | 4 | | | | 2 |
| | | 7 | 1 | | | | 5 | 3 |
| | | | | | | | | |
| 2 | 8 | 1 | 6 | | | 9 | | |
| | | | 7 | 6 | | | | |
| | | | | 2 | | | | 5 |
| | 4 | | | | | 1 | | |

**हल 6721**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 9 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 | 9 | 2 |
| 8 | 1 | 9 | 4 | 2 | 7 | 3 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 4 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 3 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 4 | 3 | 1 | 7 | 2 | 9 | 5 | 8 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 6 | 3 | 7 |

**कैसे खेलें :** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

## उत्तराखंड: गंगा स्नान के लिए पहुंची मां जगदीशिला की डोली



**हरिद्वार.** उत्तराखंड भ्रमण के दौरान भगवान विश्वनाथ मां जगदीशिला की डोली गंगा नदी में पवित्र स्नान के लिए हर की पौड़ी पहुंची।

## हिमाचल: 11वें पंचेन लामा के गुम होने के 29 साल पर किया प्रदर्शन




**धर्मशाला.** एक विरोध मार्च के दौरान कार पर 11वें पंचेन लामा गेधुन चोएक्यी निमा का चित्र। वे 1995 में लापता हो गए थे।

पत्रिका एक्सप्लेन

## क्यों अशांत है फ्रांस के कब्जे वाला न्यू कैलिडोनिया

फ्रांसीसी सरकार ने अपने अर्ध-स्वायत्त प्रशांत क्षेत्र न्यू कैलेडोनिया में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है, चार रातों की घातक झड़पों में पांच लोगों की मौत और सैकड़ों के घायल होने के बाद सरकार ने इलाके में सेना तैनात करने के अलावा टिकटॉक पर भी प्रतिबंध लगाने का नाटकीय कदम उठाया है ताकि 'दंगाई' इसका इस्तेमाल नहीं कर पाए।

### हजारों सालों से आबाद हैं द्वीप समूह

ऑस्ट्रेलिया और फिजी के बीच स्थित न्यू कैलेडोनिया औपनिवेशक युग के बाद लंबे समय से फ्रांस के नियंत्रण में है, हालांकि देश के अन्य विदेशी क्षेत्रों के विपरीत इसे 'विशेष दर्जा' प्राप्त है। पिछले तीन जनमत संग्रहों में इस प्रशांत द्वीप समूह ने 'स्वतंत्रता' के विचार को अस्वीकार कर दिया है। वहीं स्वेदशी कनक समुदाय के लोग आजादी के पुरजोर समर्थक है। इनके पूर्वज हजारों वर्षों से इन द्वीपों पर रहते आए हैं।

### कैसे हुई अशांति की शुरुआत

अशांति यहां से 17,000 किमी दूर फ्रांसीसी संसद में संविधान संशोधन के लिए एक मतदान से शुरू हुई थी, जिसके अनुसार 10 साल पहले न्यू कैलेडोनिया आए बाहरी लोगों को चुनावों में मतदान की अनुमति दी जानी चाहिए। सुधार अभी दोनों सदनों से अनुमोदित होना बाकी है, लेकिन स्वतंत्रता-समर्थक लोगों का कहना है कि इससे कनक लोगों के वोट कमजोर हो जाएंगे, जो आबादी का लगभग 41 प्रतिशत हिस्सा हैं। दूसरी ओर, मतदान के तरीके में सुधार के समर्थकों का कहना है कि 1998 के बाद से मतदाता सूचियों को अद्यतन नहीं किया गया है, जिससे नए निवासी प्रांतीय चुनावों में मतदान करने से वंचित रह जाते हैं।

### कौन कर रहा विद्रोह का नेतृत्व

प्रशांत द्वीपसमूह में नए स्थानीय मतदान नियम लागू करने की बात उठते ही यहां हिंसा का दौर देखने को मिला है। हिंसक झड़पों में 64 पुलिस अधिकारियों सहित सैकड़ों के घायल होने की रिपोर्ट है। गोलीबारी में एक पुलिस अधिकारी की भी जान गई है, 1980 के दशक के बाद से यह इस क्षेत्र में देखी गई सबसे घातक हिंसा है। स्वतंत्रता-समर्थक विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व बड़े पैमाने पर कनक स्वदेशी समूह कर रहा है। उधर, फ्रांस न्यू कैलेडोनिया में सेना, पुलिस बल व आवश्यक आपूर्ति शीघ्रता से भेजने के लिए एक हवाई पुल बना चुका है। सेना सहित लगभग 1,800 पुलिस अधिकारी क्षेत्र में तैनात कर दिए गए हैं।

**देसी डिसाइड्स सम्मेलन:** भारतीय-अमरीकी सांसदों ने दी अपने ही देश को नसीहत

# मानवाधिकारों पर भारत को कोसना ठीक नहीं, अमरीका खुद को बदले

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाशिंगटन.** भारत को 'मानवाधिकार', 'सांप्रदायिकता' से लेकर 'लोकतंत्र के खतरों' के बारे में नसीहत भरे लैक्चर देना अमरीका जैसे पश्चिमी देशों का पसंदीदा राजनीतिक शगल रहा है। अब अमरीका को आईना दिखाते हुए भारतीय-अमरीकी सांसदों ने कहा है कि इस तरह की नसीहतों से कोई फायदा नहीं होगा और भारत कभी भी उसे स्वीकार नहीं करेगा। अमरीका को अगर भारत को उसके लोकतंत्र की खामियां बतानी हैं, तो पहले अपने लोकतंत्र की खामियों को स्वीकार करना होगा।

डेमोक्रेटिक थिंक-टैंक 'इंडियन अमरीकन इम्पैक्ट' के 'देसी डिसाइड्स' सम्मेलन में इन सांसदों ने कहा है कि मानवाधिकारों पर भारत को व्याख्यान देने से काम चलने की संभावना नहीं है, साझा स्तर पर वार्ता करनी होगी। कांग्रेसनल इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष रो खन्ना ने तीन अन्य भारतीय अमरीकी सांसदों श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और डॉ. अमी बेरा के साथ पैनल चर्चा में हिस्सा लेते हुए सहमति जताई कि अमरीका को रंग-ढंग बदलने होंगे।



**श्री थानेदार**

### चीन के खिलाफ भारत ही समाधान

अमरीका को भारत की आर्थिक शक्ति को पहचानना होगा और चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए भारत ही सबसे अच्छा समाधान है। मैं एक मजबूत भारतीय-अमरीकी रिश्ते का पक्षधर हूं। अब समय आ गया है कि अमरीका के साथ भारत मजबूत दोस्ती के लिए प्रतिबद्ध हो और यह ऐसी चीज है जिस पर मैं काम करना चाहता हूं।

**रो खन्ना**

### साझा तरीके से आगे बढ़ें

जब हम मानवाधिकारों के बारे में आप (विदेश मंत्री एस जयशंकर) या किसी अन्य के साथ बातचीत कर रहे हैं, तो आपको यह समझना होगा कि भारत को लैक्चर देने के नजरिए से कोई बात नहीं कहें। बातचीत ऐसी होनी चाहिए कि यहां हमारे लोकतंत्र में यह खामियां हैं, आपके लोकतंत्र में क्या खामियां हैं और हम कैसे खामियों को दूर कर सकते हैं।

**प्रमिला जयपाल**

### अमरीका के लिए भारत महत्त्वपूर्ण

भारत अमरीका के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार है। मुझे लगता है कि हमें किसी अन्य देश की खामियों की आलोचना करने से पहले अपने देश की खामियों पर बात करनी चाहिए। वास्तव में संसद में यही हमारा काम है। हमारे लिए अपने मूल्यों के बारे में सोचना भी महत्त्वपूर्ण है। ऐसा करने से हम 'बुरे भारतीय' या देश में 'बुरे अमरीकी' नहीं हो जाएंगे।

**अमी बेरा**

### भारत का लोकतंत्र जीवित रहेगा

मैं निश्चित रूप से उम्मीद करता हूं कि भारत का लोकतंत्र जीवित रहेगा। भारत कहता रहा है कि वह एक लोकतांत्रिक देश है, जिसमें कानून के शासन और अपने लोगों के मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने की स्थायी प्रतिबद्धता है। एक जीवंत लोकतंत्र में सभी तरह की आजादी और निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए।

**रिपोर्ट:** अभी भारत की नहीं मिली प्रतिक्रिया

## भारत से विस्फोटक लेकर इजरायल जा रहे जहाज को स्पेन में नहीं मिली इजाजत

**मैड्रिड @ पत्रिका.** स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने गुरुवार को कहा कि उनके देश ने कार्टाजेना के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह पर विस्फोटक लेकर इजरायल जाने वाले जहाज को अनुमति देने से इनकार कर दिया है।

यह जहाज भारत के चेन्नई से लगभग 27 टन विस्फोटक सामग्री लेकर जा रहा था। इस मामले को लेकर भारत की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। डेनमार्क के झंडे वाले जहाज ने 21 मई को स्पेन के बंदरगाह पर ठहरने की इजाजत मांगी थी। मेरिएन डेनिका जहाज का संचालन करने वाली कंपनी एच. फोल्मर एंड कंपनी ने भी इस मामले में अभी कोई टिप्पणी नहीं की है।

### मध्य पूर्व को हथियार नहीं, शांति चाहिए: स्पेन

**विदेशी** मीडिया की रिपोर्ट में बताया गया कि स्पेन के विदेश मंत्री जोसे मैनएल अल्बरेस ने कहा कि ऐसा पहली बार है, जब हमने यह किया है, क्योंकि ऐसा पहली बार हुआ है कि जब हमने पाया है कि एक जहाज हथियारों की खेप लेकर इजरायल जा रहा है। मध्यपूर्व को शांति की जरूरत है, न कि ज्यादा हथियारों की।

**दिलचस्प:** साझा किया दिलचस्प वाकया

## फैसले के लिए सीजेआइ ने जब विमान की इंटरनेट सेवा का लिया सहारा

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** नवोन्मेषी दृष्टिकोण के लिए जाने जाने वाले सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ ने ब्राजील में जे-20 शिखर सम्मेलन से लौटते समय विमान में इंटरनेट का उपयोग करने का एक दिलचस्प वाकया साझा किया। सीजेआइ ने कहा कि ब्राजील से भारत आते समय उन्हें एक फैसले का मसौदा तैयार करने व जस्टिस जेबी पारदीवाला व मनोज मिश्रा के साथ सहयोग की जरूरत थी। मैंने काम करने के लिए विमान की इंटरनेट सेवा का उपयोग किया। हमें फैसला सुनाना था। जस्टिस पारदीवाला ने मेरे साथ दस्तावेज ड्राफ्ट साझा किए, जबकि जस्टिस मिश्रा ने भी उन्हीं दस्तावेज़ों पर काम किया।

### हमेशा दिल के करीब रहेगा

**जस्टिस** पारदीवाला ने कहा कि यह वाकया हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा, क्योंकि यह ब्राजील से भारत तक फैली थी। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने मजाकिया अंदाज में कहा कि एयरलाइंस अपनी इंटरनेट सेवा की प्रभावशीलता को बढ़ावा देने के लिए इस फैसले का हवाला देगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने जिला न्यायाधीशों की पदोन्नति पर गुजरात हाईकोर्ट की नीति को बरकरार रखा।

**संबोधन**

### समझौतों के अनादर व शासन की अवहेलना से नए तनाव: जयशंकर

**नई दिल्ली@पत्रिका.** पूर्वी लद्दाख में एलएसी के पास चीन की सैन्य मौजूदगी और दक्षिण चीन सागर में उसकी धौंस जमाने की रणनीति के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं। जयशंकर ने सीआइआइ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान का जिक्र किए बिना कहा कि आतंकवाद और अतिवाद ने उन्हें निगलना शुरू कर दिया है जो लंबे समय से इसका सहारा लेते आए हैं।

## आस्था: 3 क्विंटल आम से सजा माता जानकी का बंगला



**सागर (मध्यप्रदेश).** बड़ा बाजार स्थित रामबाग मंदिर में शुक्रवार को जानकी नवमीं महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर 2 क्विंटल बादाम आम से माता जानकी का बंगला सजाया गया। वैशाख माह में भगवान को आम का भोग लगाया जाता है। ये हर साल की परंपरा रही है। इस बार भी मौसमी फल से बंगला सजाया गया है।

**पत्रिका पोल**

Q क्या मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों में अमरीका का रिकॉर्ड भारत से ज्यादा कमजोर है?

कल का सवाल था

क्या सोशल मीडिया देश के सामाजिक ताने-बाने को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है?

जवाब

85% हां 15% नहीं

स्कैन करें...

## इंडिया @ शॉर्ट रीड

### बंगाल शाहजहां की 14 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** ईडी ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के उत्पीड़न व जमीन कब्जाने के आरोपी एवं तृणमूल कांग्रेस से निलंबित शाहजहां शेख और उससे जुड़े लोगों की 14 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी किया है। शाहजहां शेख, उसके भाई एस.के. आलमगीर,सहित अन्य की कुल 17 बैंक खातों में जमा 3.78 करोड़ रुपए व 10.50 करोड़ की 55 अचल संपत्तियां कुर्क की गई हैं।

### छग 13 मजदूरों को कलेक्टर ने कराया रिहा

**जगदलपुर @ पत्रिका.** कर्नाटक में बंधक बनाए गए कोलेंग के 13 मजदूरों को कलेक्टर ने सुरक्षित रिहा कराया। अधिक मजदूरी के झांसे में आकर यह मजदूर सुकमा होते कर्नाटक के चित्रदुर्गा पहुंचे थे। पांच लोग टेंट के कार्य करते थे और आठ लोग सुपारी के बगीचे में काम किया करते थे, लेकिन उन्हें तीन-चार महीने से मेहनताना नहीं देकर बंधक बना लिया गया।

### दिल्ली भारत-मंगोलिया रक्षा क्षेत्र में सहयोग

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** भारत और मंगोलिया ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग को महत्त्वपूर्ण बताते हुए इसका दायरा बढाने पर सहमति व्यक्त की है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि दोनों देशों के संयुक्त कार्य समूह की 12वीं बैठक मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में हुई। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने भारत और मंगोलिया के बीच रक्षा सहयोग पर संतोष व्यक्त किया।

### दिल्ली 34 उग्रवादियों ने किया आत्म-समर्पण

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** म्यांमार से मणिपुर में दाखिल होने की कोशिश कर रहे यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट- पी (यूएनएलएफ-पी) के 34 सशस्त्र उग्रवादियों ने हथियारों के साथ असम राइफल्स के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि वे म्यांमार में प्रतिद्वंद्वी पीडीएफ की भीषण गोलीबारी के बाद मणिपुर में दाखिल होने की कोशिश कर रहे थे। इलाके में सतर्क असम राइफल्स के जवानों ने उन्हें देखा और चुनौती दी। जिसके बाद उन्होंने हथियार डालते हुए आत्म-समर्पण कर दिया।

## हादसा: बस में आग, यात्री सुरक्षित



शिवपुरी (मप्र). चार धाम यात्रा के लिए महाराष्ट्र से चली बस में कोलारस कस्बे के पास शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। सभी यात्री सुरक्षित हैं।

### दिल्ली हनी ट्रेप के आरोपी के खिलाफ चार्ज शीट

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआइए) ने रक्षा प्रतिष्ठानों से जुड़ी गोपनीय जानकारी जुटाने के लिए नौसैन्यकर्मियों को मोह पाश में फांसने की पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की साजिश के मामले में मुख्य आरोपी मुंबई के अमान सलीम शेख के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। उसे 20 नवंबर को मुंबई से गिरफ्तार किया था।

### झारखंड राहुल गांधी पर एक हजार का जुर्माना

**रांची @ पत्रिका.** गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अपमानकारी टिप्पणी के मामले में समय पर जवाब पेश नहीं करने पर झारखंड हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई और उन पर 1000 रुपए का जुर्माना लगाया है। मामले में चाईबासा की एमपी एमएलए कोर्ट में उनके बयान को लेकर केस दर्ज हुआ था। चाईबासा कोर्ट में मामले की सुनवाई पर रोक लगाते हुए हाईकोर्ट ने राहुल से जवाब मांगा था।

### दिल्ली नीट रिजल्ट पर रोक की याचिका खारिज

**दिल्ली@पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के परिणाम पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि, कोर्ट नीट के पेपर लीक एवं आयोजन में गड़बड़ियों के आरोप के साथ दायर जनहित याचिका पर नोटिस जारी करने राजी हो गया। सीजेआइ डीवाइ चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने इस मामले में ग्रीष्मावकाश के बाद सुनवाई करने को कहा। सीजेआइ ने कहा कि अखिल भारतीय परीक्षा के नतीजों पर फिलहाल रोक नहीं लगाई जा सकती।

### दिल्ली द्विविवाह में मौजूदगी होने से दोषी नहीं

**दिल्ली @पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है भारतीय दंड संहिता की धारा 494 के तहत दंडनीय द्विविवाह के अपराध के तहत आरोप केवल दूसरी शादी करने वाले पति या पत्नी के खिलाफ ही लगाया जा सकता है। द्विविवाह में दोस्तों और रिश्तेदारों को उनकी उपस्थिति मात्र के लिए अपराध का दोषी नहीं ठहराया जा सकता जब तक कि उन्हें दूसरे विवाह के बारे में पूरी जानकारी नहीं हो।

## ट्रेंडिंग न्यूज



### रूस को हथियार देने की बात बेतुकी: जोंग

उत्तर कोरिया के सर्वेसर्वा नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने रूस को हथियार देने के अमरीका और दक्षिण कोरिया के दावों को सिरे से गलत बताया है। जोंग ने कहा, यह मनगढ़ंत और बेतुकी बात हैं।

### 'स्पाइसी चिप चैलेंज' में किशोर की मौत



एक 14 वर्षीय अश्वेत अमरीकी किशोर हैरिस वोलोबा की सोशल मीडिया के 'वन स्पाइसी चिप चैलेंज' में हिस्सा लेने के बाद कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। चैलेंज में एक अत्याधिक तीखी टॉर्टिला चिप्स खाने के लिए उकसाया जाता है।

### पेलोसी के पति पर हमले में दोष साबित



अमरीका की पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी के अपहरण की कोशिश और उनके पति पर अक्टूबर 2022 में हथौड़े से हमले के मामले में 44 वर्षीय डेविड डीपेप को दोषी करार दिया गया है। हमले में नैंसी के 82 वर्षीय पति पॉल पेलोसी को गंभीर चोट आई थी।

# 2050 तक पुरुष जीवन प्रत्याशा 5 साल, महिला की 4 साल बढ़ेगी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** एक नए अध्ययन में अनुमान दिया गया है कि वर्ष 2022 से 2050 के बीच दुनियाभर में पुरुषों की जीवन प्रत्याशा में लगभग पांच वर्ष और महिलाओं की जीवन प्रत्याशा में चार वर्ष से अधिक सुधार होने का अनुमान हैं।

अध्ययन के अनुसार भारत में 2050 तक पुरुषों की जीवन प्रत्याशा औसतन 75 वर्ष से अधिक तथा महिलाओं के लिए यह लगभग 80 वर्ष हो सकती है। जीवन प्रत्याशा का अर्थ किसी व्यक्ति का औसत जीवनकाल होता है।

### 2050 में औसत जीवन काल होगा 67.4 वर्ष

**शोधकर्ताओं** ने कहा कि 2022 में जीवन प्रत्याशा का आंकड़ा जहां 64.8 वर्ष था, वहीं 2050 में बढ़कर यह 67.4 वर्ष का हो जाएगा। अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि भारत में 2050 तक पुरुषों की जीवन प्रत्याशा औसतन 75 वर्ष से अधिक तथा महिलाओं के लिए यह लगभग 80 वर्ष हो सकती है। हालांकि, भारत में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए 'स्वस्थ जीवन प्रत्याशा' के 65 वर्ष से अधिक होने का अनुमान है।



चिकित्सा व अन्य तकनीक की प्रगति के साथ वैश्विक रूप से हम पहले से कहीं अधिक जीवन जीने में हो रहे सक्षम।

### जीवन प्रत्याशा में कम हो जाएगी असमानता

**अमरीका** के वाशिंगटन विश्वविद्यालय के 'इंस्टिट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवेल्यूएशन' (आइएचएमइ) के निदेशक क्रिस मुरे ने कहा कि हमने पाया है कि समग्र रूप से जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के साथ ही विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में जीवन प्रत्याशा में असमानता कम हो जाएगी। यह एक संकेतक है कि उच्चतम और निम्नतम आय वाले क्षेत्रों के बीच स्वास्थ्य असमानताएं बनी रहेंगी, लेकिन अंतर कम हो रहा है। उप-सहारा अफ्रीका क्षेत्र में अधिक सुधार की उम्मीद है। शोधकर्ताओं ने कहा कि दुनिया भर में स्वस्थ जीवन प्रत्याशा आने वाले साल में 2.6 वर्ष बढ़ जाएगी।

### उन देशों में अधिक सुधार, जहां जीवन काल कम

**'द लैंसेट'** पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने कहा है कि उन देशों में सुधार सबसे अधिक होने की उम्मीद है, जहां जीवन प्रत्याशा कम है। इससे सभी भौगोलिक क्षेत्रों में जीवन प्रत्याशा में समग्र वृद्धि देखने को मिलेगी। अध्ययन में कहा गया है कि हृदय रोगों, कोविड -19 और अन्य संक्रामक रोगों, जच्चा-बच्चा तथा पोषण संबंधी बीमारियों से बचाव संबंधी सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय जीवित रहने की दर में सुधार करने वाले कारक हैं। इन कारकों के चलते बड़े पैमाने पर वैश्विक स्तर पर जीवन प्रत्याशा में वृद्धि दिखेगी।

## वर्ल्ड @ शॉर्ट रीड

### इजरायल काले को अंतिम सम्मान, शव भेजा

**तेल अवीव @ पत्रिका.** इजरायल में भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने गाजा में मारे गए कर्नल वैभव अनिल काले (सेवानिवृत्त) का शव भारत भेजने से पहले उन्हें अंतिम सम्मान दिया। काले यूएन की एजेंसी में काम कर रहे थे। इजरायली विदेश मंत्रालय, इजरायली सुरक्षाबल और संयुक्त राष्ट्र विभाग के बचाव और सुरक्षा (यूएनडीएसएस) अधिकारियों ने भी काले को श्रद्धांजलि दी।

### ताइवान संसद में भिड़े सांसद, चले लात-घूंसे

**ताइपे@ पत्रिका.** ताइवान की संसद में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के पदभार ग्रहण करने से कुछ ही दिन पहले सांसदों ने चैंबर में प्रस्तावित सुधारों को लेकर वोटिंग के दौरान आपस में हाथापाई की। सांसदों को विधायी कक्ष के बाहर व भीतर मारपीट करते देखा गया।

### रूस भारत से वीजा फ्री आवाजाही इस साल संभव

**मॉस्को @ पत्रिका.** रूस और भारत के नागरिकों की एक दूसरे के देशों में आवाजाही को सुगम बनाने के लिए जून में द्विपक्षीय समझौते पर मंथन करेंगे। रूस की एक मंत्री ने कहा कि दोनों देश पर्यटन को मजबूत करने के लिए बिना वीजा समूह में पर्यटकों के एक दूसरे के देश में जाने के लिए समझौता करने के करीब हैं।

"स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।
सम्पादकीय प्रभारी: सुरेश व्यास-पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी"